आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 4 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 314, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जीत के बावजूद बाहर हुआ कोस्टा रिका 2

कुबेर में रश्मिका का ऑफिशियल लुक आया सामने 14

# हाथरस भगदड़ की होगी न्यायिक जांच

- उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे जांच कमेटी की अगुवाई
- मौतों की संख्या 121 हुई, एसआईटी ने प्रारंभिक रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी
- न्यायिक जांच के साथ ही ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बनेगी एसओपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हाथरस

**अमृत विचार** : राज्य सरकार ने हाथरस में भगदड़ हादसे की हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच कराने के आदेश दिए हैं। जांच कमेटी में प्रशासन और पुलिस के भी सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों को रखा जाएगा। एक एसओपी भी तैयार की जाएगी, जिसे आगे इस प्रकार के आयोजनों में लागू किया जाएगा।

इस बीच पूरे घटनाक्रम के लिए एडीजी आगरा की अध्यक्षता में गठित एसआईटी ने प्रारंभिक रिपोर्ट बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। हालांकि मुख्यमंत्री ने एसआईटी को इस घटना के तह में जाने के लिए कहा है। भोले बाबा के खिलाफ एफआईआर नहीं होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रथम दृष्टया एफआईआर उन पर होती है जिन्होंने कार्यक्रम की अनुमति मांगी थी। इसके बाद इसका दायरा बढ़ता है। निश्चित रूप से जो लोग भी इस घटना के जिम्मेदार होंगे वो सभी इसके दायरे में आएंगे। मंगलवार को हाथरस जिले के सिकंदराराऊ तहसील के एक गांव में भोले बाबा नामक एक प्रवचनकर्ता के सत्संग कार्यक्रम में डेढ़ लाख से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी जहां भगदड़ में 121 लोंगों की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आयोजकों से पूछताछ होगी। घटना में जवाबदेही तय की जाएगी। घटना की तह तक पहुंचने को अलग-अलग जिलों में विशेष टीमें जाएंगी।



हाथरस के जिला अस्पताल में भगदड़ की घटना में घायल महिला का हाल जानते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### कोई दोषी बचेगा नहीं, जिम्मेदारों को दिलाएंगे सजा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया कि हाथरस हादसे में जो भी लोग जिम्मेदार हैं उन्हें उनकी सजा दिलाई जाएगी। कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा। हाथरस में घटनास्थल का मुआयना और समीक्षा करने के साथ-साथ अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद योगी ने प्रेस वार्ता की जिसमें उन्होंने कहा कि बहुत सारे ऐसे पहलू हैं, जिन पर जांच होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पूरे आयोजन में अंदर की व्यवस्था आयोजन से जुड़े सेवादारों की थी, जबकि प्रशासन द्वारा बाहर पुलिस की व्यवस्था की गई थी, लेकिन हादसा होने के तुरंत बाद सेवादार वहां से भाग निकले। यहां तक कि उन्होंने हादसे के बाद लोगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की। योगी ने कहा कि गंभीर रूप से घायल लोगों ने बातचीत में बताया कि हादसा उस समय हुआ जब कार्यक्रम के बाद कथावाचक का काफिला जीटी रोड पर आया तो उन्हें छूने के लिए महिलाओं का एक दल उधर बढ़ गया। उनके पीछे-पीछे भीड़ गई और इसी के बाद वो एक-दूसरे के ऊपर चढ़ते गए। सेवादार भी लोगों को धक्का देते गए, जिसके चलते जीटी रोड के दोनों ओर ये हादसा घटित हुआ। इसका सबसे दुखद पहलू ये था कि इस तरह के कार्यक्रम के दौरान जो सेवादार प्रशासन को अंदर घुसने नहीं देते, दुर्घटना होने के तत्काल बाद उन्होंने मामले को दबाने का प्रयास किया। लेकिन जब प्रशासन घायलों को अस्पताल ले जाने में जुटा तो उनमें से ज्यादातर सेवादार वहां से भाग गए।

### मुख्य सेवादार व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हाथरस।** हाथरस जिले के सिकंदराराऊ इलाके में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ के मामले में पुलिस ने 'मुख्य सेवादार' और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पोरा पुलिस चौकी के प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश पांडे की तहरीर पर मंगलवार देर रात सिकंदराराऊ थाने में मुख्य सेवादार देवप्रकाश मधुकर और अन्य सेवादारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा), 238 (साक्ष्यों को मिटाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### उप्र. के 17 जिलों समेत 3 राज्यों के लोगों की गई जान

**लखनऊ।** हाथरस हादसे में मारे गए लोगों में उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के श्रद्धालु भी शामिल हैं। प्रदेश के 17 जिलों के श्रद्धालुओं की भी मृत्यु हुई है। इन सभी मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार सहायता राशि प्रदान करेगी। वहीं, स्थानीय प्रशासन से जारी मृतकों की सूची में 6 अन्य राज्यों से हैं। इनमें मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक, हरियाणा के पलवल से एक और फरीदाबाद से 3, जबकि राजस्थान के डीग से 1 श्रद्धालु है। उत्तर प्रदेश के मृतकों में सर्वाधिक 22 हाथरस से हैं, जबकि आगरा से 17, अलीगढ़ से 15,एटा से 10, कासगंज और मथुरा से 8-8,बदायूं से 6, शाहजहांपुर और बुलंदशहर से 5-5, औरैया और संभल से 2-2, जबकि ललितपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और उन्नाव से एक-एक श्रद्धालु की मृत्यु हुई है। उत्तर प्रदेश से बाहर के 6 और अन्य राज्य के 106 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। कुल 121 में से अब तक 112 की शिनाख्त हुई है। इनमें से 113 महिलाएं, 6 बच्चे व 2 पुरुष शामिल हैं। घायलों में 31 का इलाज हाथरस, अलीगढ़, एटा और आगरा में चल रहा है।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में मारे गए पांच नक्सली, हथियार बरामद

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को मार गिराया। साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 30 जून को नारायणपुर के कोहकामेटा और सोनपुर थाना तथा ईरकभट्टी, मोहंदी और ढोढरीबेड़ा शिविर से डीआरजी, सीमा सुरक्षा बल, एसटीएफ और भारत तिब्बत सीमा पुलिस के संयुक्त दल को हिकुलनार और घमंडी गांव की ओर रवाना किया गया था। अभियान के दौरान मंगलवार सुबह 10 .30 बजे हिकुलनार और घमंडी गांव के मध्य नक्सलियों-सुरक्षाबलों में गोलीबारी हुई।

### रेलवे स्टेशन पर वाई-फाई सुविधाएं बहाल करें

**नई दिल्ली।** कई रेलवे स्टेशन पर वाई-फाई सुविधाओं के काम न करने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए रेलवे बोर्ड ने अपने सभी 17 मंडलों के महाप्रबंधकों (सिग्नल और दूरसंचार) को पत्र लिखकर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहा है। बोर्ड के अनुसार देश के 7,000 से अधिक रेलवे स्टेशन में से 6,108 पर वाई-फाई की सुविधा है, जिसका यात्री मुफ्त में उपयोग कर सकते हैं। बोर्ड ने रेलवे मंडलों को बताया है कि विभिन्न कारणों से कई स्टेशन पर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। रेलवे बोर्ड ने सभी मंडलों के महाप्रबंधकों को लिखे पत्र में कहा कि 6,108 स्टेशन पर वाई-फाई सुविधा दी गई है। हालांकि, यह संज्ञान में आया है कि कई स्टेशन पर वाई-फाई काम नहीं कर रहा है। इससे यात्रियों को असुविधा होती है।

### मोदी को लोस से बर्खास्त करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा से बर्खास्त करने संबंधी याचिका बुधवार को खारिज करते हुए कहा कि इसमें लगाए गए आरोप मनगढ़ंत कल्पना पर आधारित हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने कहा कि वह इस मामले में एकल न्यायाधीश के फैसले से सहमत है। एकल न्यायाधीश ने पहले ही याचिका खारिज कर दी थी। पीठ ने अपीलकर्ता से कहा कि आप ठीक तो हैं? कहा कि अपीलकर्ता को चिकित्सा सहायता की जरूरत है।

## बिहार में एक और पुल ढहा 15 दिनों में सातवीं घटना

सिवान (बिहार), एजेंसी

- सिवान जिले में गंडकी नदी पर बना है यह पुल

बिहार के सिवान जिले में गंडकी नदी पर बने पुल का एक हिस्सा बुधवार सुबह ढह गया। यह पिछले 15 दिन में राज्य में ऐसी सातवीं घटना है। जिले के देवरिया ब्लॉक में स्थित यह छोटा पुल कई गांवों को महाराजगंज से जोड़ता है। इस घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। पिछले 11 दिन में सिवान में पुल ढहने की यह दूसरी घटना है। उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार ने बताया कि पुल गिरने के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि देवरिया ब्लॉक में बुधवार सुबह पुल का एक हिस्सा गिर गया। यह घटना तड़के करीब पांच बजे हुई। पुल का निर्माण 1982-83 में हुआ था। कुछ दिनों से पुल की मरम्मत का काम चल रहा था। 11 दिन पहले ही सिवान में एक पुल ढहा था। इन घटनाओं ने बिहार में बुनियादी ढांचे की स्थिति को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। दरौंदा इलाके में 22 जून को पुल का एक हिस्सा ढह गया था। हाल में मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में भी ऐसी ही घटनाएं हुई हैं।

## जल्द घोषित होंगे सीयूईटी-यूजी परीक्षा के परिणाम

- यूजीसी प्रमुख ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने बुधवार को कहा कि संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के परिणाम घोषित करने की तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा। स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा सीयूईटी-यूजी के परिणाम 30 जून तक घोषित किए जाने थे। हालांकि, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से अब तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जांच एजेंसियों को ईमानदार कार्रवाई की खुली छूट : मोदी

### राज्यसभा में बोले प्रधानमंत्री, मणिपुर को भड़काने वाले हरकतें छोड़ें

नई दिल्ली, एजेंसी

- पेपर लीक को लेकर भी विपक्ष को घेरा, युवाओं को किया आश्वस्त
- प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान विपक्ष का राज्यसभा से वॉकआउट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और आर्थिक-सामाजिक विकास को सरकार का मिशन बताते हुए बुधवार को राज्यसभा में कहा कि देश के मतदाता कांग्रेस की भ्रमित करने और झूठी कहानी गढ़ने वाली नकारात्मक राजनीति को पहचान चुके हैं। मतदाताओं ने भारत को विकास की राह पर आगे ले जाने के लिए राजग को तीसरी बार जनादेश दिया है। मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आए धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में 21 घंटे से भी अधिक समय तक चली चर्चा का जवाब देते हुए संविधान पर संकट, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग, पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर विपक्ष की अवसरवादी चुप्पी, मणिपुर हिंसा और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर सरकार का खुलकर पक्ष रखा।

भ्रष्टाचार से मुक्ति को सरकार का मिशन बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने जांच एजेंसियों को खुली छूट दे रखी है। सरकार कहीं टांग नहीं अड़ाएगी। एजेंसियां ईमानदारी से काम करें और यह मेरी गारंटी है कि कोई भी भ्रष्टाचारी कानून से बचकर नहीं निकल पाएगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस इस मामले में दोहरा मापदंड अपनाती है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों पर उन्होंने कहा कि शराब घोटाला करे आप, पानी घोटाला करे आप, शिकायत करे कांग्रेस और कार्रवाई हो तो गाली खाए मोदी।

प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रधानमंत्री के जवाब के बाद विपक्षी सदस्यों की गैर मौजूदगी में ही सदन ने धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा चुनाव में संविधान की रक्षा को कांग्रेस द्वारा बड़ा मुद्दा बनाए जाने का जवाब देते हुए मोदी ने कांग्रेस को संविधान का सबसे बड़ा विरोधी बताते हुए कहा कि यदि यह वास्तव में चुनाव का मुद्दा था तो जनता ने संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी हमें दी है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा उसके आधार पर आचरण करने से होती है, न कि संविधान की पुस्तक लहराने से।



### मणिपुर की आग में घी डालने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मणिपुर में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है, लेकिन वहां आग में घी डालने का काम करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि मणिपुर के संबंध में पिछले सत्र में विस्तार से बात की गई थी और वहां स्थिति को सामान्य बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। 11 हजार से अधिक प्राथमिकी दर्ज की गई है और पांच सौ से ज्यादा लोग गिरफ्तार हुए हैं। वहां हिंसा की घटनाएं कम हो रही हैं।

### छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक को एक बड़ी समस्या बताते हुए राज्यसभा में कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। मोदी ने कहा कि पेपर लीक एक बड़ी समस्या है और सभी दलों को दलीय राजनीति से ऊपर उठकर इस मुद्दे पर एक साथ आकर बात करनी चाहिए थी, लेकिन युवाओं के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे को भी राजनीति की भेंट चढ़ा दिया गया। नौजवानों के साथ खिलवाड़ करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा।

**राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित :** राज्यसभा में बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने के साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

### प्रधानमंत्री ने गलतबयानी की, इसलिए किया सदन से वॉकआउट : खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए गलतबयानी की, जिसके विरोध में विपक्ष को सदन से वॉकआउट करना पड़ा। उन्होंने कहा कि झूठ बोलना और लोगों को भ्रमित करना प्रधानमंत्री मोदी की आदत बन गई है। खरगे के साथ कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और इंडिया गठबंधन के कई घटक दलों के नेता भी थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि हम सबने इसलिए वॉकआउट किया, क्योंकि प्रधानमंत्री ने कुछ गलत बातें सदन में रखीं। झूठ बोलना, लोगों को भ्रमित करना उनकी आदत है।

## सीएमओ हत्याकांड में आनंद प्रकाश को उम्रकैद

विधि संवाददाता, लखनऊ

### सीबीआई कोर्ट का फैसला



**अमृत विचार** : पूर्व सीएमओ, परिवार कल्याण विभाग डॉक्टर बीपी सिंह व पूर्व सीएमओ डॉक्टर विनोद कुमार आर्य हत्याकांड में सीबीआई कोर्ट के विशेष जज ने दोनों मामलों में अलग-अलग आरोपी आनंद प्रकाश तिवारी को उम्र कैद की सजा सुनाई, 58 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की धनराशि अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

डा. विनोद कुमार आर्य की हत्या 27 अक्टूबर 2010 को मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने कर दी थी। विनोद कुमार की पत्नी डॉ. शशि कुमारी ने विकास नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया है कि घटना वाले दिन सुबह उनके पति कुत्ते के साथ टहलने गए थे तभी हमलावरों ने उनके पति को गोली मार दी थी।

डा. विनोद की हत्या के ठीक 6 माह के अंदर सीएमओ बीपी सिंह की हत्या गोमती नगर थाना क्षेत्र में कर दी गई थी। डा. बीपी सिंह की हत्या की रिपोर्ट उनके चचेरे भाई इंद्र प्रताप सिंह ने 2 अप्रैल 2011 को गोमतीनगर थाने में दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके चचेरे भाई बीपी सिंह लखनऊ में सीएमओ परिवार कल्याण के पद पर कार्यरत थे।उन्हें घटना वाले दिन सुबह छह बजे जब वह प्रतिदिन की भांति टहलने गए थे, तभी दो अज्ञात लोगों ने घर से बमुश्किल 500 मीटर की दूरी पर मकान नंबर 3/107 विशेष खंड गोमती नगर के सामने गोली मारकर हत्या कर दी।उस समय उनके साथ डा. पीके सिंह भी टहल रहे थे तथा घटना को उनके अलावा कई लोगों ने देखा था। दोनों मामलों की विवेचना स्थानीय पुलिस द्वारा प्रारंभ की गई थी। परन्तु यह दोनों हत्याएं सीएमओ स्तर के अधिकारियों एवं परिवार कल्याण विभाग से जुड़ी होने के कारण विवेचना सीबीआई को सौंप दी गई थी ।इसी मामले में आरोपी बनाए गए डिप्टी सीएमओ योगेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था। जिनकी हत्या न्यायिक अभिरक्षा में रहते हुए जिला जेल लखनऊ में कर दी गई थी।अदालत के समक्ष सीबीआई के एसपीओ दीप नारायण ने कहा कि दोनों की हत्या के आरोपी को मृत्युदंड दिया जाए। सीबीआई कोर्ट के विशेष जज अनुरोध मिश्रा ने आरोपी आनंद प्रकाश तिवारी को उम्र कैद सुनाई और 58 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## हेमंत सोरेन फिर होंगे झारखंड के मुख्यमंत्री

रांची, एजेंसी



- चंपाई सोरेन ने दिया इस्तीफा, विधायक दल ने हेमंत को चुना नेता

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता हेमंत सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं और विधायकों ने यहां चंपाई सोरेन के आवास पर एक बैठक में सर्वसम्मति से हेमंत सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। इसी के साथ हेमंत का एक बार फिर मुख्यमंत्री बनना तय हो गया।

चंपई सोरेन ने राजभवन से बाहर आने के बाद कहा कि मैंने झामुमो नेतृत्व वाले गठबंधन के फैसले के अनुसार इस्तीफा दे दिया है। हमारा गठबंधन मजबूत है। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि हेमंत सोरेन के साथ क्या हुआ था। गठबंधन के सहयोगियों ने मुझे जिम्मेदारी दी थी। अब गठबंधन ने हेमंत सोरेन के पक्ष में फैसला किया है। इस बीच भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर लिखा कि झारखंड में चंपाई सोरेन युग समाप्त हो रहा है। परिवार पर केंद्रित पार्टी में बाहर के लोगों का कोई राजनीतिक भविष्य नहीं है। मैं उम्मीद करता हूं कि चंपाई सोरेन भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेंगे।

## युवती व भाई पर फेंका तेजाब, झुलसे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ (ठाकुरगंज)

- एक बाइक से पहुंचे थे दोनों आरोपी, पीछे बैठे युवक ने दिया घटना को अंजाम
- केजीएमयू में चल रहा दोनों का इलाज, लोहिया पार्क के पास सुबह की घटना

**अमृत विचार** : चौक क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब आठ बजे बाइक सवार युवकों ने एक युवती व उसके मौसेरे भाई पर तेजाब फेंक दिया। जिससे दोनों झुलस गए। पुलिस ने भाई-बहन को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचाया। जहां दोनों का इलाज प्लास्टिक सर्जरी विभाग में चल रहा है। पीड़िता के पिता ने अमन नामक युवक पर बेटी से दोस्ती करने का दबाव बनाने व फोन पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 124(1),78(1) में एफआईआर दर्ज की है।

> तेजाब से झुलसी युवती व उसके भाई का इलाज प्लास्टिक सर्जरी विभाग में चल रहा है। युवती का चेहरा व दोनों बांह, उसके भाई की पीठ व दायां बांह तेजाब से झुलस गया है। दो डाक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है। -डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू

डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने प्रार्थना-पत्र दिया है जिसमें बताया है कि वे व्यापार मंडल के पदाधिकारी हैं, चौक क्षेत्र में व्यवसाय करते हैं। उनकी बेटी (22) स्नातक है। पठन-पाठन को लेकर उसका घर से बाहर जाना होता है। कुछ दिनों से चौपटिया निवासी अमन नामक युवक उनकी बेटी को परेशान कर रहा है। वह उस पर दोस्ती करने का दबाव बनाने के लिए फोन पर धमकी भी देता था। लेकिन, बेटी इसे नजरअंदाज करती रही। बुधवार को बेटी मड़ियांव क्षेत्र निवासी व केजीएमयू में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र मौसेरे भाई की काउंसिलिंग के लिए घर से निकली थी। करीब आठ बजे चौक क्षेत्र में लोहिया पार्क के पास दोनों खड़े होकर बातें कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। पीछे बैठे युवक ने बेटी के चेहरे को निशाना बनाते हुए तेजाब फेंक दिया। उसे बचाने के प्रयास में भाई की पीठ पर भी तेजाब गिरा, जिससे दोनों झुलस गए। एसीपी चौक राजकुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्राइम ब्रांच समेत तीन टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं।

## 80 हजारी हुआ सेंसेक्स, निफ्टी भी नई ऊंचाई पर

**मुंबई।** दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में तगड़ी लिवाली से बुधवार को सेंसेक्स कारोबार के दौरान पहली बार 80,000 के ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंचने के बाद थोड़ा नीचे बंद हुआ। निफ्टी भी 162 अंकों की बढ़त के साथ अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में पहली बार ऐतिहासिक 80,000 अंक के स्तर को पार कर गया। कारोबार के अंत में यह 545.35 अंक उछलकर 79,986.80 पर बंद हुआ। एक समय यह 632.85 अंकों की छलांग के साथ 80,074.30 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी 162.65 अंक चढ़कर 24,286.50 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ।

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर कल सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट आबकारी नीति घोटाले में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर 5 जुलाई को सुनवाई करेगा। बुधवार को केजरीवाल के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए मामले का उल्लेख किया, जिस पर अदालत ने कहा कि शुक्रवार को सुनवाई की जाएगी। केजरीवाल के अधिवक्ता रजत भारद्वाज ने कहा कि उपयुक्त कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना याचिकाकर्ता को अवैध हिरासत में लिया गया और गुरुवार को सुनवाई का आग्रह किया, जिस पर न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि न्यायाधीश को कागजात देखने दीजिए।

### आबकारी नीति घोटाला

### सिसोदिया, के. कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ी

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आप के नेता मनीष सिसोदिया और बीआरएस की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी। दोनों को न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने पर वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश किया गया था। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया।

# पेरिस डाइमंड मेरे कैलेंडर का हिस्सा नहीं था : चोपड़ा

सारब्रकेन (जर्मनी), एजेंसी

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि रविवार को होने वाली पेरिस डाइमंड लीग इस साल कभी उनके प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी। यह बयान उस मीडिया रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें कहा गया था कि चोपड़ा ने जांघ में मामूली चोट के कारण इस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया है जो पिछले कुछ महीनों से उन्हें परेशान कर रही थी।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने एक्स पर कहा कि जब उन्होंने अपना नाम प्रतियोगिता के लिए भेजा ही नहीं तो नाम वापस लेने का सवाल ही नहीं उठता। तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा ने लिखा सभी को नमस्ते। बस स्पष्ट करने के लिए पेरिस डाइमंड लीग इस सत्र में मेरे प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी इसलिए मैंने इससे नाम वापस नहीं लिया है। मैं ओलंपिक खेलों के लिए तैयार होने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। चीजों को समझने और समर्थन के लिए धन्यवाद, और प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। पिछले सप्ताह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने उन्हें राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेने से छूट दे दी थी जो सभी भारतीय एथलीटों के लिए अनिवार्य प्रतियोगिता थी।




एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा था हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रत्येक एथलीट भारत में अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में भाग लेगा, लेकिन पेरिस डाइमंड लीग अंतर राज्यीय चैंपियनशिप से टकरा रही है और हमें लगता है कि ओलंपिक खेलों से पहले पेरिस डाइमंड लीग उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी इसलिए वह एकमात्र व्यक्ति है जिसे फेडरेशन कप में भाग लेने की विशेष अनुमति दी गई है। चोपड़ा ने हालांकि पिछले महीने संकेत दिया था कि उनका कार्यक्रम उनके शरीर की स्थिति के अनुसार तय होगा। चोपड़ा ने कहा था चर्चा हुई कि मैं अंतर राज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) में खेलूंगा और यह हरियाणा के पंचकुला में होगी लेकिन पेरिस ओलंपिक और इसके बीच कम समय है। मैं दोहा में खेल रहा था तो भारत के करीब है। राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप और ओलंपिक के बीच पेरिस डाइमंड लीग (7 जुलाई) है। इसलिए हमने यहां (फेडरेशन कप) हिस्सा लेने का फैसला किया।

## ओलंपिक में पदक जीतने की सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नीरज : मैके

**विजयनगर (कर्नाटक)।** इंस्पायर इसंटीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) में स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग कोच स्पेंसर मैके का कहना है कि भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं। वह पिछले दो महीनों से जांघ की चोट से परेशान है जिससे वह रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भी हिस्सा नहीं ले रहा है और सीधे ओलंपिक के लिए रवाना होगा। मैके ने कहा वह शारीरिक रूप से बेहतर स्थिति में है और पूरी तरह से तैयार है। जब ओलंपिक फाइनल शुरू होगा, तब नीरज देश के लिए एक और पदक जीतने के लिए शानदार स्थिति में होंगे। एक खिलाड़ी के लिए हर समय सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की वारंटी नहीं दी जा सकती, विशेषकर नीरज जैसे एथलीट के लिए जो शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हैं, उसकी योजना स्पष्ट है कि खुद को फिट, मजबूत और संतुलित रखना ताकि ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ कर सके।

# सर्विस वैरिएशन की चुनौती से पार पाने के बाद अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद : सात्विक-चिराग

नई दिल्ली, एजेंसी



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी सर्विस वैरिएशन चुनौती से पार पाने के बाद आगामी पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से शारीरिक और मानसिक अनुकूलन पर फोकस बनाये हुए हैं।

सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (26 वर्ष) की जोड़ी को अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस में बहुत सारी विविधता जैसे टंबल, स्पिन और वाइड से परेशानी होती रही है जिसमें विशेष रूप से कोरियाई और इंडोनेशियाई जोड़ियां शामिल हैं जिन्होंने हाल के टूर्नामेंट में इनका इस्तेमाल किया। चिराग ने कहा कि उन्होंने इस नयी चुनौती से पार पा लिया है और पेरिस ओलंपिक के दौरान इससे निपटने के लिए आत्मविश्वास से भरे हैं। चिराग ने कहा जहां तक सर्विस वैरिएशन का संबंध है तो यह नई चुनौती है लेकिन इसे पूरी तरह से महत्वपूर्ण मानना भी सही नहीं होगा। उन्होंने कहा ऐसा भी समय था जब हम इसका सामना करने से जूझते रहे थे लेकिन हमने आखिरकार इससे पार पा लिया है। हम जानते हैं कि इससे कैसे निपटना है, हम इसका अभ्यास कर रहे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि हम ओलंपिक में इसका सामना करने में मजबूत साबित होंगे। दुनिया की मौजूदा तीसरे नंबर की जोड़ी पिछले ओलंपिक में अपने ग्रुप के तीन में से दो मैच जीतने के बावजूद क्वार्टरफाइनल में पहुंचने से चूक गई थी। सात्विक ने कहा तोक्यो ओलंपिक में खेलने का अनुभव पेरिस ओलंपिक की हमारी तैयारियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस तरह के ऊंचे स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने से हमें महत्वपूर्ण सीख मिली कि दबाव से कैसे निपटा जाये, फोकस कैसे रखा जाये और खेलने की विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल किस तरह हुआ जाए।

## खेल डायरी

### एशियाई बिलियड्‌र्स में आडवाणी की विजयी शुरुआत

**रियाद।** दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां 2024 एशियाई बिलियड्‌र्स चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत करते हुए ऑन्ग फियो और युटापोप पाकपोज को हराया। एशियाई बिलियड्‌र्स खिताब की हैट्रिक बनाने के इरादे से उतरे 38 साल के आडवाणी ने म्यांमार के फियो को 4-2 से हराने के बाद कड़े मुकाबले में थाईलैंड के पाकपोज को 4-3 से शिकस्त दी। आडवाणी ने कहा टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है। इन दो जीत से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और मेरी नजरें अब लक्ष्य पर हैं। यह खेल काफी अप्रत्याशित है इसलिए मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं।

### प्रज्ञानानंदा ने डीएक बोगडान डेनियल से ड्रॉ खेला अलीरेजा चमके

**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के छठे दौर में रोमानिया के कम रैंकिंग वाले डीएक बोगडान डेनियल से ड्रा खेलकर अंक बांटने पड़े। ईरानी-फ्रांसिसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अमेरिक के वेस्लो सो को पराजित किया। प्रज्ञानानंदा ने जीतने की कोशिश की लेकिन रोमानियाई खिलाड़ी डटकर सामना करता रहा और ड्रॉ खेलने में कामयाब रहा। इस 350,000 डॉलर की पुरस्कार राशि के महज तीन दौर बाकी हैं और अमेरिका के फैबियानो कारूआना (4अंक) शीर्ष पर बने हुए हैं।

### अभय-वेलावन को एशियाई युगल स्क्वाश में शीर्ष वरीयता

**जोहोर (मलेशिया)।** अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की भारतीय जोड़ी को गुरुवार से शुरू हो रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पुरुष युगल में शीर्ष वरीयता दी गई है। अभय मिश्रित युगल में दिग्गज जोशना चिनप्पा के साथ खेलेंगे। यह जोड़ी 15 टीमों में तीसरी वरीयता प्राप्त है। रथिका सुथांथिर सीलन और पूजा आरती आर की महिला युगल जोड़ी को पांचवीं वरीयता मिली है। दोनों जोड़ियों ने इस साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी जिसे 17 साल बाद दोबारा शुरू किया गया।

### सबसे ऊंचे पर्वत को फतह करने उतरेंगी लक्ष्मी झा

**नई दिल्ली।** अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किलिमंजारो को फतह करने के बाद पर्वतारोही लक्ष्मी झा ने बोर्नियो और मलेशिया के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किनाबालु को फतह करने का लक्ष्य बनाया है। पिछले साल 41 घंटे के सबसे कम समय के साथ माउंट किलिमंजारो पर चढ़ने का महिला विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली बिहार की लक्ष्मी माउंट किनाबालु को फतह करने के लिए चार जुलाई को मलेशिया रवाना होंगी। माउंट किनाबालु की समुद्र तल से ऊंचाई 4095 मीटर (13,435 फीट) है और यह दक्षिण पूर्व एशिया की 28वीं सबसे ऊंची चोटी है। सत्ताइस साल की लक्ष्मी 2023 में तुर्किये की सबसे ऊंची चोटी अरारत पर चढ़ने वाली पहली भारतीय पर्वतारोही भी बनीं थीं।

### विनेश को स्पेन दौरे के लिए शेंगेन वीजा मिला

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट को स्पेन का दौरा करने के लिए सरकार की मदद से बुधवार को शेंगेन वीजा मिल गया। फोगाट को स्पेन ग्रां प्री 2024 में भाग लेना है। उन्हें बुधवार की रात रवाना होना है लेकिन आज सुबह तक उन्हें वीजा नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने खेल मंत्री मनसुख मांडविया और विदेश मंत्रालय से मदद मांगी। इसके तीन घंटे बाद फोगाट ने सूचित किया कि उन्हें शेंगेन का वीजा मिल गया है। इसके लिए उन्होंने सरकार का आभार भी व्यक्त किया। स्पेन में अभ्यास करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के बाद फोगाट पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए फ्रांस में 20 दिन तक अभ्यास करेगी।

# गिल की अगुआई वाली टीम पहुंची हरारे

## जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 शृंखला का पहला मैच 6 को, साई सुदर्शन, जितेश और हर्षित को मिली टीम में जगह

हरारे, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल की अगुआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में युवा भारतीय क्रिकेट टीम छह जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला के लिए यहां पहुंच गई। जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में टीम को अपने सामान के साथ हवाई अड्डे से बाहर निकलते देखा गया।

टीम मंगलवार को मुंबई से रवाना हुई थी जबकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के रूप में जुड़े हुए गिल ब्रेक के बाद न्यूयॉर्क से यहां पहुंचे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने मंगलवार रात एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हम टी-20 विश्व कप चैंपियन भारत का स्वागत करते हैं। शृंखला के दौरान भारत के लिए पदार्पण करने वाले शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज रियान पराग ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि उनका बचपन से ही राष्ट्रीय टीम के साथ यात्रा करने का सपना था। पराग ने कहा भारत की जर्सी पहनने और टीम के साथ यात्रा करने का अनुभव अलग होता है। मैं वाकई बहुत खुश हूं। जब मैं अपना पहला मैच खेलूंगा तो जिम्बाब्वे के साथ मेरा एक खास रिश्ता होगा। उन्होंने कहा यह उस मैदान और मेरे लिए एक खास पल होगा, जो बहुत पवित्र होगा। मेरा पासपोर्ट खोने के बाद हम आखिरकार 20 घंटे की यात्रा के बाद यहां पहुंचे हैं। अब मैं इस दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

एक और नए खिलाड़ी मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे ने कहा कि राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है और देश के लिए खेलना बहुत खास बात है। देशपांडे ने कहा टीम के साथ यात्रा करना सबसे महत्वपूर्ण है और उन्हें जानना, टीम के माहौल को जानना और मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान होने वाली मौज-मस्ती है।




भारत हरारे क्रिकेट ग्राउंड पर सिकंदर रजा की कप्तानी वाले जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला मैच 6 जुलाई को खेलेगा। बाकी चार मैच भी इसी मैदान पर खेले जाएंगे। शृंखला का समापन 14 जुलाई को होगा। टी-20 विश्व कप टीम में शामिल संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल के साथ ऑलराउंडर शिवम दुबे को जिम्बाब्वे आने वाली टीम में शामिल होना था लेकिन वे तूफान बेरिल के कारण बारबडोस में फंस गए हैं। साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को पहले दो मैचों के लिए टीम में शामिल तीनों खिलाड़ियों की जगह टीम में शामिल किया गया। सैमसन, जायसवाल और दुबे अन्य सीनियर खिलाड़ियों के साथ गुरुवार सुबह चार्टर विमान से भारत पहुंचेंगे।

## ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे पंड्या, पहले भारतीय बने

**दुबई।** हार्दिक पंड्या बुधवार को आईसीसी की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। हाल में संपन्न टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने के बाद भारत के क्रिकेटरों की रैंकिंग में सुधार हुआ है। टी-20 विश्व कप के फाइनल में 29 जुलाई को अर्धशतक जड़ने वाले हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर को आउट करके दक्षिण अफ्रीका पर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले पंड्या दो स्थान के फायदे से श्रीलंका के स्टार वानिंदु हसरंगा के साथ पुरुष टी-20 ऑलराउंडर की सूची में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। पंड्या ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 विश्व कप में वापसी करते हुए प्रभावी प्रदर्शन किया। पंड्या ने निचले क्रम में बल्ले से प्रभावी पारियां खेली और गेंद से भी उम्दा प्रदर्शन किया तथा जब टीम को जरूरत थी तो विकेट चटकाए। उन्होंने टूर्नामेंट में 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए और 11 विकेट भी चटकाए। टी-20 ऑलराउंडर रैंकिंग में



शीर्ष 10 में मार्कस स्टोइनिस, सिकंदर रजा, शाकिब अल हसन और लियाम लिविंगस्टोन को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। मोहम्मद नबी चार स्थान के नुकसान से शीर्ष पांच से बाहर हो गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नोर्किया दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद शीर्ष पर हैं।



# भारतीय टीम बारबाडोस से स्वदेश रवाना

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

● आज दिल्ली पहुंचेंगे खिलाड़ी, मुंबई में होगा रोड शो, प्रधानमंत्री आवास पर भव्य स्वागत की तैयारी, मोदी करेंगे सम्मानित

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम श्रेणी चार के तूफान के कारण तीन दिन यहां फंसे रहने के बाद अंततः बुधवार को ग्रांटली एडम्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से विशेष विमान के जरिए दिल्ली के लिए रवाना हो गई। एयर इंडिया के विशेष विमान एआईसी24डब्ल्यूसी (एयर इंडिया चैंपियंस 24 विश्व कप) ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 04:50 बजे उड़ान भरी और गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह लगभग 06:20 बजे पर दिल्ली पहुंचेगा।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने विमान के उड़ान भरने से पहले ट्रॉफी के साथ तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा घर आ रहे हैं। विमान में भारतीय टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और कुछ बीसीसीआई के अधिकारी तथा भारतीय मीडिया के कुछ सदस्य सवार हैं। एक सूत्र ने बताया, खिलाड़ियों को स्वदेश लाने के लिए बीसीसीआई से करीबी समन्वय स्थापित करके एयर इंडिया ने विशेष विमान भेजा। दिल्ली पहुंचने के कुछ ही घंटों के भीतर खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे। आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को खत्म करने वाली विजयी टीम के सम्मान में मुंबई में एक रोड शो आयोजित करने की भी योजना है।



## चैंपियंस ट्रॉफी

### भारत-पाक मैच 1 मार्च को बीसीसीआई की सहमति बाकी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैंपियंस ट्रॉफी के अस्थायी कार्यक्रम में अपनी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच अगले साल 1 मार्च को रखा है, हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक इस पर सहमति नहीं दी है। आईसीसी के एक सीनियर सदस्य ने बुधवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक खेला जाएगा जिसमें 10 मार्च रिजर्व डे होगा। पीसीबी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के 15 मैच के कार्यक्रम का मसौदा सौंप दिया है जिसमें 7 मैच लाहौर में, 3 मैच कराची में और 5 मैच रावलपिंडी में रखे गए हैं। भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं।

# जीत के बावजूद बाहर हुआ कोस्टा रिका

ऑस्टिन (अमेरिका), एजेंसी

कोपा कप

फ्रांसिस्को कैल्वो और जोसिमार अलसोसेर के शुरुआती सात मिनट में दागे गोल से पराग्वे को 2-1 से हराने के बावजूद कोस्टा रिका कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

कोस्टा रिका ग्रुप डी में चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। कोलंबिया और ब्राजील ने 1-1 से ड्रॉ खेला। कोलंबिया सात अंक के साथ शीर्ष पर रहा जबकि ब्राजील ने पांच अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पराग्वे अपने शुरुआती दो मैच गंवाकर पहले ही बाहर हो गया था। कोस्टा रिका की टीम 1997, 2011 और 2016 के बाद चौथी बार ग्रुप चरण से बाहर हुई। टीम 2001 और 2004 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।



पराग्वे और कोस्टा रिका के मैच में गेंद के लिए जूझते खिलाड़ी।

## कोलंबिया-ब्राजील ने 1-1 से ड्रॉ खेला, दोनों क्वार्टरफाइनल में

**सेंटा क्लारा (अमेरिका)।** डेनियल मुनोज के पहले हाफ के इंजरी टाइम में दागे गोल की मदद से कोलंबिया ने ब्राजील को 1-1 से बराबरी पर रोककर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ब्राजील की टीम भी दूसरे स्थान पर रहते अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। राफिन्हा ने 12वें मिनट में ब्राजील को बढ़त दिलाई लेकिन मुनोज ने पहले हाफ के इंजरी टीम में गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया जिसके बाद दोनों ही टीमें गोल करने में नाकाम रहीं। इस ड्रॉ से कोलंबिया ने अजेय अभियान को 26 मैच तक पहुंचाया। कोलंबिया की टीम तीन मैच में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक के साथ शीर्ष पर रही। ब्राजील ने एक जीत और दो ड्रॉ से पांच अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

## यूरो कप 2024

### 16 साल में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा नीदरलैंड

**म्यूनिख।** नीदरलैंड ने यूरो 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में टूर्नामेंट का अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोमानिया को 3-0 से हराकर 16 वर्षों में पहली बार यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोडी गाकपो ने 20वें मिनट में नीदरलैंड को बढ़त दिलाई जिसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी डोनयेल मालेन ने दो गोल और दागकर नीदरलैंड को 2008 के बाद पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। नीदरलैंड ने शुरुआत में गोल करने के कुछ मौके गंवाए जबकि कप्तान वर्जिल वान डिक का शॉट भी गोल पोस्ट से टकरा गया। टीम ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। नीदरलैंड की टीम अब क्वार्टर फाइनल में शनिवार को तुर्की से भिड़ेगी जिसने अंतिम 16 के एक अन्य मुकाबले में ऑस्ट्रिया को 2-1 से हराया। वहीं, पहले ही मिनट में गोल और फिर अंतिम लम्हों में शानदार बचाव करते हुए तुर्की ने मंगलवार को ऑस्ट्रिया को प्री क्वार्टर फाइनल में 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के अंतिम आठ में जगह बनाई। मेरिह डेमिरल ने तुर्की की ओर से दोनों गोल दागे जिसमें सिर्फ 57 सेकेंड में किया गोल भी शामिल है। गोलकीपर मर्ट गुनोक ने इसके बाद इंजरी टाइम में शानदार बचाव करते हुए तुर्की की जीत सुनिश्चित की। गुनोक ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में क्रिस्टोफ बोमगार्टनर के हैडर से लगाए शॉट को दाईं ओर गोता लगाते हुए नाकाम किया।

## अर्जेंटीना की ओलंपिक टीम में मेस्सी को जगह नहीं

**ब्यूनस आयर्स।** लियोनेल मेस्सी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेन्टीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने मंगलवार को घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं। इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मेस्सी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेन्टीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब का बचाव करना है। अर्जेन्टीना ने 2021 में कोपा अमेरिका जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है लेकिन प्रत्येक टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति दी जाती है। माशेरानो कोपा अमेरिका खत्म होने के बाद गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में शामिल करेंगे। हाल ही में रिवर प्लेट से मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए मिडफील्डर क्लॉडियो एचेवेरी भी टीम में शामिल होंगे। अर्जेंटीना 24 जुलाई को मोरक्को के खिलाफ ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच से पूर्व फ्रांस में दो मैत्री मैच खेलेगा। अर्जेंटीना और मोरक्को के अलावा इराक और यूक्रेन को ग्रुप बी में जगह मिली है।

# गॉफ विंबलडन के तीसरे दौर में

लंदन, एजेंसी

दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने बुधवार को रोमानिया की क्वालीफायर एंका टोडोने को हराकर विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ ने 15 साल की उम्र में यहीं 2019 में आल इंग्लैंड क्लब में पदार्पण करते हुए वीनस विलियम्स को हराया था। उन्होंने कोर्ट 1 पर टोडोनी को 6-2, 6-1 से शिकस्त दी। 19 वर्षीय टोडोनी अपना ग्रैंडस्लैम पदार्पण कर रही थीं। पांच साल पहले गॉफ ने पांच बार की विंबलडन चैंपियन वीनस विलियम्स को पहले दौर में 6-4, 6-4 से पराजित किया था और अंतिम 16 में पहुंची थी। वह अपने हर ग्रैंडस्लैम पदार्पण में अंतिम 16 तक पहुंची थी। गॉफ ने कोर्ट पर कहा यह वही कोर्ट है जहां मैंने अपना पहला विंबलडन शुरू किया था। कोर्ट 1 हमेशा मेरे लिए विशेष रहेगा।



जीत के बाद कोको गॉफ।

## नागल पहले दौर में बाहर

**विंबलडन।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के अपने सर्बियाई जोड़ीदार डुसान लाजोविच के साथ बुधवार को पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में सीधे सेटों में बाहर होने के बाद विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में उनका अभियान खत्म हो गया। नागल और लाजोविच की जोड़ी को एक घंटे और सात मिनट तक चले मैच में जाउमे मुनार और पेड्रो मार्टिनेज की स्पेनिश जोड़ी से 2-6, 2-6 से हार मिली। भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी नागल सोमवार को पुरुष एकल के पहले दौर में हार गये थे। रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलियाई मैथ्यू एब्डेन नीदरलैंड के सैंडर अरेंड्स और रोबिन हासे की जोड़ी से भिड़ेगी।

## राडुकानु के साथ जोड़ी बनाएंगे मरे

**लंदन।** एंडी मरे और ऐमा राडुकानु विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में जोड़ी बनाकर खेलेंगे। हाल में हुई सर्जरी के कारण मरे ने विंबलडन में अंतिम बार खेलते हुए पुरुष एकल में शिरकत नहीं करने का फैसला किया। मरे पुरुष युगल अपने बड़े भाई जेमी के साथ जोड़ी बनाकर खेलेंगे। वर्ष 2013 और 2016 में यहां एकल खिताब जीतने वाले 37 साल के मरे ने कहा है कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। राडुकानु ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहेंगे। बारिश की संभावना। उमस भी रहेगी।

34.2° अधिकतम तापमान | 26.7° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 21 | सूर्यास्त 07 :01

# तीर्थक्षेत्र से लौट रहे दो युवकों की सड़क हादसे में गई जान

## देर रात रोड किनारे पेड़ से टकराई कार, मृतकों में एक एबीवीपी का प्रांतीय पदाधिकारी

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र आए दो श्रद्धालुओं की घर लौटते समय सड़क हादसे में मौत हो गई। इनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई और उसके परखच्चे उड़ गए। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।



मोनू पाल।

जानकारी के अनुसार, फतेहपुर जिले के संग्रामपुर (खागा) निवासी रावेंद्र पाल (26) पुत्र बरमकिंकर अपने मित्र मोनू पाल (25) पुत्र दुर्गा निवासी सितलूपुर खखरेड़ू के साथ कार से तीर्थक्षेत्र आया था। मोनू अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रांत सह संयोजक बताया जाता है। भगवान कामतानाथ के दर्शन करके दोनों मंगलवार की रात कार से घर लौट रहे थे।

राजापुर थानांतर्गत अर्जुनपुर गांव के पास रात लगभग दो बजे इनकी कार सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। इससे वाहन के परखच्चे उड़ गए। सुबह वहां से गुजरे लोगों ने हादसे का मंजर देखा तो पुलिस को खबर की।

पुलिस ने इनके पास मिले कागजातों और वाहन नंबर से दोनों की शिनाख्त कर परिजनों को सूचित किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।



दुर्घटनास्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार



दुर्घटनाग्रस्त कार। अमृत विचार

### पहले भी इसी पेड़ से टकराकर हो चुका है हादसा

- इसी पेड़ से टकराकर एक बार पहले भी हादसा हो चुका है। अर्जुनपुर के ग्रामीणों ने बताया कि लगभग छह वर्ष पहले ग्राम पंचायत खोपा के ठाकुर परिवार के लोग मैहर देवी के दर्शन कर वापस गांव जा रहे थे। रात में बोलेरो इसी पेड़ से टकरा गई थी, जिसमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह संयोग ही कहा जाएगा कि इसी पेड़ से टकराने से फतेहपुर निवासी दो युवकों की भी जान चली गई।

### रामघाट में हुआ था झगड़ा

- बताया जाता है कि दोनों युवकों का रामघाट में बांदा निवासी एक युवक से झगड़ा भी हुआ था। ये दोनों सीतापुर चौकी गए थे पर वहां रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी। इसके बाद दोनों घर जा रहे थे कि हादसे का शिकार हो गए। चौकी प्रभारी गौरव तिवारी ने बताया कि उनके पास इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। अगर युवक चौकी आए होते तो जरूर कार्रवाई की जाती।

# गहनों को लेकर हुई तकरार से क्षुब्ध विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

- मायके वालों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** शादी में जाने के लिए गहनों को लेकर हुए पत्नी का पति से झगड़ा हो गया। पति की कही बात उसे इतनी चुभी कि फांसी लगाकर जान दे दी। घरेलू कलह में हुई मौत से उसके मायके और ससुराल में मातम पसर गया।



उमा।

मामला कोतवाली अंतर्गत लक्ष्मणपुरी का है। यहां के निवासी कुबेर साहू पुत्र मेवालाल की शादी बांदा जिले के तेरा गांव निवासी अशोक साहू की बेटी उमा (27) से 10 फरवरी 2018 को हुई थी। जानकारी के अनुसार, उमा को मायके शादी में जाना था। इस पर उसका मंगलवार को गहनों को लेकर पति कुबेर से झगड़ा हो गया। बात बढ़ी और कुबेर ने बातों बातों में कह दिया कि दोबारा गहनों की बात की तो जान दे देगा। शायद उमा को यह बात नागवार गुजरी। रात में जब सब लोग खाना खाकर अपने कमरों में सोने चले गए तो किसी समय उमा ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।




उमा ने व्हाट्सएप में लगाया था यह स्टेटस।

### मां से भी की बात

बताते हैं कि इसी दौरान रात में उमा ने अपनी मां से भी बातचीत की और उनका हालचाल जाना। मां शिवसखी का कहना था कि कोई ऐसी बात नहीं लगी कि लगे कि वह ऐसा कदम उठा लेगी।

### पत्नी के गहने रख दिए थे गहन

कुबेर के पिता मेवालाल पहले निजी बस में कंडक्टर थे और साथ ही सरसों तेल बेचकर किसी तरह परिवार का पालन पोषण करते थे। पिता वृद्ध हुए तो कुबेर कर्ज लेकर व्यापार को आगे बढ़ाने में लगा था। बताते हैं कि गल्ले के व्यापार में घाटा लगने पर उसने पत्नी उमा के जेवर गहन रख दिए थे।

उमा के भाई विवेकानंद का कहना था कि पति-पत्नी में अक्सर झगड़ा होता था। उमा की उसके ससुराल में बनती नहीं थी। पहले भी ऐसा कदम उठाने की कोशिश की थी। उन लोगों ने तब उसे समझाया बुझाया था। हालांकि समाचार भेजे जाने तक किसी ने कोई तहरीर नहीं दी थी।




पोस्टमार्टम हाउस में बैठी उमा की मां शिवसखी और भाई विवेकानंद।

### बच्चों के बारे में तो सोचती:कुबेर

पति कुबेर का कहना था कि छोटे मोटे झगड़े अक्सर परिवार में होते रहते हैं। कभी ऐसा नहीं लगा कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेगी। रही गहनों की बात, तो पैसे आ जाते तो उसको दिला ही देता। उमा को आत्महत्या करने से पहले कम से कम अपने दो बच्चों आरुष (5) और बेटी आन्या (3) के लिए तो सोचना चाहिए था।

### स्टेटस में लगाई नकारात्मक बातें

ऐसा लगता है कि उमा अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर परेशान चल रही थी। उसने सोशल मीडिया में भी ऐसे स्टेटस लगाए थे, जिनसे उसकी मन :स्थिति का पता चलता है।

## एक नजर

### पीएम फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसल में धान, अरहर, ज्वार, बाजरा एवं तिल का बीमा किया जाएगा। इन फसलों की प्रति हेक्टेयर की दर से बीमित राशि का प्रीमियम दो प्रतिशत किसान को देना होगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ऋणी एवं गैर ऋणी किसानों द्वारा बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय है। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसलों के नुकसान को बीमा कवर प्रदान करने के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता, खतौनी, मोबाइल नंबर एवं बुआई प्रमाणपत्र नजदीकी जनसेवा केंद्र, राजकीय कृषि बीज भंडार एवं संबंधित बैंक शाखा को उपलब्ध कराकर बीमा कराएं।

### कंप्यूटर प्रशिक्षण की अंतिम तिथि 20 जुलाई

**चित्रकूट।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र एसके केशरवानी ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार व्यक्तियों को उद्योग विभाग के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण का विषय कंप्यूटर टैली है। प्रशिक्षण के लिए आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए एवं न्यूनतम शैक्षिक योग्यता जूनियर हाईस्कूल है। इच्छुक अभ्यर्थी 20 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के कनिष्ठ सहायक दीपक कुमार से मोबाइल नंबर 8840112831 पर संपर्क कर सकते हैं।

### 12 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी से 12 किलो गांजा बरामद किया। तीन जुलाई को एसआई श्यामदेव सिंह ने रेलवे स्टेशन एवं ओवरब्रिज के बीच रेलवे लाइन से रोहित कुमार पुत्र श्रवण कुमार निवासी बेराव थाना बबेरू (बांदा) को 12 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, कड़ाई से पूंछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह गांजा रायपुर छत्तीसगढ़ से लाया है। इसे चित्रकूट, बांदा, कौशांबी एवं फतेहपुर में बेचना था। इसकी कीमत लगभग एक लाख 20 हजार रुपये है। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई।



कोचिंग की शुरुआत पर मौजूद लोग। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के नए सत्र की हुई शुरुआत

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग के नए सत्र की बुधवार को राजकीय जिला पुस्तकालय में शुरुआत हो गई। शुभारंभ जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र भदौरिया, एसडीएम मोहम्मद जसीम व जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, विषय विशेषज्ञ शैलेंद्र सिंह, त्रिपुरारी शरण मिश्रा आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से किया। अभ्युदय कोचिंग योजना की विस्तृत जानकारी कोर्स कोआर्डिनेटर सीपी पांडेय ने दी। संचालन प्रभारी पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. प्रदीप शुक्ल ने किया। कंप्यूटर आपरेटर नीलेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, सुनील कुमार, वीरेंद्र कुमार, रामलला पांडेय, नितेश कुमार, सतेंद्र कुमार, कोमल शिवहरे, दामिनी मिश्रा, श्वेता सिंह आदि मौजूद रहीं।

# त्योहारों पर डाली नई परंपरा तो होगी सख्त कार्रवाई

- जिलाधिकारी और एसपी ने की पीस कमेटी के साथ बैठक
- अधिकारियों से जिम्मेदारी से दायित्व निर्वहन का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने आगाह किया है कि त्यौहारों में कोई नई परंपरा न डाली जाए। अमावस्या मेला, मोहर्रम, गुरु पूर्णिमा एवं जगन्नाथ रथयात्रा आदि त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें एसपी अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। अगर कोई समस्या है तो निस्तारण किया जाएगा। पीस कमेटी के लोगों से कहा कि त्यौहारों में कोई नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। एसपी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि जिस रूट से ताजिया निकाली जाए, उन रास्तों पर विद्युत तार आदि दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने एसडीएम, सीओ व ईओ से कहा कि तरौंहा पर जहां ताजिया दफनाई जाती हैं, उस स्थल का निरीक्षण कर समस्याओं का समाधान किया जाए। जिस मार्ग से ताजिया निकलती रही हैं, उसी रास्ते से निकलेंगी। कोई मार्ग नहीं बदला जाएगा।

इस अवसर पर एडीएम उमेश चंद्र निगम, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी, पीस कमेटी के पदाधिकारी एवं हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।



बैठक में तैयारियों की समीक्षा करते जिलाधिकारी, साथ में पुलिस अधीक्षक व अन्य।

### चित्रकूट महायोजना पर चर्चा

- विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की बैठक में डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने चित्रकूट महायोजना 2031 पर चर्चा की। डीएम ने नए भू उपयोगों के संबंध में आम आदमी से भी आपत्ति और सुझाव लिए जाने के निर्देश दिए। शासन द्वारा भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 में किए गए संशोधनों को स्वीकार किया गया। बताया गया कि इन संशोधनों से पेट्रोल पंप, अतिथि गृह, ग्रुप हाउसिंग, विद्युत वाहन चार्जिंग अवसंरचना आदि की स्थापना आसानी से की जा सकेगी। बैठक में देवांगना नगर आवासीय कालोनी की स्थापना में शीघ्र कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए गए। इस मौके पर सचिव/अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, सहयुक्त नियोजक झांसी अशोक कुमार, क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, अनुपम श्रीवास्तव, अर्थ एवं संख्याधिकारी राजदीप वर्मा, अधिशाषी अभियंता सत्येंद्र नाथ, दीपक सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

### अमावस्या मेले के लिए तीन जोन, 13 सेक्टर

- आषाढ़ मास की अमावस्या का मेला चार से छह जुलाई तक चलेगा। डीएम ने बताया कि मेला क्षेत्र को तीन जोन एवं 13 सेक्टर पर विभाजित किया गया है। उन्होंने एक्सईएन सिंचाई से कहा कि बाढ़ की आशंका के मद्देनजर रामघाट पर व्यवस्था रहे। उन्होंने परिक्रमा मार्ग का अतिक्रमण हटाने, सीसीटीवी कैमरा संचालन, कैटिल कैचर, ओवरलोडिंग, फूड प्वाइजनिंग की चेकिंग की व्यवस्था आदि को लेकर निर्देशित किया। एडीएम को निर्देश दिए कि मध्य प्रदेश के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें कि मेला को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

### जिले में निकलेंगे 72 ताजिया जुलूस

- पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समय के साथ अपनी कार्य पद्धति को भी बदलना पड़ेगा। उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी से कहा कि जिले में 72 ताजिया जुलूस निकाले जाएंगे। सभी स्थानों पर एक पीपीओ, एक हल्का प्रभारी नियुक्त करें। प्रत्येक दशा में ताजिया का आकार छोटा रहे। ताजियादार सुरक्षा कमेटी भी बनाई जाए और उनकी भी जिम्मेदारी तय की जाए।

# हवाई अड्डे के बचे कामों को जल्द पूरा कराया जाए

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को देवांगना स्थित चित्रकूट हवाई अड्डे का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निदेशक एयरपोर्ट अथारिटी विनय गंगेले को निर्देश दिए कि बचे हुए कामों को जल्द पूरा कराएं।

डीएम ने कामों को देखा और निदेशक से कहा कि जो नए काम कराए जाने हैं, उनके लिए प्रस्ताव भेजें। अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम एवं उप जिलाधिकारी सौरभ यादव को नए रनवे के लिए नई टर्मिनल बिल्डिंग एवं फिलिंग स्टेशन के लिए भूमि चिह्नित कराकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निदेशक एयरपोर्ट ने बताया कि सप्ताह में तीन दिन फ्लाइट का संचालन हो रहा है। डीएम ने राइट्स संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चित्रकूट हवाई अड्डे में जो भी कार्य अवशेष है उसको तत्काल शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।

# समय पर समस्याएं सुनें अन्यथा रुकेगा वेतन

- मुख्य विकास अधिकारी ने मातहतों को दिए सख्त निर्देश

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह दस बजे से मध्याह्न 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठें और लोगों की समस्याएं सुनकर निस्तारित करें। ऐसा न करने पर वेतन रोक दिया जाएगा।

सीडीओ ने जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपायुक्त श्रम रोजगार, उपायुक्त स्वतः रोजगार (एनआरएलएम), डीपीआरओ, सहायक निदेशक बचत, जिला समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, परियोजना अधिकारी नेडा से कहा है कि डीएम ने समय-समय पर निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यालय में 10 बजे से 12 बजे तक अवश्य बैठें। कुछ अधिकारियों द्वारा इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने भी समय समय पर इस संबंध में निर्देश दिए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने आगाह किया कि कोई अधिकारी पूर्वाह्न दस बजे अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं पाया जाता तो अनुपस्थित मानते हुए उस दिवस का वेतन रोक दिया जाएगा।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में प्रवेश के लिए 15 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए गरुण मौर्य, अधीक्षक छात्रावास से मो. नं. 9935915480 पर संपर्क किया जा सकता है।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार मां के नाम पर लगाएं एक पौधा

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** थाना परिसर में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। इसमें उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा व क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने लोगों से अपील की कि वे त्योहारों को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में कराने में सहयोग करें।

दोनों अधिकारियों ने सभी के विचार सुने व आश्वस्त किया कि त्योहारों के पहले समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा। बैठक के पश्चात थाना प्रांगण में एसडीएम व सीओ के साथ प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने पौधरोपण किया। लोगों से एक-एक पौधा लगाने की अपील की। इस मौके पर ग्राम प्रधान बाबूपुर कुलदीप सिंह, समिति अध्यक्ष पहाड़ी शारदा विश्वकर्मा, पचोखर गोपी पांडेय, सुनील कुमार, मोहम्मद यूनुस आदि के साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनीष कुमार, सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार मिश्र, अवधनारायण विश्वकर्मा, सुरेश सिंह, त्रिलोकी नाथ मिश्र, परशुराम यादव, मातादीन, किशन कुमार आदि मौजूद रहे।

पौधरोपण के बाद सीओ ने विवेचकों के कामों की समीक्षा की और विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण के लिए निर्देश दिए।



पौधरोपण करते एसडीएम और सीओ। अमृत विचार

**परेशानी** अधिक बारिश में होगी लोगों को जलनिकासी की दिक्कत, ठेकेदार की कार्यशैली को लेकर नाराजगी

# अधबने और टूटे नालों में दिखाई दे रहा मनमाना 'विकास'

राजकुमार त्रिपाठी, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग अभी पूरा नहीं बना और ठेकेदार की कार्यशैली को लेकर लोगों की नाराजगी बढ़ने लगी है। लोगों की शिकायत है कि सरकार ने राजमार्ग निर्माण के लिए भारी भरकम धनराशि निर्गत की है पर ठेकेदार मनमानी पर उतारू है। एक नाले का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया और कर्वी बाईपास पर बना नाला पहली बरसात भी नहीं झेल पाया। ऐसे में बरसात में लोगों के घरों में पानी घुसने लगा है।

तुलसीतीर्थ के लोग बताते हैं कि राजापुर से लेकर 18 किमी रैपुरा-प्रयागराज मार्ग से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण लगभग 10 महीने से किया जा रहा है। इसमें राजापुर में देवीजी तिराहे से नांदिन कुर्मियान तक सड़क व नाले का निर्माण आधा अधूरा किया गया। एनएच 731 एजी राजापुर बाजपेयी तिराहे के पास बना नाला पहली ही बरसात में ध्वस्त हो गया है और पानी की निकासी भी अवरुद्ध हो गई हैं। नाले के समाप्ति बिंदु पर आउटलेट का निर्धारण नहीं किया गया है। इससे व्यापारियों, कस्बावासियों में आक्रोश है और कई जगहों पर तो अधूरे नाले से दुर्गंध आने से लोगों का जीना दूभर हो रहा है। लोगों की शिकायत है कि पहले से बनी नालियो में ही नाले बनाने थे पर ठेकेदार ने मनमानी करते हुए नाले का निर्माण खाली भूमि पर किया है। इससे सड़क की चौड़ाई मानक के अनुसार नहीं हो पाई है। दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जो जगह छोड़ी गई है, उससे पानी नहीं निकल पाता।





मनमानी का उदाहरण बने नाले। अमृत विचार

### कराएंगे जांच : एसडीएम



प्रमोद झा।

एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि टूटे और अधूरे नालों की जांच कराई जाएगी। मौका मुआयना करके जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

सभासद शंकरदयाल जायसवाल, अमित उर्फ दीपू मिश्रा, समीर विश्वकर्मा आदि ने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने बाजपेई तिराहे से लेकर गईला रोड तक कस्बे के अंदर पूरे नाले का निर्माण नहीं कराया है। बरसात होने पर लोगों के घरों में पानी घुस रहा है। बताया कि नालों की मानकविहीन ऊंचाई, पानी निकासी व गुणवत्ताविहीन निर्माण को लेकर ठेकेदार के विरुद्ध उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भी दिया गया था।



समीर विश्वकर्मा।



शंकर दयाल।



अमित मिश्रा।

JOB OPPORTUNITY
Medhavi Foundation

*Applications are invited for eligible candidates for the deployment of Vocational Trainers in the schools Uttar Pradesh under NSQF Project.*

**Consumer Energy Meter Technician:** Total Positions- 57 (In Multiple Districts of UP), Qualification- Diploma, B.Tech, B.E., B.E./B.Tech, Diploma, I.T.I from a recognized Institute/University, with at least 5.0 year work/ 5.0 year teaching experience.

**Assistant Beauty Wellness Consultant:** Total Positions- 08 (In Multiple Districts of UP), Qualification- Graduate (Any) from a recognized Institute /University, with at least 3.0 year work/1.0 teaching experience.

**Assistant Plumber General:** Total Positions- 14 (In Multiple Districts of UP), Qualification- B.E./B.Tech, Diploma, I.T.I, B.E./B.Tech, Diploma, CITS from a recognized Institute/University, with at least 5.0 year work/1.0 year teaching experience.

**Four-Wheeler Service Assistant:** Total Positions- 9 (In Multiple Districts of UP), Qualification- I.T.I, Diploma, I.T.I, Diploma, from a recognized Institute/University, with at least 4.0 year work/1.0 teaching experience.

**Minimum Competency:** Domain Knowledge, Effective Communication Skills, Soft skills. Age Limit-18-37 years (As on 1st Jan 2024). Only shortlisted candidates will be called for written test and interviews.

**Gross Honorarium - RS. 15,000/- Per Month Fixed For all the post's**

How to apply- Apply and upload documents at https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScDlNzPePzEgQzbKeXybletQsOUdEmLo0N4KTWhqlxdtS86cA/viewform link or Scan the QR code by 05/07/2024 till 5 PM.

For any query, please contact on +91 7408080855 All positions are purely on contractual basis and selection process is strictly based on Written test Interview and Merit. Do not use any unfair means.

Scan for Apply

# अलग-अलग हादसों में चार लोगों की जान गई

बांदा। जिले में अलग-अलग इलाकों में हुए हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। इसमें जहां कमासिन थाना क्षेत्र के बबेरू मार्ग पर भवन सामग्री लेकर जा रहा ट्रैक्टर पलट गया वहीं नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नौहाई गांव में साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के ही गुढा कला गांव में कच्ची दीवार ढह गई। एक अन्य घटना में आग से झुलसी अतर्रा थाना क्षेत्र के नदना गांव निवासी महिला ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

संवाददाता, कमासिन

- अनियंत्रित ट्रैक्टर पानी से भरी खंती में पलटा, युवक की मौत
- चालक समेत दो लोगों ने कूदकर बचाई जान


खंती में पलटा पड़ा ट्रैक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भवन निर्माण की सामग्री लेकर जा रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पानी भरी खंती में पलट गया। हादसे में युवक की दबकर मौके पर मौत हो गई। जबकि चालक समेत दो लोगों ने कूदकर अपनी जान बचा ली। पुलिस ने कागजी कार्रवाई की है।

तिलौसा गांव निवासी बिहारी लाल का 27 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे अपने मकान निर्माण के लिए कस्बा से सामान ट्रैक्टर में लेकर घर जा रहा था। रास्ते में कमासिन थाना क्षेत्र के बबेरू मार्ग पर खरौली बस स्टॉप के आगे वह जैसे ही पहुंचे। गिट्टी, सरिया व सीमेंट से भरा ट्रैक्टर तेज गति होने से अनियंत्रित होकर रोड किनारे पानी भरी खंती में पलट गया। इस बीच चालक ने वाहन का नियंत्रण बनाने का प्रयास किया। लेकिन जब वह नहीं संभला तो चालक व उसमें बैठे दूसरे युवक ने कूदकर खुद को किसी तरह बचाया। ओमप्रकाश ट्रैक्टर के नीचे दब गया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने भागकर किसी तरह जब तक उसे बाहर निकलवाया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद भी सांस चलने की आशंका पर उसे तुरंत एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी ले लाया गया जहां डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने घटनास्थल को देखा। कमासिन थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि वाहन अचानक संतुलन बिगड़ने से खंती में पलट गया।

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, युवक की जान गई

■ बांदा। गिरवां थाना क्षेत्र के मुरवा गांव के मजरा सदलपुरवा निवासी 38 वर्षीय पप्पू पुत्र सदल मंगलवार की सुबह बाइक से अपनी ससुराल नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नौहाई गांव जा रहा था। तभी कच्ची सड़क के पास सामने से आ रहे साइकिल सवार को बचाने में बाइक आनियंत्रित होकर गिर पड़ी। नजदीक लगी बारी के बांस बल्ली से टकरा गई। जिससे पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर पहुंच गए। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के साले राजू ने बताया कि पप्पू किसानी करता था।

### दीवार गिरने से मजदूर की मौत

■ नरैनी। कोतवाली क्षेत्र के गुढा कला में मजरा मैकी पुरवा निवासी 55 वर्षीय चुन्नीलाल पुत्र गोरेलाल अपने छोटे भाई बुद्धविलास के साथ मंगलवार को पड़ोसी बाबू के यहां छप्पर की मरम्मत करने की गए थे। बुद्धविलास छप्पर के ऊपर चढ़ा था। चुन्नीलाल नसेनी पर खड़ा था। तभी अचानक कच्ची दीवार भर भराकर ढह गई जिससे चुन्नीलाल मलबे में दब गया। कड़ी मशक्कत के बाद जब तक उसे मलबे से बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के भाई रामशरण ने बताया कि वह मजदूरी करता था।

### आग से झुलसी युवती ने दम तोड़ा

■ बांदा। अतर्रा थाना के नदना गांव निवासी लक्ष्मी देवी (22) पत्नी विनय कुमार एक माह पहले गैस से खाना बनाते समय आग लग जाने से झुलस गई थी। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार होने के बाद परिजन घर ले गए। मंगलवार की शाम उसकी दोबारा हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# कन्या भ्रूण हत्या-लिंग निर्धारण किया तो जाना होगा जेल

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- विधिक शिविर में अपर जिला जज ने किया जागरूक
- संबंधित विज्ञापन देने पर हो सकती है जेल और जुर्माना


अपर जिला जज श्रीपाल सिंह।

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज बब्बू सारंग के निर्देशन में बुधवार को सदर तहसील सभागार में भ्रूण हत्या और लिंग निर्धरित के प्रति जागरूकता लाने के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में न्यायिक अधिकारियों ने कन्या भ्रूण हत्या और लिंग निर्धारण को दंडनीय अपराध बताया।

बुधवार को तहसील सभागार में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए अपर जिला जज श्रीपाल सिंह ने गर्भधारण व प्रसवपूर्ण निदान तकनीक अधिनियम की जानकारी दी। बताया कि देश में गिरते लिंगानुपात पर काबू पाने के लिए प्रसवपूर्व लिंग चयन को प्रतिबंधित किया गया है। कहा कि इस अधिनियम में निर्दिष्ट उद्देश्य के अतिरिक्त किसी अन्य उद्देश्य के लिए प्रसवपूर्व निदान तकनीक का इस्तेमाल करना अपराध हैं। अल्ट्रासाउण्ड मशीन या भ्रूण के लिंग का पता लगाने में सक्षम किसी भी अन्य उपकरण की बिकी, वितरण, आपूर्ति, किराये पर लेना आदि पूर्णतः निषिद्ध हैं। कोई भी व्यक्ति जो नोटिस, सर्कुलर, लेबल अथवा किसी दस्तावेज के रुप में प्रसवपूर्व और गर्भधारण पूर्व लिंग चयन सम्बंधी सुविधाओं का विज्ञापन देता हैं या फिर इलेक्ट्रॉनिक अथवा प्रिन्ट रुप से अन्य मीडिया के माध्यम से विज्ञाप्ति करता हैं, ऐसे व्यक्ति, संस्थान या केन्द्र संचालक को तीन वर्ष तक की सजा एवं दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता हैं। सदर तहसीलदार राधेश्याम सिंह ने कहा कि यह अधिनियम अल्ट्रासाउण्ड मशीन जैसे प्रसवपूर्व निदान तकनीकों के उपयोग को विनियमित करता हैं और इस प्रकार की मशीनों को केवल आनुवांशिक असामान्यताओं, क्रोमोसोमल असामान्यताओं, कुछ जन्मजात विकृतियों, हीमोग्लोबिनोपैथी तथा लिंग सम्बंधी विकार का पता लगाने के लिए उपयोग में लाने की अनुमति देता है।

शिविर में नायब तहसीलदार विवेक कुमार, राजस्व लिपिक बुशरा खानम, कुसुम यादव, राशिद अहमद, राजकुमार, शिवाकांत पांडेय, हर्षित आदि मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में प्री-लिटिगेशन पीठ के प्रधान न्यायाधीश रोहित सिन्हा और मध्यस्थ शिवकुमार मिश्रा के प्रयास से राजेंद्र बनाम आरती वैवाहिक वाद में दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता कराकर दोनों पक्षों को पारिवारिक कर्तव्यों का निर्वहन करने की नसीहत दी गई।


धान की नर्सरी का प्रशिक्षण देते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

# किसानों को सिखाए धान की बेहतर नर्सरी लगाने के गुर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में संचालित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को धान की बेहतर नर्सरी स्थापित करने को लेकर प्रशिक्षण दिया।

बुधवार को बड़ोखर खुर्द ब्लाक के पचनेही गांव में धान की नर्सरी प्रबंधन विषय पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष वैज्ञानिक डा.श्याम सिंह ने किसानों के साथ धान की नर्सरी स्थापित करने के लिए बीज शोधन और नर्सरी की प्रारंभिक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। बताया कि एक हेक्टेयर खेत में धान रोपाई के लिए एक हजार वर्गमीटर की नर्सरी लगानी चाहिए। बताया धान की अलग अलग किस्मों के लिए बीज की अलग अलग मात्रा निर्धारित होती है। उन्होंने बीजोपचार, नर्सरी की प्रारंभिक तैयारी, सिंचाई और सुरक्षा की तमाम विधियां बताईं। प्रशिक्षण गांव के 25 किसानों ने प्रतिभाग किया।

## करंट की चपेट में आने से दो लाइनमैन झुलसे

**बांदा।** खंम्भे में चढ़ कर फाल्ट ठीक कर रहे दो लाइनमैन हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से झुलस गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

तिंदवारी थाना क्षेत्र के परसौड़ा गांव निवासी 30 वर्षीय अशोक पुत्र शिवकुमार, और इसी थाना क्षेत्र के अमरइया गांव निवासी 28 वर्षीय सुखबीर पुत्र जागेश्वर तिंदवारी सब स्टेशन में संबिदा पर लाइन मैन है। बुधवार की दोपहर परसौड़ा गांव में खंम्भे में चढ़ कर दोनो लोग फाल्ट ठीक कर रहे थे। तभी हाईटेशन करंट लग जाने से दोनो लाइनमैन जलते हुए खंम्भे से नीचे आ गिरे। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों को पीएचसी तिंदवारी में भर्ती कराया जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनो ने दोनो को यहां लाकर भर्ती कराया। लाइन मैन अशोक का कहना है कि उसने फोन पर शटडाउन लिया था। जानबूझ कर लाइन चालू कर दी गई।

# मुख्य अभियंता ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने का किया दावा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- मेरठ से तबादला होकर आए राजीव गर्ग ने संभाला कार्यभार
- नहीं हुई अधिशासी अभियंता नगरीय की तैनाती


मुख्य अभियंता का स्वागत करते एक्सइएन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हाल ही में विद्युत विभाग की तबादला एक्सप्रेस ने फर्राटा भरा तो तकरीबन सभी अभियंताओं की तैनाती स्थलों में फेरबदल हो गया। शासन स्तर से मुख्य अभियंता से लेकर अधिशासी अभियंता तक का डिस्कॉम ही बदल दिया गया। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अभियंताओं को जहां पूर्वांचल, मध्यांचल व पश्चिमांचल निगम में भेज दिया गया, वहीं दूसरे वितरण निगमों से अधिकारियों को यहां भेजा गया। मुख्य अभियंता समेत जिले में तैनात अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता नगरीय को अलग अलग जगहों पर भेजा गया है।

बुधवार को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम मेरठ से तबादला होकर यहां आए राजीव गर्ग ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। मूल रूप से रोहतक के निवासी राजीव गर्ग को शासन ने पश्चिमांचल से दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में भेजा था और अब उन्हें विद्युत वितरण मंडल बांदा क्षेत्र का मुख्य अभियंता बनाया गया है। हालांकि अभी तक शासन स्तर से यहां अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता नगरीय की तैनाती नहीं की गई है। मुख्य अभियंता राजीव गर्ग ने चित्रकूटधाम मंडल की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त रखने और लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने का भरोसा दिलाया है। अधिशासी अभियंता ग्रामीण उदय प्रताप सिंह, एक्सइएन अतर्रा दीपक सचान, एक्सइएन स्टोर छोटेलाल समेत ईडीसी यूनियन के जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा और महामंत्री राकेश कुमार आदि ने नए मुख्य अभियंता का जोरदार स्वागत किया।

# मंडलायुक्त ने पत्नी के साथ किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- कम से कम एक पौधा लगाने और संरक्षण की दी नसीहत


पत्नी के साथ पौधरोपण करते आयुक्त।

**अमृत विचार।** पहली जुलाई से शुरू हुए वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत बुधवार को मंडलायुक्त ने सपत्नीक पौधरोपण किया और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने की नसीहत दी। कहा कि पौधरोपण से जहां वातावरण शुद्ध रहता है, वहीं पर्यावरण का संतुलन बना रहता है।

बुधवार को चित्रकूटधाम मंडलायुक्त कैंप कार्यालय में वन महोत्सव का आगाज करते हुए मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी और उनकी पत्नी स्नेहा त्रिपाठी ने आम, जामुन आदि फलदार पौधे लगाए। आयुक्त ने बताया कि वन महोत्सव के अंतर्गत जिले में 64 लाख वृक्ष लगाने का लक्ष्य शासन स्तर से निर्धारित किया गया है। उन्होंने जनपद के लोगों को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित व सुरक्षित रखने का आह्वान किया। इस मौके पर अपर आयुक्त अमरपाल सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार समेत वन विभाग के रेंजर और अन्य कर्मचारियों ने भी फलदार पौधे रोपित किए और वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

# साइबर अपराध से बचाव के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बांदा


छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देती पुलिस। अमृत विचार

- पुलिस ने मधुसूदन इंटर कॉलेज में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के दिशा निर्देशन पर साइबर अपराधों की रोकथाम और उससे बचने के लिए लोगों को जागरुक करने के चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जसपुरा थाना पुलिस द्वारा मधुसूदनदास इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध और उससे बचाव के बारे में जागरूक किया गया।

मधुसूदनदास इँटर कॉलेज में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम के तहत जसपुरा थाना पुलिस ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि वह अपनी ओटीपी किसी व्यक्ति से साझा न करें। अंजान वीडियो कॉल रिसीव न करें। लॉटरी/ईनाम के कॉल, मैसेज के फ्राड होने की सम्भावना होने, अनजान व्यक्ति को यूपीआई पिन न बताने, किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर स्क्रीन शेयरिंग एप (जैसे एनी डेस्क, क्वीक सपोर्ट, टीमव्यूवर, स्क्रीन मिरर आदि) अपने फोन में कभी भी इंस्टाल न करें। उन्होंने सोशल नेटवर्किंग साइट पर होने वाले फ्राड की जानकारी दी तथा साइबर अपराध से तत्काल सुरक्षा व शिकायत दर्ज कराने के लिए साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे में जानकारी दी गयी। साइबर फ्रॉड होने पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदान की गयी वेवसाइट की भी जानकारी दी गयी। उन्होंने छात्राओं को कहा कि यदि किसी के साथ साइबर अपराध होता है तो तत्काल इसकी शिकायत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थानें में करें।

# सौतेली मां के उत्पीड़न से बच्ची को बचाने की गुहार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** चिल्ला थाना क्षेत्र ग्राम गुगौली के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को दिए गए शिकायती पत्र में एक सौतेली मां द्वारा पांच वर्ष की बच्ची के साथ किए जा रहे उत्पीड़न से बचाने की जोरदार मांग की है।

गुगौली के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एक सौतेली मां द्वारा पांच वर्ष की छोटी बच्ची के साथ मारपीट करने, पहनने के लिए कपड़े न देने, भरपेट भोजन न देने जैसी घटना प्रतिदिन घट रही है, जिससे बच्ची का जीना मुहाल हो गया है। उनका यह भी आरोप है कि कभी-कभी तो बच्ची को यह सौतेली मां रात में मारपीट कर घर से बाहर निकाल देती है। इस स्थिति में पड़ोसी ही बच्ची की मदद करते हैं। चूंकि प्रतिदिन हो रहे उत्पीड़न से बच्ची को बचाने के लिए जरूरी है कि उसका संरक्षण किया जाए। उन्होंने थाना प्रभारी से मांग की है कि सौतेली मां द्वारा बच्ची के साथ किए जाने वाले उत्पीड़न को रोका जाए। थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देने वाले ग्रामीणों में प्रीतम सिंह, सोनू सिंह, रहूफ खान, दीपक, दिव्यांशु, अमरनाथ आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**अतर्रा।** थाना क्षेत्र के बांदा रेललाइन में पोल संख्या 1346 खम्हौरा क्रासिंग के पास बुद्धवार की सुबह चार बजे करीब 25 वर्षीय युवक का कटा शव रेलवे पटरी में पड़ा हुआ था। जिसे देख गेटमैन ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पटरी से निकलवाकर शिनाख्त का काफी प्रयास किया, लेकिन दोपहर तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। युवक ने नीली जीन्स व लाल शर्ट पहन रखी थी। थाना प्रभारी केडी त्रिपाठी कहना है कि प्रथम दृष्टया ट्रेन में कटकर आत्महत्या करने का मामला प्रतीत हो रहा है। युवक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। आसपास रहने वाले लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### युवती ने जहर खाया

**बांदा।** बबेरू कस्बा के अतर्रा रोड निवासी 40 पुष्पा पत्नी अजय ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को पता चला। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### ट्रैक्टर पलटने से युवक घायल

**बांदा।** छतरपुर जिला के चुकेहटा गांव निवासी 32 वर्षीय राजकरन पुत्र बुआराम मंगलवार की शाम ट्रैक्टर पलट जाने से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आरोप | पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने साधा सरकार की नीतियों पर निशाना

# सरकार की नीतियां न तो शिक्षकों के हित में, न ही छात्रों के

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)



बैठक को संबोधित करते मंडलीय मंत्री मेजर मिथलेश कुमार पांडेय।

- माध्यमिक शिक्षक संघ 25 जुलाई से करेगा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में बुधवार को जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें संघ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने शिक्षा के व्यवसायीकरण को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि सरकार की अदूरदर्शी नीतियां न तो शिक्षकों के हित में हैं और न ही छात्र हितैषी। ऐसे में उन्होंने शिक्षकों को संगठित रह कर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। पूर्व शिक्षक विधायक ने विभिन्न समस्याओं को लेकर आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर भी चर्चा की।

बुधवार को कस्बा स्थित हिंदू इंटर कालेज में माध्यमिक शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सरकार लगातार शिक्षकों की उपलब्धियों को छीनने का काम कर रही है और उनका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने नई शिक्षा नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि अदूरदर्शी सोच, मूल्यहीन शिक्षा लागू करके छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। कहा कि एक समय में यूपी बोर्ड देश के सभी शिक्षा बोर्डों से श्रेष्ठ हुआ करता था, लेकिन मौजूदा समय में सरकार के मनमाने रवैये से शिक्षा व्यवस्था रसातल की ओर जा रही है। पूर्व शिक्षक विधायक ने शिक्षक समुदाय को संगठित रहने और अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। उन्होंने आंदोलन की आगामी रूपरेखा बताते हुए कहा कि विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर 25 जुलाई को प्रदेश सभी जनपद मुख्यालयों में विशाल धरना आयोजित किया जाएगा और सरकारी नुमाइंदों के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजा जाएगा। वहीं 9 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में शिक्षक मोटरसाइकिल रैली निकालकर मांगों के समर्थन में हुंकार भरेंगे।

मंडलीय मंत्री मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने संघर्ष के रास्ते को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि शिक्षकों को प्राप्त उपलब्धियां सरकार की कृपा से नहीं बल्कि शिक्षकों संघर्ष की बदौलत मिली हैं। उन्होंने एकजुटता को किसी भी संगठन की ताकत बताया। बैठक के दौरान हाल ही में अप्रैल 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों पर चयनित शिक्षकों को पुरानी पेंशन व्यवस्था से आच्छादित करने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया। वहीं सभी को पुरानी से जोड़ने के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया। संघ के जिलाध्यक्ष संदीप गर्ग ने सभी का जोरदार स्वागत किया। हिंदू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा.राकेश कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष द्विवेदी ने किया। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश तिवारी, पतिराखन सिंह, प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद पांडेय, लाल बिहारी कुशवाहा, प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी, प्रमोद चतुर्वेदी, सूरज प्रजापति, आशा द्विवेदी, शिल्पी रानी, श्वेता गौतम समेत तमाम शिक्षक शामिल रहे।

# कुलदीप को स्वच्छता योद्धा सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- नगर पालिका चेयरमैन के प्रतिनिधि ने समाजसेवी को किया सम्मानित
- स्वच्छ भारत मिशन में सराहनीय कार्य और लोगों को भी प्रेरित करते रहते हैं


समाजसेवी को सम्मानित करते चेयरमैन प्रतिनिधि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के वरिष्ठ समाजसेवी आरटीआई एक्टिविस्ट और नगर पालिका स्वच्छता मिशन के ब्रांड एंबेसडर कुलदीप शुक्ला को स्वच्छता योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। बुधवार को नगर पालिका चेयरमैन के प्रतिनिधि अंकित बासू ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू के प्रतिनिधि अंकित बासू ने बताया है कि समाजसेवी कुलदीप शुक्ला को स्वच्छ भारत मिशन में सराहनीय कार्य करने और अपने आसपास के लोगों को सफाई रखने के लिए प्रेरित करने के लिए स्वच्छता योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया है।

बताया कि कुलदीप स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने के लिए सराहनीय प्रयास करते रहते हैं और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास करते हैं। सम्मान पाकर गदगद हुए कुलदीप ने जनपदवासियों से स्वच्छता अपनाने की अपील की। कहा कि अपने आसपास स्वच्छ वातावरण रखने से संचारी रोगों पर काबू पाया जा सकता है। इस मौके पर सभासद राकेश गुप्ता दद्दू, रामबिहारी साहू, सुरेश कान्हा, सफाई निरीक्षक हेमंत प्रसाद, डीपीएम अभिषेक खरे, दीप कुमार, संजय भारती, पुष्पेंद्र गौतम, धर्मेंद्र साहू आदि मौजूद रहे।

# नशेबाजी से तंग पिता ने लाठी के प्रहार से की पुत्र की हत्या

## मृतक की मां ने कोतवाली में दर्ज कराया मुकदमा, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शराब के लिए मांगता था पैसा न देने पर करता था झगड़ा
- चरखारी थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर की घटना

**अमृत विचार।** आएदिन शराब के लिए पैसा मांगने व न देने पर झगड़ा करने से आजिज आ चुके पिता ने मंगलवार की रात को सोते समय पुत्र की लाठी से प्रहार कर हत्या कर दी। बेटे की चीखपुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी ले गए। डॉक्टरों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

चरखारी थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में बीती रात करीब डेढ़ बजे घटना हुई। पिता रामसहायक अहिरवार ने अपने पुत्र नरेश अहिरवार पर सोते समय लाठी से हमला कर दिया। घायल नरेश को तत्काल ही इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इलाज के लिए लाया गया, उसकी मृत्यु हो गयी। मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिता के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। मां रामदेवी ने बताया कि पुत्र शराब पीकर पिता से अक्सर झगड़ा करता था।

### तीन दिन से लापता व्यक्ति का मिला शव

**महोबा।** तीन दिन से लापता व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक के शरीर पर कई जगह घाव व चोट के निशान पाए गए। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। उधर मृतक के परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है। थाना श्रीनगर के ग्राम भंडरा निवासी जयपाल सिंह उर्फ भोले पुत्र हुकूम सिंह तीन दिन से लापता था। परिजनों द्वारा थाना पुलिस को सूचना देने के बाद उसकी खोजबीन में जुटे हुए थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। मृतक के भाई हीरा ने बताया कि जब ग्रामीण सुबह निकले तो गांव के पास शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी गई और इसके बाद खबर मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए और शव की शिनाख्त जयपाल सिंह के रुप में की गई। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उसके भाई की हत्या कर शव फेंक दिया गया। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

## युवक की मौत के मामले ने पकड़ा तूल हत्या का आरोप

**महोबा।** जनपद के श्रीनगर थाना क्षेत्र के सिजजरी गांव में एक सप्ताह पहले तालाब में डूबने से हुई युवक की मौत के मामले ने नया मोड़ आ गया है। मृतक के पिता ने पुत्र के दोस्त पर उसके ऊपर कूदकर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है।

ग्राम सिजहरी निवासी कालीचरण रैकवार पुत्र गोरेलाल ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि मेरे पुत्र को जानबूझकर उसके दोस्तों ने मारा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि मेरा पुत्र देवेंद्र रैकवार 28 जून को तालाब में नहा रहा था उसी समय गांव का ही मद्दू राजपूत का लड़का छोटू मेरे पुत्र के ऊपर कूद गया जिससे मेरे पुत्र देवेंद्र की डूब कर मौत हो गई। जानकारी मिलते ही सरकारी अस्पताल लेकर आए जहां पर डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया ।

# हाईटेंशन लाइन के चपेट में आया युवक, मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शहर के मोहल्ला जसोदानगर की घटना, ममेरे भाई के यहां आया था


मृतक युवक।


घटना के बाद जिला अस्पताल में खड़े परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली के मोहल्ला जसोदानगर में एक युवक बांस का डंडा लेकर जा रहा था। तभी 33केवी बिजली लाइन के तारों में डंडा छू जाने के कारण उसमें करंट उतर आया। देखते ही देखते युवक को उसने चपेट में ले लिया और उसकी मौत हो गई। धार्मिक आयोजन की तैयारियों में जुटे परिजनों में युवक की मौत से मातम छा गया और रोना पीटना शुरु हो गया। परिजनों व रिश्तेदारों ने बिजली विभाग द्वारा मकान के ऊपर से बिजली हाईटेंशन लाइन निकाले जाने पर बिजली विभाग को युवक की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की है। युवक को करंट लगने से हुई मौत का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो गया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चांदो निवासी देवेंद्र (35) पुत्र रामचरण शहर के मोहल्ला जसोदा नगर में अपने ममेरे भाई सुवेंद्र सिंह के यहां हो रहे धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। परिजन और रिश्तेदार सभी घर में मंदिर जाकर पूजा अर्चना और प्रसाद बनाने के कार्य में जुटे हुए थे, तभी देवेंद्र मंदिर मे झंडा लगाने के लिए बांस का डंडा लेने के लिए मोहल्ले के आसपास चला गया, तभी उसे बारिश के कारण पानी से फीगा हुआ डंडा मिला, तो वह लेकर घर पहुंचने के लिए निकला। बताया कि जैसे ही वह घर के मुख्य गेट पर पहुंचा तभी मकान के ऊपर से निकली 33केवी बिजली लाइन में डंडा छू जाने उसे करंट लग गया और उसका सिर लोहे के गेट से टकराते ही जमीन पर गिर गया और कुछ सेकेंडों में ही उसकी मौत हो गई।

युवक के जमीन पर गिरते ही मौजूद परिजनों में हड़कंप मच गया। लोग युवक के हाथ पैर और सीने को मलने लगे। इसके बाद आनन फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने मकान के कुछ ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन निकाले जाने पर विद्युत विभाग को युवक की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की है। उधर प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह में सुरेंद्र सिंह द्वारा परिवार के कल्याण, सुख, समृद्धि के लिए बब्बा जू के मंदिर में पूजा अर्चना और प्रसाद चढ़ाने जाते है और इस साल भी सभी लोग इसी कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए एकत्र हुए थे, लेकिन इन अनहोनी के चलते यह कार्यक्रम नहीं हो सका।

# खरीफ गोष्ठी में किसानों को बताईं योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेले में लगाए गए स्टाल


मेले में लगाए गए स्टालों का अवलोकन करते सीडीओ व अतिथिगण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कबरई विकासखंड सभागार में कृषि विभाग द्वारा खरीफ किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसान अभ्युदय योजना के माध्यम से किसानों को सोलर पंप प्राप्त करने के साथ साथ खाद-बीज, मोटे अनाज का उत्पादन आदि की जानकारी दी गई। गोष्ठी के मौके पर एवं विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विभाग के अलावा तमाम विभागों व संस्थानों द्वारा स्टाल लगाकर खाद, बीज, पान, मछली के अलावा कृषि यंत्र सम्बन्धी स्टाल लगाकर किसानों व आमजन को रुबरू कराया गया।

विकासखण्ड सभागार कबरई में सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय खरीफ कृषक गोष्ठी एवं विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला का आयोजन कृषि विभाग महोबा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डा. अभय कुमार सिंह यादव, उप कृषि निदेशक ने विभागीय प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए सभी का स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में किसानों को किसान अभ्युदय योजनान्तर्गत सोलर पम्प प्राप्त करने की जानकारी दी एवं किसानों से अपनी क्षमता का अधिकतम उपयोग करते हुए अपने कृषि व्यवसाय में आगे बढ़ने की लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जल संचयन के लिए खेत तालाब, मेड़बन्दी, वृक्षारोपण किए जाने के लिए किसानों को प्रेरित किया। उप निदेशक कृषि ने किसान बीमा, सोलरपंप, आकाशीय बिजली से बचने के उपाय, मोटे अनाज (श्रीअन्न) को उत्पादन, खाद एवं बीज की उपलब्धत की जानकारी भी किसानों को दी साथ ही एफपीओ से जुड़ने के लिए किसानों को जानकारी दी साथ में आत्मा योजनान्तर्गत कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. रामसेवक चौरसिया द्वारा किसानों को उन्नतीशील तकनीकी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन सुशील शर्मा द्वारा किया गया। गोष्ठी में महेश वर्मा, जगभान सिंह सेंगर, शिवरतन सिंह, जनक सिंह परिहार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग, जैविक खेती, बीमा कम्पनी, उद्यान विभाग, मछली पालन, एक्शन एड संस्था, बालाजी एग्रो, खादी ग्रामोद्योग, आशियाना फार्मर प्रोड्यूसर लि. सिजहरी, कृषि रक्षा, पशुपालन, ग्रामोन्नति सेवा संस्थान, किसान बीज भण्डार, पान प्रयोग, उन्नतीशील कृषक सुरेश कुशवाहा चितैया द्वारा अपना स्टाल लगाया गया। मेले का अवलोकन मुख्य विकास अधिकारी एवं गोष्ठी में आए अतिथियों द्वारा किया गया। गोष्ठी व मेला कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों एवं विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। अन्त में उप कृषि निदेशक ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

## बदमाशों ने दंपति को घायल कर लूटे जेवर-नकदी

**महोबा।** कस्बा कबरई के मोहल्ला विशालनगर मोहल्ले में बदमाश रात में एक घर से सोने चांदी के जेवर व 75 हजार नकदी लेकर भाग रहे थे। तभी दंपति की आंख खुल गई, जिस पर बदमाशों ने दंपति पर जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पति पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराकर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

मोहल्ला विशालनगर निवासी मुस्ताक अपनी पत्नी के साथ सो रहा था, तभी रात के समय दो बदमाश घर में घुस गए और अलमारी का ताला तोडकर उसमें रखे करीब दो लाख के सोने चांदी के आभूषण और 75 हजार नगदी लेकर भागने लगे, तभी आवास सुनकर दम्पति उठ गए, लेकिन वह चीखते चिल्लते उससे पहले बदमाशों में चाकूओ से हमला कर घायल कर दिया और फरार हो गए। पुलिस द्वारा दानो घायलों को सीएचसी कबरई में भर्ती कराया गया।

# राहुल के विरोध में राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, महोबा


अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते महासंघ के लोग। अमृत विचार

- विश्व हिंदू महासंघ ने मांग पूरी न होने पर सड़कों पर उतरकर करेंगे प्रदर्शन

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू महासंघ चित्रकूटधाम मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी द्वारा संसद में दिए हिंदू समाज को लेकर दिए गए बयान से नाराज होकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में हिन्दुओं की भावना को आहत पहुंचाने वाले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष से मांफी मागे जाने की मांग की गई। अन्यथा की स्थिति में हिन्दू संघ के कार्यकर्ता सडकों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे।

राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि राहुल गांधी द्वारा अपने बयानों में हिन्दू देवी देवताओं को जोड़ा है, यह सभी बाते राहुल गांधी द्वारा संसद में प्रायोजित तरीके से कही गई है। उन्होंने राहुल गांधी से जबाव मांगते हुए कहा कि हिन्दू समाज ने किस समुदाय के साथ कब और कहां हिंसा की है। सांसद सत्ता के नशे में भूल चुके है कि वर्ष 1990 में देश की ह्रदय स्थली कश्मीर में हिन्दुओं के साथ और उनकी महिलाओं के साथ कितना अत्याचार हुआ था। अत्याचार से कश्मीर हिन्दू कश्मीर से पलायन करने को मजबूर हो गए थे। ज्ञापन में कहा गया कि इसके बाद भी हिन्दू समाज के साथ न जाने कितनी बार अत्याचार हुआ, लेकिन राहुल गांधी ने कभी इस पर बात नहीं की। कांग्रेस सांसद एक विशेष वर्ग को खुश करने के लिए जो बयान दिया है, उससे हिन्दुओं की भावनाएं आहत हुई है। हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में मांग करते हुए सांसद राहुल गांधी से अपनी गलती स्वीकार करने और हिन्दू समाज से मांगे जाने को कहा अगर वह सामूहिक मंच से मांफी नहीं मांगते हैं तो संघ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएगा। ज्ञापन देने वालों में धर्माचार्य जिलाध्यक्ष पं0 देवीशंकर शास्त्री, उपजिलाध्यक्ष राममिलन तिवारी, जिला मंत्री भरत तिवारी आदि रहे।

# फरियादी के साथ पुलिस करे अच्छा व्यवहार

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

- क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली कुलहपहाड़ का किया वार्षिक निरीक्षण

**अमृत विचार।** पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार द्वारा कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान मालखाना, कैंटीन, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष सहित कोतवाली परिसर की साफ सफाई का जायजा लिया। व्यवस्थाएं ठीकठाक पाए जाने पर उन्होंने संतोष जताया। उन्होंने अभिलेखों का बारीकी के साथ देखते हुए लंबित विवेचनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली प्रभारी को निर्देश दिए।

पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा कुलपहाड़ कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान उन्होंने साफ सफाई, माल खाना, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क व फाइलों के रखरखाव का निरीक्षण किया साथ ही भोजनालय में खाना बना रहे फालोवर को भी साफ और स्वच्छ तरीके से भोजन बनाने जाने पर जोर दिया गया। इसके बाद उन्होंने मालखाने में रखे शस्त्रों को भी चेक किया। वहीं कार्यालय व सीसीटीएनएस का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए गए। इसके बाद उन्होंने समस्त अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए लंबित विवेचनाओं पर नाराजगी व्यक्त की।

# सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक उन्मूलन दिवस पर नगर पालिका ने निकाली रैली


शहर में रैली निकालते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक उन्मूलन दिवस में नगर पालिका परिषद महोबा के तत्वावधान में राजकीय बालिका इंटर कालेज से जागरुकता रैली निकाली गयी। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय में समाप्त हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य जनमानस को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश देना रहा।

बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक उन्मूलन दिवस के मौके पर जन जागरूकता रैली आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत जिला मुख्यालय के राजकीय बालिका इण्टर कालेज महोबा से हुआ। रैली नगर के ऊदल चौक, मुख्य बाजार, फल मण्डी, सर्राफा बाजार, खनगा बाजार, छजमनपुरा, कोतवाली, तहसील चौराहा, आल्हा चौक, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज होते हुए जीजीआईसी में समाप्त हुई। रैली में कर्मचारीगण, गणमान्य नागरिक अपने-अपने हाथों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के स्लोगन लिखी तख्तियां लिए चल रहे थे साथ सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार कर, स्वच्छ भारत की ओर बढ़ें। सिंगल यूज प्लास्टिक से आज़ादी के लिए हम अपना कदम बढ़ाएं, इसका कर के बहिष्कार, कर अपना जीवन-उद्धार यह नवोत्सव मनाएं आदि नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक करते नजर आए। रैली के उपरांत स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबंधक जन्मेजय सिंह ने बताया कि विभिन्न क्रियाकलाप 30 जुलाई तक जनपद की समस्त निकायों में सम्पन्न कराये जायेगें।

जीजीआईसी की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक इसलिए खतरनाक है क्योंकि यह मिट्टी की गुणवत्ता को खराब करता है, पानी को दूषित करता है, क्योंकि हर कैटिगरी के प्लास्टिक में रंग, कैमिकल आदि होते हैं। हमारे घरों के कचरे से लेकर पड़ोस के कूड़ेदान तक सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे में सबसे ज्यादा होता है।

यही कचरा नालों से बहकर नदियों और समुद्र तक पहुंचता है, इसलिए हमे सिंग यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। इस मौके पर बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर तमाम लोग मौजूद रहे।

# दुकानों का किराया बढ़ाने से व्यापारी नाराज


पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते व्यापारी मंडल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन देकर किराया कम करने की उठाई मांग

**अमृत विचार।** शहर में नगर पालिका परिषद की निर्मित दुकानों, भूमि, टीनशेड का किराया बढ़ाए जाने के आदेश को वापस लेने व दुकानदारों से सलाह के बाद किराया बढ़ाए जाने का आश्वासन भी व्यापारियों को दिया गया था, लेकिन बिना किसी सूचना के एक बार फिर नगर पालिका द्वारा दुकानों का किराया बढ़ा दिया गया। इससे नाराज भारतीय उद्योग नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापारियों के हित को देखते हुए उचित किराया बढ़ाए जाने की माग की गई है।

नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि शहर में नगर पालिका परिषद महोबा की निर्मित दुकानों, भूमि, टीनशेड की बीस वर्षों से कोई किराया वृद्धि न किए जाने पर पालिका बोर्ड की बैठक में 23 दिसम्बर 2023 को दुकानों के किराए में वृद्धि किए जाने के लिए सर्वसम्मित से प्रस्ताव पारित किया गया था। शासन द्वारा नगर पालिका प्रशासन को निर्देश दिए जाते रहे हैं कि आय में वृद्धि की जाए, जिसको लेकर पालिका की दुकानों का किराया बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जो 1 जनवरी से लागू होगा और दुकानदारों को वर्तमान में निर्धारित किए गए किराए के अनुसार राशि जमा करने के अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने निर्देश दिए हैं, जिस पर दुकानों का मासिक किराया अधिक बढ़ाए जाने पर व्यापारियों ने नगर पालिका के अधिकारियों से मुलाकात कर किराया न बढ़ाए जाने की मांग की गई थी, जिस पर व्यापारियों की मांग मागते हुए भविष्य में किराया बढ़ाए जाने पर व्यापारियों की सलाह लेने और दुकानदारों के हित को देखते हुए किराया बढ़ाए जाने का आश्वासन दिया गया था।

ज्ञापन में बताया कि आश्वासन के बाद भी व्यापारियों के हित को दरकिनार करते हुए बिना सलाह के एक बार फिर शहर की नगर पालिका अधीन दुकानों, टीनशेड, भूमि का किराया बढ़ा दिया गया, जिससे दुकानदारों में व्यापार को लेकर चिंता बढ़ गई और अब उन्हें अपने परिवार के भरण पोषण की चिंता सताने लगी है। व्यापारियों ने बताया कि पहले से ही व्यापार मंदा चल रहा है अब उस पर अतिरिक्त किराए का बोझ ढोना बड़ा मुश्किल नजर आ रहा है। भारतीय उद्योग नगर व्यापार मंडल ने नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापारियों को हित को देखते हुए किराया बढ़ाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हरिश्चंद्र साहू, जिला वरिष्ठ महामंत्री रामजी गुप्ता, मोहम्मद मुशीर, अरुण गुप्ता, मनु गुप्ता, कमलेश आदि रहे।

## शिविर में 137 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**महोबा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आशाराम के निर्देश पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का जूनियर हाई स्कूल मझगवाँ खुर्द, जूनियर हाई स्कूल कैथोरा और प्राथमिक बिद्यालय कैयोरा में आयोजन किया गया। जहां स्वास्थ्य टीम द्वारा 137 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डाक्टर पीएन शर्मा, डॉ. आशुतोष सोनी के अलावा मधुबाला, संगीता सहित तमाम स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ ने स्कूली बच्चों का चेकअप किया। जूनियर हाई स्कूल मझगवाँ खुर्द मे 28, जूनियर हाई स्कूल कैथोरा मे 49 एवं प्राथमिक बिद्यालय कैयोरा मे 60 बच्चो का परीक्षण कर स्वास्थ सलाह दी गई गई। परीक्षण दौरान दिमागी तौर सभी बच्चे सही पाए गए, लेकिन कुछ बच्चों में विटामिन ए, विटामिन डी, दांतों की समस्या होने पर उन्हें निशुल्क दवाएं दीं।

वन महोत्सव | पौधे लगाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने का लिया गया संकल्प

# रैली निकाल पौधरोपण के प्रति किया गया जागरूक

संवाददाता, जैतपुर-महोबा


विद्यालय परिसर में पौधरोपण करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक जुलाई से 7 जुलाई 2024 के चलने वाले वन महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को तीसरे दिन महोबा वन प्रभाग के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज जैतपुर में प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को वृक्षारोपण के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर उपस्थित छात्र छात्राओं व उपस्थित लोगों को प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा एक एक पौधा देकर विद्यालय परिसर में रोपित किया गया। साथ ही पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ वृक्ष बारात के रूप में रैली निकाल कर किया गया। रैली के माध्यम से लोगों को वातारण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौध रोपित करने के लिए जागरुक किया गया। रैली समापन के बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वक्ताओं ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के प्रति अपने विचार व्यक्त कर लोगों को प्रेरित किया। प्रभागीय वनाधिकारी, महोबा द्वारा कहा गया कि जिले में अधिक से अधिक पौधा लगाया जाएंगे और उनकी सिंचाई निरन्तर रूप से की जाय क्योंकि अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण पौधा मर जाता है। पौधों की सुरक्षा पर विषेश ध्यान दिया जाएगा, ताकि आगे आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण सुधार के साथ-साथ अत्यधिक मात्रा में आक्सीजन भी प्राप्त हो सके।

अंत में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं अभियान के अन्तर्गत सभी जनपदवासियों से वृक्षारोपण में सहभागिता की अपील की गयी साथ ही छात्र छात्राओं और कालेज स्टाफ व उपस्थित लोगों को एक एक पौधा मां के नाम लाए जाने के लिए दि गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख जैतपुर संदीप राजपूत, उप जिलाधिकारी कुलपहाड अनुराग प्रसाद द्वारा हरीशंकरी पौधों का रोपण किया गया। वनाधिकारी जैतपुर छेदालाल, प्रधान जैतपुर छोटेलाल, रणविजय सिंह, भगवान चरण मिश्रा व प्रधानाचार्य दयाराम द्वारा पौधों का रोपण किया गया शिक्षकों एवं बच्चों ने भी मां के नाम एक पौधा विद्यालय में रोपित किया।

### मां के नाम लगाए गए पौधे

**पनवाड़ी महोबा।** स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज पनवाड़ी में छतेसर वन रेंज द्वारा वन महोत्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी द्वारा एक बरगद का पौधा मां के नाम लगाया गया, इसके बाद सभी छात्र छात्राओं और कालेज स्टाफ को मां के नाम एक पौधा रोपित करते हुए वन महोत्स मनाया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख ने कहा कि इस पृथ्वी पर पेड़ पौधे न होते तो मानव जीवन भी कल्पना करना भी नमुमकिन होती, लेकिन जब इस धरती पर पेड़ पौधे होने से मानव के साथ इस पृथ्वी का संतुलन बना रहता है तो प्रत्येक व्यक्ति को एक एक पौधा लगाकर उसकी देखभान करना चाहिए, जो हमारे जीवन के लिए अति महत्व है। इस मौक पर सभी ने लगाए गए पौधों की देखभाल करते हुए उसे हरा भरा रखने का संकल्प लिया। अंत में विद्याल के प्रधानाचार्य व स्टाफ ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

एक नजर

### पिता-पुत्र के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दी

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के टोडरपुर गांव में घर के बाहर खड़े युवक के साथ मारपीट करने पर पीड़ित पक्ष ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के टोडरपुर गांव निवासी गयादीन पुत्र पंचा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बुधवार की सुबह वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी मोहल्ले का छंगा व उसके पिता राधेश्याम उसे देखकर अकारण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। जिससे गंभीर चोटें आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवती से गाली-गलौज करने पर रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के मनकी कला गांव में युवती को गाली गलौज करने पर पीड़ित पिता ने थाने में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के मनकी कला गांव निवासी संतोष पुत्र बनवारी निषाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते सोमवार की रात 8 बजे मेरी पुत्री दीक्षा घर के बाहर काम कर रही थी। तभी पारिवारिक विट्टन पत्नी कुंवरलाल बुरी-बुरी गालियां देने लगी। शोर सुनकर कुंवरलाल व उसका पुत्र बृजेश आकर बेटी को गंदी गंदी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 18 वर्षीय युवती को बहला फुसलाकर कर ले जाने पर पीड़ित पिता ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की सुबह जब सो कर जगा तो देखा कि मेरी 18 वर्षीय पुत्री घर में नहीं थी। आस पड़ोस व रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं जानकारी नहीं मिली। काफी खोजबीन करने के बाद पता चला कि सुरेश प्रजापति का लड़का निवासी थाना बिवांर मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

### दंपती के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज

**कुरारा( हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के मंगलपुर गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष ने पति पत्नी के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के मंगलपुर गांव निवासी उदय सिंह पुत्र रमेश ने थाने की दी तहरीर में बताया कि बीते 29 जून को रात के साढ़े 9 बजे घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव निवासी बुद्ध लाल पुत्र लल्लू उसे देखकर अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर डंडे से साथ मारपीट की।

# हाथरस से सकुशल लौटे जिले से गए 68 लोग

## जिले के ग्राम कुंडौरा, बांकी, विदोखर, पाटनपुर में हैं बाबा के अनुयायी, घटना को बता रहे साजिश

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)


शोकसभा में मौजूद शिक्षिकाएं व छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के दरबार में शामिल होने के लिए जिले से 68 लोगों का जत्था एक बस एवं एक बोलेरो में रवाना हुआ था। दरबार में शामिल होने के बाद यह जत्था बुधवार को अर्धरात्रि के बाद सकुशल वापस लौट आया है। बाबा के अनुयायी इस घटना को साजिश बताकर बाबा के प्रति आस्था जता रहे हैं।

साकार विश्व हरि के जिले में बड़ी संख्या में अनुयायी है। एक वर्ष पूर्व तक बाबा के सेवादार जिले में मौजूद रहकर अलग-अलग गांवों में दरबार लगाकर प्रचार प्रसार करते रहे है। उसके बाद उनके अनुयायी अपने स्तर से बैठक लगाकर इस प्रचार प्रसार को आगे बढ़ाते रहे। जिससे पूरे जिले में इनके अनुयायियों की संख्या पांच सौ से अधिक पहुंच चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते छह माह पूर्व तक क्षेत्र के ग्राम कुंडौरा, बांकी, विदोखर, पाटनपुर आदि गांवों में बाबा की फोटो रखकर दरबार लगाकर रिकॉर्डिंग प्रवचनों के साथ अमृत पानी का वितरण किया जाता था। इस अमृत पानी के पीने मात्र से तमाम असाध्य रोगों के साथ भूत प्रेत की बाधा दूर होने का दावा किया जाता है। फिलहाल पिछले छह माह से जिले में कहीं भी दरबार का आयोजन नहीं हुआ है। साकार विश्व हरि के अनुयायी संतराम श्रीवास, कल्लू धुरिया, प्रेम कुमार श्रीवास, देशराज सोनी, ब्रजराज यादव, भवानीदीन, वरदानी कुशवाहा ने बताया कि साकार विश्व हरि के हाथरस में आयोजित दरबार में शामिल होने के लिए जिले के मौदहा, सुमेरपुर, भमौरा, लेवा, पासून, खैरी, विदोखर पुरई, बिदोखर मेदनी से 68 लोगों का एक जत्था बस एवं बोलेरो से पहुंचा था। सभी लोग सकुशल लौट आए हैं। इनको घटना के पीछे साजिश नजर आ रही है। यह लोग बाबा के प्रति अगाध आस्था व्यक्त कर रहे हैं।

जनपद के विभिन्न गांवों में साकार विश्व हरि के दरबार ज्यादातर सार्वजनिक भूमि पर लगाने के साथ कभी-कभार ग्राम पंचायत सचिवालय में भी आयोजन किए गए हैं। बिदोखर मेदनी के प्रधान लालाराम यादव व पुरई के प्रधान सुंदरलाल प्रजापति ने बताया कि उनके यहां खेल मैदान के साथ पंचायत सचिवालय में भी यह लोग अपना दरबार लगा चुके हैं। इनका मानना है कि ज्यादातर गांवों में जहां भी दरबार लगे हैं वह सार्वजनिक भूमि पर ही लगाए गए हैं और इन दरबारों की प्रशासन की ओर से कोई अनुमति भी नहीं ली जाती रही है।

### हाथरस की घटना को लेकर शोक सभा की

**हमीरपुर।** हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे के फुलराई गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां साकार विश्व हरि बाबा का सत्संग चल रहा था। सत्संग समापत होने के बाद यहां से जैसे ही भीड़ निकलना शुरू हुई तो भगदड़ मच गई। भगदड़ में अब तक 116 से ज्यादा लोगों की मौत होने के बात सामने आई है। न्यूज पेपर में यह मौतों की खबर सुनकर लोगों के आंखे में आंसू निकल आए। बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मरने वाले लोगों के लिए छात्राओं व शिक्षकाओं ने दो मिनट का मौन रखा। प्रधानाचार्य सरस्वती देवी ने बच्चों को बताया की उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक बड़ा हादसा हुआ है जिसमें 116 लोगों की मौत हो गई है। शिक्षिका प्रेरणा सिंह ने छात्राओं को बताया कि यह हादसा भगदड़ मच जाने से हुआ है। उसमें कई महिलाओं व बच्चों की भी मौत हुई है। कहा ऐसी भीड़ भाड़ की जगह जाने से बचें और अपने घर में सभी को बताओ की भीड़ भाड़ जगह न जाएं। शोकसभा में अंजना खरे, सुषमा निगम, आरती सक्सेना, शिवांगी, नेहा गुप्ता मौजूद रहे।

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


पीस कमेटी की बैठक लेते जिलाधिकारी राहुल पांडेय व एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा।

**अमृत विचार।** आगामी मोहर्रम पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोगों से पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। साथ ही सोशल मीडिया में गलत अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने कहा कि आने वाले मोहर्रम का त्योहार परंपरागत ढंग से शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए। इसमें कोई नई परंपरा न डाली जाय। कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मोहर्रम जुलूस के रूट को देख लिया जाय तथा उस रूट के विद्युत लाइनों का उच्चीकरण करा दें। ताजिया की लंबाई आदि को भी भलीभांति देख ले। प्रतिबंधित पशु के मालिकों से बात कर यह सुनिश्चित करें कि उन पशुओं को खुले में न छोड़ें। कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा त्योहार के दिन मौके पर अवश्य जाएं। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। कहा कि त्योहार में पेयजल एवं विद्युत की आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं होना चाहिए। पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा ने कहा कि कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे किसी दूसरे की भावना को ठेस पहुंचे। पुलिस की नजर सोशल मीडिया पर विशेष तौर पर रहेगी तथा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी, एडीएम (न्यायिक) डॉ.नागेंद्र नाथ यादव, एएसपी ,समस्त एसडीएम व सीओ, थाना प्रभारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत, पीस कमेटी के सदस्य, विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम व सीओ की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक

**सरीला (हमीरपुर)।** पुलिस चौकी सरीला में मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर एसडीएम व सीओ की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। आगामी मोहर्रम व सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर सीओ आशीष कुमार यादव की अध्यक्षता में बुधवार शाम को जरिया थाना के पुलिस चौकी सरीला में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। इसमें आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। एसडीएम राजकुमार गुप्ता ने मोहर्रम पर आपसी भाईचारे को इसी तरह बनाये रखने की बात कही। सीओ आशीष कुमार यादव कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग न हो इसको लेकर पुलिस जगह जगह भ्रमण कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक भरत कुमार ने हाथरस घटना को लेकर कहा कि त्यौहारों में भीड़ को देखते हुए नजर बनाए रखें। यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखायी दे या फिर अराजकता फैलाता हुआ दिखायी दे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। गाइडलाइन एवं निर्देशों के संबंध में अवगत कराते हुए त्योहारों पर शांति बनाए रखने की अपील की।

# मृतक युवक का आरोपित के घर था आना-जाना

फालोअप

- मृतक के परिजनों ने वायरल किए आरोपियों के साथ फोटो
- आरोपी पुलिस की पकड़ से अभी भी दूर

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** प्रेम संबंध के चलते फर्जी मुकदमे में फंसाये जाने की आशंका में गोली मारकर आत्महत्या करने वाले युवक के प्रकरण में नित नया मोड़ आ रहा है। सोमवार को सुबह घटना को अंजाम देने के बाद बुधवार को परिजनों ने आरोपियों के साथ अंतरंग फोटोज सोशल मीडिया में वायरल करके यह साबित करने की कोशिश की है कि मृतक आरोपियों का बेहद करीबी बन गया था और उसका सभी के पास बेरोकटोक आना जाना था।

बीते सोमवार को नेहा चौराहा के समीप रहने वाले रामबाबू उर्फ रजवा सोनी के इकलौते पुत्र अंकित उर्फ मोंटी सोनी (26) ने प्रेम संबंध के मामले में फर्जी मुकदमे में फंसाए जाने की आशंका के चलते गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर कस्बे के रेलवे क्रॉसिंग के समीप रहने वाले एक ही परिवार के 6 लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज किया था। मृतक ने गोली मारने के पूर्व योगी जी को संबोधित एक वीडियो बनाकर पूरे परिवार को दोषी बताकर अपने मां-बाप से माफी मांगने का जिक्र किया था। यह वीडियो सोमवार को देर शाम वायरल हुआ था। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। बुधवार को मृतक के परिजनों, मित्रों, रिश्तेदारों ने आरोपित परिवार के साथ बनाए गए कुछ अंतरंग फोटो सोशल मीडिया में वायरल करके यह जताने की कोशिश की है कि मृतक आरोपियों का बेहद करीबी था और उसका घर के अंदर बाहर बेरोकटोक आना जाना था। उधर घटना के 54 घंटे गुजर जाने के बाद पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार छापेमारी कर रही है लेकिन उसके हाथ खाली हैं। उधर चर्चा है कि आरोपी कस्बे के एक भाजपा नेता के वाहन से कस्बा छोड़कर फरार हुए हैं। यह भाजपा नेता आरोपियों को बचाने में जुटा हुआ है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की सक्रियता के साथ तलाश की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# एसपी ने 53 उपनिरीक्षक व आरक्षियों का किया तबादला

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक को थाना सिसोलर लगाया

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने 53 आरक्षी व उपनिरीक्षक का फेरबदल किया है। जिसमें 21 उप निरीक्षक व 32 आरक्षी शामिल है। पुलिस लाइन से उप निरीक्षकों में मो महफूज को थाना सिसोलर, हरिश्चन्द्र सिंह को थाना मौदहा, कमलापति त्रिपाठी को थाना सुमेरपुर, रामदेव पटेल को थाना जलालपुर, जय सिंह को थाना सुमेरपुर, राजू सिंह को सदर कोतवाली, शिव सागर मिश्रा को थाना मौदहा, माताफल मिश्रा को थाना जलालपुर, शिव बहादुर सरोज को थाना कुरारा, ललित कुमार तिवारी को थाना मुस्करा, लालबाबू को थाना जलालपुर, राम शिरोमणि यादव को थाना मुस्करा, राजबहादुर यादव सदर कोतवाली, स्वतंत्र देव मिश्रा को थाना मौदहा, सतीशचन्द्र मिश्रा को रिट सेल, योगेन्द्र बहादुर को थाना राठ से चौकी प्रभारी रामलीला, रमाशंकर को थाना बिवांर, गुलाब चन्द्र सिंह को थाना राठ, रवेन्द्र सिंह को थाना जलालपुर, मोतीलाल को न्यायालय सुरक्षा, गिरीश मिश्रा को थाना जलालपुर से पुलिस लाइन भेजा गया है।

# ब्लाक में नहीं मिल रहे अधिकारी, फरियादी परेशान

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- एडीएम शांतुन कुमार के चार्ज छोड़ने के बाद से है समस्या
- आवास, शौचालय, पेंशन की समस्या लेकर गए थे लोग


ब्लाक कार्यालय परिसर में अधिकारियों का इंतजार करते फरियादी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डिप्टी कलेक्टर शांतुन कुमार सिनसिनवार के चार्ज छोड़ने के बाद जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार लेने के उपरांत आज तक ब्लॉक कार्यालय का रुख नहीं किया है। इससे ब्लॉक आने वाले फरियादी परेशान है। बीडीओ के नदारत रहने से अन्य कर्मी भी बेलगाम हो गए हैं।

बुधवार को ब्लॉक कार्यालय में फरियादियों का तांता लगा हुआ था। लेकिन प्रभारी बीडीओ/ डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों के केबिन खाली पड़े रहे। कार्यालय आने वाले फरियादियों को पीने का पानी तक नहीं मिला। चबूतरे में रखे घड़े खाली पड़े हुए थ। टेढ़ा के रामबाबू, अश्विनी कुमार, कृष्णा देवी, छानी खुर्द के बालकिशन, शिवबंदी, सिकरी के छोटेलाल आदि ने बताया कि वह आवास, शौचालय, पेंशन, किसान सम्मन निधि आदि की शिकायतों के लिए निस्तारण के लिए ब्लॉक कार्यालय आए हुए थे। लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी कार्यालय पर नहीं मिला है। इसलिए बैरंग लौट रहे हैं। मुख्यालय से वापस लौटे लेखाकार इमरान खान ने बताया कि मुख्यालय में मीटिंग होने के कारण सभी अधिकारी बैठक में गए हैं। इस वजह से ब्लॉक खाली है।

प्रभारी खंड विकास अधिकारी क्यों नहीं आ रहे हैं। इस पर वह बोले की यह अधिकारियों का मामला है। वह कुछ नहीं कह सकते हैं। क्योंकि उनके पास तमाम जिम्मेदारियां होती है।

निखरेंगी प्रतिभाएं | ग्राम पंचायतों में गठित किए 660 दल, 37 युवा व महिला दलों के नाम शासन को भेजे

# मंगल दलों को जल्द मिलेंगी खेल किटें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जनपद की 330 ग्राम पंचायतों में नौ-नौ सदस्यीय पुरुष व महिला 660 युवक मंगल दलों का गठन किया जा चुका है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए मंगल दलों को किट का वितरण शासन की ओर से किया जाना है। इसके लिए 37 युवा और महिला दलों के नाम शासन को भेजे गए हैं। चयनित दलों को शासन की ओर से जल्द ही किटें भेजी जाएंगी।

शासन की मंशा है कि युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी दक्ष किया जाए। ऐसे में युवा कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित युवा और महिला मंगल दलों के गठन पर जोर दिया गया है।

जिले की 330 ग्राम पंचायतों में 660 मंगल दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक युवक व एक महिला दल बनाया गया है।

प्रत्येक दल में कम से कम नौ युवा शामिल हैं। वर्ष 2023-24 में चयनित युवक मंगल दलों को किट दी जानी हैं। चयनित दलों में 37 युवा और महिला दलों के नाम शासन को भेजे गए हैं। इनको जल्द ही किट मिलने की उम्मीद है।

### ऑनलाइन आवेदन करने पर होता चयन

शासन की मंशा अनुरूप युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना है। जो योजनाएं संचालित हैं उनके बारे में भी लोगों का बताया जाएगा। ताकि वह जागरूक हो सकें और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकें। मंगल दल से जुड़ने के लिए विभाग में संपर्क करना होता है। साथ ही ऑनलाइन आवेदन के बाद उनका चयन किया जाता है।

### सीधे शासन से आती है किट

- हर वर्ष मंगल दल के लिए शासन किट भेजता है। इसमें फुटबॉल, वॉलीबॉल, नेट, रस्सी आदि सामान दिया जाता है। खेलने के बाद यह सामान संबंधित मंगल दल को विभाग में वापस जमा करना होता है।

### बोले अधिकारी

शासन की ओर से दलों को किट दी जानी हैं। जिसके लिए 37 दलों के नाम चयनित कर शासन को भेजे गए हैं। कहा कि वर्ष 22-23 में 126 दलों को किट उपलब्ध कराई थी। कोई युवक व महिला अब भी मंगल दल से जुड़ना चाहते हैं तो वह सदस्य के रूप में जुड़ सकते हैं।

**राहुल सिद्धार्थ, जिला युवा कल्याण अधिकारी**

# पारिवारिजनों पर लगाया पति को गायब करने का आरोप

**राठ(हमीरपुर)।** तहसील क्षेत्र के मझगवां थाना अंतर्गत ग्राम आठ गांवों के निवासी महिला संतोष रानी पत्नी बलदाऊ ने पुलिस उपाधीक्षक राठ को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके परिवार के ही दबंग युवक जितेंद्र ने उनकी कृषि की जमीन का बैनामा कराने के लालच के चलते उसके पति बलदाऊ को गायब करते हुए भूमिगत कर दिया है। बताया कि उक्त दबंग बीती 25 जून 2014 को सुबह उसके पति बलदाऊ को तीन-चार लोगों के साथ घर से जबरन उठाकर ले गया। तथा पता करने पर उसे कुछ भी पता नहीं चला सका। महिला संतोषरानी ने बताया कि दबंग जितेंद्र ने उसके पति को कृषि भूमि की रजिस्ट्री कराने के चक्कर में कहीं पर छुपा दिया है। बताया कि उक्त जितेंद्र उनकी पैतृक कृषि भूमि का बैनामा करने की फिराक में लगा हुआ है। बताया कि उन्होंने वर्ष 2022 में उक्त जितेंद्र के ऊपर मारपीट करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके संबंध में दबंग जितेंद्र उन पर राजी नामा करने का दबाव बना रहा है तथा राजीनामा ना करने की सूरत में धमकियां देता है। महिला संतोषरानी ने पुलिस उपाधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आवश्यक कार्रवाई की गुहार लगाई है।

सार-संक्षेप


तैयार किए गए पोस्टर दिखाते बच्चे। अमृत विचार

### चित्रकला प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**हमीरपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से श्री राम बाल संस्कार शाला में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रत्येक कक्षा के बच्चों ने प्रतिभाग किया और अपने विचारों को कला के द्वारा सुंदर प्राकृतिक चित्रों को बनाकर प्रस्तुत किया। इस आयोजन में विद्यालय के बच्चे संजना, संगीता, ईशु, पीयूष, अरमान, प्रवीण, आयुष, प्रतीक, वैभव, अंजलि, युगराज, गुलशन, महेंद्र, रविकरन, आदित्य, देवेन्द्र, शिवा, तान्या, शिवानी आदि बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय की प्रधानाचार्या शकुंतला, रीता, पूनम, लक्ष्मी, झानदीप एवं गायत्री परिवार युवा मंडल की नीलम बहन, विशाखा व शिक्षक गोपाल द्वारा संपन्न कराई गई।


कार्यक्रम में मौजूद वन स्टॉप सेंटर की महिलाएं। अमृत विचार

### छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**हमीरपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत वन स्टाफ सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने संयुक्त रूप से कैंप लगाकर न्यू सिटी मांटेसरी और आर्य समाज स्कूल की छात्राओं को महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा के बारे में जागरूक किया। साथ ही विभाग द्वारा चल रही योजनाओं का प्रचार, प्रसार और छात्राओं के उत्पीड़न, हिंसा बारे में जानकारी दी। वहीं वन स्टॉप सेंटर परामर्शदाता रीना ने विभाग से चल रही योजनाओं के बारे में बताया। कहा उनके विभाग से छात्राएं ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ ले सकती हैं। इस मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर रचना बाजपेयी व दीक्षा सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


नाला निर्माण का निरीक्षण करतीं चेयरमैन आशारानी कबीर।

### एक सप्ताह में पूरा करें नाला निर्माण का कार्य : आशारानी

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड नम्बर तीन में बन रहे निर्माणाधीन नाला का चेयरमैन ने निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार से कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कस्बा के वार्ड नम्बर तीन कुरारा बेरी मार्ग में करीब दस दिनों से नव निर्मित नाला का निर्माण कार्य चल रहा है। वार्ड में लोगों के घरों व दुकानों के सामने नाला की मिट्टी पड़ी होने से बारिश के मौसम में दलदल होने से लोगों को आवागमन करने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों की परेशानी को देखते हुए बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने बन रहे नाला का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने ठेकेदार से नाला का निर्माण एक सप्ताह के अंदर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।



पीस कमेटी में मौजूद लोग।

### पीस कमेटी की बैठक में नए कानूनों की दी जानकारी

**मुस्करा (हमीरपुर)।** देश भर में लागू हुए तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रति लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए कोतवाली मुस्करा में शांति समिति की बैठक की गई। कोतवाली प्रभारी शशि पांडे ने बताया कि जुलाई से लागू नवीन अपराधिक कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसके माध्यम से आमजन मानस को पंपलेट आदि वितरित कर नए कानून के प्रावधानों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। पीस कमेटी की बैठक में आगामी मोहर्रम के त्योहार को ध्यान में रखते हुए मुस्लिम भाइयों के विचार, सुरक्षा आदि विषय में जानकारी ली गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के की अपील की। बैठक में पूर्व प्रधान त्रिभुवन सिंह राजपूत, भूपेंद्र सिंह प्रधान, मिलन राजपूत, वीरेंद्र सिंह प्रधान, श्याम खान, अजीमुद्दीन सिद्दीकी सौदागर, मोहम्मद आजाद व बसवारी इमलिया पहाड़ी ताजियादार उपस्थित रहे।


छात्राओं को कागज के थैले वितरित करतीं शिक्षिकाएं।

### प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस मनाया

**मौदहा (हमीरपुर)।** अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस पर नगर के समाजसेवियों ने विद्यालयों में बालिकाओं को पॉलिथीन से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। इसी के साथ उन्हें कागज व कपड़े के बैग प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अंजलि प्रिया गौतम, प्रवक्ता दीपिका शर्मा, सुषमा सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने पॉलिथीन मुक्ति दिवस पर बच्चों को प्लास्टिक बैग से होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया। साथ ही कागज के बने थैलों का वितरण किया गया। प्रधानाचार्या ने बताया कि आज हम गाय को अपनी माता मानते हैं और गली-गली में पॉलिथीन में भरकर भोजन डालते हैं। जिससे वह भोजन के साथ-साथ पॉलिथीन को भी खा जाती हैं जो कि बेजुबानों लिए जहर का काम करती है। माता कहने वाले लोगों से आग्रह है की सबसे पहले जानवरों को पॉलिथीन खिलाने से बचाएं एवं पॉलिथीन से होने वाली बीमारियों से भी लोगों को बचाएं पॉलिथीन से बहुत सारी बीमारियां फैलती हैं।

## एक नजर

### अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायल अवस्था में सभी घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के गांव चकदहा निवासी चरण सिंह यादव (55) पुत्र बिंदा व पुत्र अभिनव यादव मंगलवार की देर शाम बाइक में सवार हो पिता पुत्र दोनों कस्बे के गेस्ट एक हाउस में शादी समारोह में सम्मिलित होने आए थे। जहां समारोह के बाद अपने गांव चकदहा जा रहे थे। तभी चकदहा और मौदहा के बीच बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित दोनों सड़क पर गिर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं किशोर (28) पुत्र त्रियान निवासी सायर कस्बे से अपने गांव जा रहा था। तभी अचानक बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया।

### कब्रिस्तान की जमीन में अवैध कब्जे की शिकायत की

**सरीला (हमीरपुर)।** क्षेत्र के पुरैनी गांव निवासी मोहम्मद इसाक ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव में भूमि गाटा संख्या 878 कब्रिस्तान के नाम दर्ज है। जो गांव के लोग कब्रिस्तान के रूप में प्रयोग करते है। मगर गांव के ही कुछ दबंग व्यक्ति कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा किये और निरंतर कब्जा करते जा रहे है। जिससे कब्रिस्तान की भूमि कम होती जा रही है। कब्रिस्तान से अवैध अतिक्रमण हटवाने की गुहार लगाई है। संबंधित अधिकारी द्वारा लेखपाल को तुरंत पैमाइश कर कब्रिस्तान से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए हैं।

# समस्याओं का निस्तारण न हुआ तो होगा आंदोलन

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने डीएम और पालिका ईओ से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** शहर में चल रहे विकास कार्यों के क्रम में अलीगंज स्थित गणेश भवन रामलीला मैदान में निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान जगह-जगह गड्ढे बना दिए गए हैं और बरसात का पानी भर जाने के कारण अब यही गड्ढे किसी बड़े हादसे को दावत दे रहे हैं। शहर कांग्रेस की अध्यक्ष अफसाना शाह ने बुधवार को जिलाधिकारी और नगर पालिका ईओ को शिकायतीपत्र सौंपा है और समस्या का निदान कराने की मांग की है।

बुधवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह ने जहां कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा, वहीं नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी को भी समस्या से रूबरू कराया। शिकायती पत्र में बताया है कि अलीगंज स्थित गणेश भवन रामलीला मैदान में सुंदरीकरण का काम चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान मैदान में जगह जगह गड्ढे बना दिए गए हैं, जिनमें अब बारिश का पानी भर गया है।

ऐसे में लोगों को घरों से निकलने में परेशानी होती है और बच्चों के गड्ढे में गिर कर दुर्घटना का शिकार होने की आशंका बढ़ गई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह ने बारिश के समय में गड्ढों को बालू आदि से भरकर लोगों की कठिनाइयों को दूर किए जाने की मांग बुलंद की है। उन्होने कहा है कि यदि शीघ्र ही समस्या का निदान न कराया गया तो कांग्रेस पार्टी जनांदोलन करने को बाध्य होगी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी द्वारिकेश यादव मंडेला मौजूद रहे।

**हाथरस कांड पर निकाला कैंडल मार्च:** हाथरस के सिकंदरा राऊ में भोलेबाबा का सत्संग सुनने गए भक्तों की भगदड़ से हुई दर्दनाक मौत के मामले पर जहां प्रदेश सरकार एक्शन में आ गई है, वहीं विपक्षी दलों ने इस मामले पर गहरा दुख व्यक्त किया है। बुधवार की शाम कांग्रेस की शहर अध्यक्ष अफसाना शाह की अगुवाई में कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकाला और रेलवे स्टेशन में स्थित तिरंगा के नीचे खड़े होकर भगदड़ की चपेट में आकर काल के गाल में समाए लोगों को श्रद्धांजलि दी। साथ घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष बी.लाल, केपी सेन, नत्थूराम सेन, सुखदेव गांधी, शिवबली सिंह, कलीम खान, अशोक वर्धन, अशरफ उल्ला पप्पूरम्पा समेत तमाम कांग्रेसी शामिल रहे।


एडीएम को शिकायती पत्र सौंपती शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह। अमृत विचार

### एटीएम बदलकर युवक के खाते से निकाले 1.86 लाख

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मांचा गांव निवासी एक व्यक्ति के झांसा देकर उसी के एटीएम कार्ड के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर 186400 रुपये निकाले जाने की सूचना पुलिस ने दर्ज नहीं की।

मांचा गांव निवासी खालिद पुत्र समीर ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते 17 जून को वह अपने एटीएम से पैसा निकालने कस्बे के स्टेट बैंक गया था। पैसा निकालने के लिए वहां मौजूद एक व्यक्ति से उसने मदद ली। उसने सहानुभूति दिखाते हुए उसके पैसे खुद निकालने के लिए कहा और दो बार में चार- चार हजार रुपये करके उसने निकाल दिए। इसी दौरान उसने प्रार्थी का एटीएम बदलकर दूसरा एटीएम देकर रुपयों के साथ दिया। कहां ले जाओ और वह एटीएम और पैसा लेकर कर घर चला आया। उसे क्या पता था कि यह कोई जालसाजी है। तब से 25 जून तक अलग-अलग तिथियों में लगातार 186400 रुपये उसके खाते से निकाल लिए। यह देख वह भागता हुआ कोतवाली और स्टेट बैंक गया। कोतवाली में प्रार्थना पत्र तो ले लिया गया। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही इसकी कोई सूचना मिली। बुधवार को उसने पुलिस अधीक्षक के यहां फरियाद लेकर गया। उसने जांच कर आरोपी को पकड़ने और उसके पैसे भी बरामद की मांग की। एटीएम में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।


परिवार के साथ गोल चबूतरे पर अनशन पर बैठी पीड़िता। अमृत विचार

# कब्र से शव निकाल कर पोस्टमार्टम की मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पति का कब्र में दफन शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने की मांग को लेकर अधिकारियों के चक्कर काट रही पत्नी ने बेटे संग थक हार कर बुधवार से कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इंगोहटा निवासी राजकुमारी पत्नी स्व. रामबहादुर प्रजापति ने बताया कि बीते 13 जून को उनके पति रामबहादुर को गांव का ही विजय सिंह ट्रक ड्राइवर व ट्रक मालिक जहांगीर ट्रक में खलासी का कार्य करने के लिए ले गए थे। 14 जून को पुत्री से फोन पर बात कर उनके पति राम बहादुर ने तबीयत खराब होने व इलाज न कराने की बात कही थी। 15 जून को अचानक चालक विजय सिंह की पत्नी ने फोन कर सूचना दी कि तबीयत ज्यादा खराब होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा में भर्ती किया है। जिस पर पत्नी राजकुमारी तत्काल प्रभाव से अस्पताल पहुंची जहां पति को मृत अवस्था में पाया। उन्होंने आरोप लगाया कि आनन फानन विजय सिंह के भतीजे मनु सिंह ने अंगूठा पकड़ कर कोरे कागज में अंगूठा लगवा कर पुलिस की मिलीभगत से बिना शव विच्छेदन किये शव घर भिजवा दिया। 16 जून को बिना परिजनों की मौजूदगी के शव को शमशान घाट में जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवा कर दफना दिया। पीड़िता ने कब्र में दफन शव का पोस्टमार्टम कराने व हिन्दू रीति रिवाज़ से दाह संस्कार कराने की उच्च अधिकारीयों से मांग की थी। मांग पूरी न होने पर बुधवार से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

### 34 हजार मवेशियों के टीकाकरण का मिला लक्ष्य

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बा स्थित पशु चिकित्सालय कर्मचारियों के अभाव से जूझ रहा है। पुरे विकासखंड के गांव में मवेशियों को 34000 गलाघोंटू के टीके लगाने के लिए मात्र चार कर्मचारी बचे हैं। डिप्टी सीबीओ सहित तीन चिकित्सकों के साथ चार कर्मी है। अस्पताल चलाने के साथ ही टीकाकरण और गौशाला में रह रहे मवेशियों की देखभाल उनके कंधों पर है। दावे कुछ भी किए जाएं, लेकिन हालात बेहतर नजर नहीं आ रहे हैं।

बरसात शुरू होते ही मवेशियों में गलाघोंटू की बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.उपेंद्र सिंह ने बताया कि उनके अस्पताल में पशु चिकित्सक राजेश गुप्ता व डा.सलीम खान कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि पशुओं के इलाज का कार्य होने के साथ यहां कुत्ते, बिल्ली, पक्षी, घोड़ों का इलाज के साथ वैक्सीनेशन होता है। इस समय बारिश शुरू होते ही कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। जिससे गला घोंटू बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण का अभियान चालू किया है। 34000 टीके लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कर्मचारियों की कमी होने के साथ ही पैरा वेट की मदद ली जाती है। उन्हें एक टीका में 5 रुपये मिलता है। उन्होंने कहा कि इसी के बाद 15 जुलाई से बड़ी मात्रा में मुंहपका व खुरपका टीकाकरण का अभियान शुरू होगा। इसके लिए उन्हें 54000 वैक्सीन प्राप्त हुई है।


कार्यशाला को संबोधित करते सीएचसी प्रभारी। अमृत विचार

# सुरक्षित गर्भ निरोधक साधन के बारे में दी गई जानकारी

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- जुलाई माह में आयोजित होने वाले शिविरों में पुरुष एवं महिला नसबंदी की जाएगी

**अमृत विचार।** समर्थ फाउंडेशन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सुरक्षित गर्भ निरोधक साधन पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सुरक्षित गर्भ निरोधक साधनों की जानकारी एवं उचित उपयोग के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जुलाई माह में होने वाले पुरुष एवं महिला नसबंदी की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीएचसी प्रभारी डॉ.सुनील कुमार ने कहा कि गर्भ निरोधक साधनों की जानकारी एवं उचित उपयोग जरूरी है। इससे जनसंख्या स्थिरीकरण एवं महिलाओं व किशोरियों के स्वास्थ्य को और बेहतर बनाया जा सकता है। बताया कि जुलाई माह में आयोजित होने वाले कैंपों में पुरूष एवं महिला नसबंदी की जाएगी। आशा, एएनएम या किसी स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से इन कैंप में आकर नसबंदी करा सकते हैं। जिला चिकित्सालय में तैनात परिवार नियोजन लॉजिस्टिक मैनेजर अजय कुमार ने गर्भ निरोधक साधनों की प्रोजेक्टर पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने कंडोम, अंतरा, छाया, इजी पिल्स, कॉपर टी एवं एनएसबी तथा महिला नसबंदी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समर्थ फाउंडेशन के देवेंद्र गांधी ने कहा यह कार्यशाला के माध्यम से किशोरियों एवं महिलाओं को गर्भ निरोधक साधनों के बारे में जागरूक करना हैं। ताकि प्रशिक्षित लोगों के माध्यम से गांव के अन्य लोगों तक इन गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी विस्तार से पहुंच सके। इन साधनों की जरूरतमंद लोगों तक सुगमता एवं गोपनीयता से उपलब्धता हो। कार्यक्रम को डा.रवि कुमार, बीपीएम राहुल सचान ने भी संबोधित किया। इस दौरान बीसीपीएम सुधीर साहू, डब्लयूएचओ के मानीटर विकास कुमार, यूनीसेफ से सविता, एएनएम अर्चना गौतम, गीता देवी, सीमा, पूजा देवी, प्रतिभा देवी शान्ति देवी, बीएचडब्लयू कमलेश कुमारी रहे।

# नलकूपों को मुफ्त बिजली के लिए 15 तक पंजीकरण

**फतेहपुर।** निजी नलकूप वाले किसानों के लिए राहत भरी खबर है। ब्याज माफी योजना के तहत लोग 15 तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। शासन की ओर से बिजली विभाग को पत्र भेजा गया है। जिले में करीब 20 हजार निजी नलकूप वाले किसान हैं। सिंचाई बिजली बिल माफी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में सरकार की ओर से घोषणा की गई थी। निर्देशों में कहा गया था कि निजी नलकूप के बकाएदारों को एक अप्रैल 2023 से पहले के बकाया बिल को जमा करना होगा। साथ ही उनके ट्यूबवेल पर बिजली का मीटर लगा होना जरूरी है। इन मानदंडों को पूरा करने वाले किसान को बिल माफी योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन की तिथि 30 जून निर्धारित की गई थी। लेकिन करोड़ों रुपये के बकाएदार अधिकांश किसानों ने ना तो अपना बकाया बिल जमा किया और ना ही उन्होंने अपना पंजीकरण ही कराया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिन नलकूप किसानों ने अपना पंजीकरण नहीं करवाया है, वह बिल माफी योजना से दूर है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि निजी नलकूप के बिजली बिल माफी योजना में पंजीयन की तिथि बढ़ाई गई है।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर गोहांड ब्लाक के कुम्हरिया गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया गया। इस दौरान एडीओ पंचायत अनूप कुमार शर्मा की अगुवाई में स्कूल परिसर में स्वच्छता को लेकर साफ सफाई की गई। इस अभियान में स्कूल के स्टाफ के अलावा ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। एडीओ पंचायत ने स्कूल के स्टाफ, बच्चों और ग्रामीणों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हुए बरसात के मौसम में फैलने वाले संचारी रोग की रोकथाम के लिए विस्तार से जानकारी दी। अनूप शर्मा ने बताया कि इस बरसात के मौसम में विभिन्न प्रकार के रोग पनपते हैं। कहा कि इससे बचाव के लिए सदैव ताजा भोजन करें। इसके अलावा घर के आसपास गंदगी न होने से। गंदगी से ही बीमारियां पनपती हैं। स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें। इन बचावों से हम संचारी रोग पर नियंत्रण पा सकते हैं। इस मौके पर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी शिवा, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, अध्यापक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।


कुम्हरिया गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में सफाई करते ग्रामीण व एडीओ पंचायत अनूप शर्मा।। अमृत विचार

# नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर हुआ विशाल भंडारा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर स्थित पतालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर बुधवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। प्रसाद पाने को शहर सहित आस पास ग्रामीण इलाके के बड़ी संख्या में लोग उमड़े। सुबह से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा।

शहर के प्राचीन पातालेश्वर मंदिर में राम कथा का रसपान कराने चित्रकूट से आए दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि रामचरित मानस ऐसा पवित्र ग्रंथ है जिससे चरित्र संवरता है। चरित्र संवरने से प्रभु श्रीराम की कृपा मिलती है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र ग्रंथ हम सभी को जीना भी सिखाता है। नौ दिवसीय रामकथा सुनने को शहर सहित आप पास के ग्रामीण इलाकों से भक्त पहुंचे और श्रीकृष्ण धुन में रम गए। कथा के समापन पर बुधवार को मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही दर्जनों की संख्या में महिलाएं पुरुष पूड़ी, सब्जी, बूंदी बनाने में जुटी रहीं। भंडारे के लिए शहर में नौ दिनों तक मुनादी भी कराई गई। जिससे बड़ी संख्या में लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने को पहुंचे। देर रात तक भंडारा चलता रहा।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### दुकान लगाए चाचा भतीजे को तीन युवकों ने पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** फरसौलियाना मोहल्ला निवासी राहुल कुशवाहा पुत्र बाबूलाल कुशवाहा ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 8 बजे वह अपने चाचा के लड़के के साथ चाट की दुकान लगाए हुए था। बताया कि उसी दौरान तीन युवक हेमेंत विश्वकर्मा, अभिषेक निवासी जलालपुर रोड़, संजू विश्वकर्मा निवासी पठानपुरा आए और उसे गाली गलौज करने लगे। बताया कि जब उसने गाली देने का विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने उस पर हमला कर मुझे व मेरे चाचा के लड़के को जमकर पीटा। बताया कि आरोपियों ने दुकान में रखी गोलक को फेंक दिया। जब मोहल्ले के लोग उसे बचाने के लिए आए तो आरोपी भाग गए। घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।

## सार-संक्षेप


राजकीय बीज भंडार में तिल का बीज लेने आए किसान। अमृत विचार

### तिल का रकबा बढ़ाने के लिए 1500 किसानों को बांटा बीज

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** खरीफ में तिल का रकबा बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने ब्लॉक क्षेत्र के 1500 किसानों को तिल की निशुल्क मिनी किट मुहैया कराने के लिए राजकीय बीज भंडार में बीज उपलब्ध कराया है। जिसका वितरण बुधवार से शुरू किया गया है। धान एवं मूंगफली का रकबा बढ़ने से किसानों का मोह तिल की फसल से भंग हो रहा है। इसको मद्देनजर रखकर सरकार ने तिल की फसल का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए किसानों को निशुल्क बीज वितरण की व्यवस्था की है। ब्लॉक क्षेत्र में रकबा बढ़ाने के लिए शासन ने 1500 किसानों को निशुल्क मिनी बीज किट उपलब्ध कराई है। राजकीय बीज भंडार के प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि मिनी किट में 2 किलो तिल का बीज आया है। इसको किसानों के मध्य बुधवार से वितरण शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि वह बीज पंजीकृत किसानों को ही मुहैया कराया जा रहा है। बुवाई के बाद इसका सत्यापन किया जाएगा। फसल तैयार होने पर उत्पादन का भी आकलन कराया जाएगा। बुधवार को बीज लेने के लिए कई गांव के सैकड़ों किसान आए हुए थे।


बैठक लेते बीएसए आलोक सिंह। अमृत विचार

### विद्यालयों का रोजाना निरीक्षण कर व्यवस्थाएं चौकस रखें

**हमीरपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारियों व जिला समन्वयकों की बैठक ली। जिसमें निर्देशित किया कि सभी प्रतिदिन निरीक्षण करें। विद्यालयों में कमियां पाए जाने पर तत्काल सही करवाते हुए अवगत कराएं। एमडीएम एवं छात्र उपस्थिति पंजिका के डिजिटाइजेशन को शत-प्रतिशत करने के निर्देश प्रदान दिए। 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत शत-प्रतिशत नामांकन कराने के कड़े निर्देश दिए। आपरेशन कायाकल्प में दिव्यांग शौचालय, कक्षा-कक्ष का टॉयलीकरण, चहारदीवारी को अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर तत्काल पूर्ण कराने को निर्देशित किया। जर्जर विद्यालयों का ध्वस्तीकरण कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराने कराएं। खंड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि प्रधानाध्यापक बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था करा लें। जनपद में संचारी रोग कार्यक्रम को परिषदीय विद्यालय तक पहुंचाकर आपसी समन्वय के साथ सफल कराएं। 'निपुण भारत मिशन' के तहत सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। अध्यापकों की उपस्थिति में किसी भी प्रकार शिथिलता न बरती जाए। मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। अगली साप्ताहिक बैठक में अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## श्रद्धांजलि

### कवियों ने काव्य गोष्ठी का आयोजन कर शहीद जगदीश यादव को किया याद


अमर शहीद की समाधि पर गोष्ठी का आयोजन करते कवि। अमृत विचार

# नमन उनको है जिनके पांव चूमें आसमां

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कवियों ने कविताओं के माध्यम से सुनाई वीरगाथा
- अमर शहीद के नाम पर कॉलेज खोले जाने की मांग

**अमृत विचार।** देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद जगदीश यादव की पुण्य तिथि पर बुधवार को ग्राम पचपहरा में शहीद की समाधि स्थल पर पर वरिष्ठ कवि हरिश्चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कवियों ने अपनी कविता के माध्यम से शहीद के बलिदान की गाथा प्रकट की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह व संचालन वीरभूमि महाविद्यालय के पूर्व प्रवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी ने किया। शहीद की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गरीबों को फल, मिठाई वितरित की गई।

अधिवक्ता प्रमोद सक्सेना द्वारा वाणी वंदना प्रस्तुत कर गोष्ठी की शुरुआत की गई और इसके बाद अपनी काव्य पंक्तियां सुनाते हुए कहा कि हर नौ जवान गीत यही गुनगुनाएगा, जगदीश का बलिदान सदा याद आएगा। कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने कविता सुनाई कि जगदीश भैया ने रणभूमि में लहू बहाया है, देश की मिट्टी में अपना जौहर दिखाया है। लखनला चौरसिया ने कहा कि मैं जगदीश को करता हूं नमन, उनके बलिदान का ॠणि है वतन। न्याय विभाग के जितेंद्र आदित्य ने कहा कि दिल में बस यादे कटती न रातें, बंधता नहीं है धीर, किसको सुनाऊं ये पीर। कवि सुभाष चौरसिया ने कहा कि है नमन उनको जिनके पांव चूमें आसमां। चूमकर मां धरा को अमर बलिदानी हो गए। तेरी समाधि में दिए जलेंगे प्रतिदिन सुबह और शाम। अधिवक्ता दयाशंकर राठौर ने कहा कि शहीदों की बदौलत ही मेरा हिन्दुस्तान है जिंदा रचना सुनाई।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व प्रवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी ने अमर शहीद जगदीश को श्रद्धा सुमन अर्पित करते कहा कि जग जगदीश का करता मान स्वीकारो मेरा प्रणाम। इसी प्रकार अधिवक्ता बृजभूषण व्यास जख्मी ने रचना सुनाई कि जिला महान देश के काम आया, दुश्मन दए भगाये, शौर्य ऐसा दिलाया। गोष्ठी दौरान कोमल सिंह यादव ने अमर शहीद जगदीश के नाम पर एक सरकारी कालेज खोले जाने की बात कही, जिस पर सभी उपस्थित लोगों ने सहमति जताई। गोष्ठी में अमर शहीद जगदीश के भाई गयाशंकर यादव ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अए हुए कवियों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अधिवक्ता बालेन्दु, अमित कुमार सोनी, हरीशंकर नायक, अवधेश तिवारी सहित तमाम अधिवक्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम : ।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं, उन पर भी विश्वास कर लेता है।

## संपादकीय

# एआई के दुरुपयोग पर चिंता

दुनिया में सभी देश और समाज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से उत्पन्न होने वाले नए खतरों तथा जोखिमों को लेकर जागरूक हो रहे हैं। कई देशों में एआई से संबंधित जोखिमों को कम करने से संबंधित बहुत सारी गतिविधियां हुई हैं। एक विनियमन है और यूरोपीय संघ में एक कानून पारित किया गया है। अमेरिका ने एक कार्यकारी आदेश पारित किया है। वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र ने एआई के बारे में विचार-विमर्श करने के लिए एक अलग निकाय की स्थापना की है। क्योंकि एआई से उत्पन्न जोखिमों और खतरों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। एआई एक कंप्यूटर या कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट की उन कार्यों को करने की क्षमता है जो आमतौर पर मनुष्यों द्वारा किए जाते हैं, क्योंकि उन्हें मानव बुद्धि और निर्णय की आवश्यकता होती है। हालांकि कोई भी एआई उन विविध प्रकार के कार्यों को नहीं कर सकता है जो एक सामान्य मानव कर सकता है, कुछ एआई विशिष्ट कार्यों में मनुष्यों की बराबरी कर सकते हैं। बुधवार को ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल के चुनाव में एआई के दुरूपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि शीघ्र ही एआई को लेकर मिशन को शुरू किया जाएगा। आने वाले कुछ महीनों में मिशन शुरू हो जाएगा ताकि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा, फार्मास्यूटिकल्स और इन सभी क्षेत्रों में एआई की शक्ति और क्षमता का दोहन किया जा सके।

गौरतलब है कि मंत्रिमंडल ने इस वर्ष मार्च में 'इंडिया एआई मिशन' के लिए 10,300 करोड़ रुपये से अधिक के आवंटन को मंजूरी दी थी। इंडिया एआई मिशन भारत के एआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अगले पांच वर्षों में निर्धारित यह पर्याप्त वित्तीय निवेश इंडिया एआई मिशन के विभिन्न घटकों को उत्प्रेरित करने के लिए तैयार है, जिसमें इंडिया एआई कंप्यूटर क्षमता, इंडिया एआई इनोवेशन सेंटर (आईएआईसी), इंडिया एआई डेटासेट प्लेटफॉर्म, इंडिया एआई एप्लिकेशन डेवलपमेंट इनिशिएटिव, इंडिया एआई फ्यूचरस्किल्स, इंडिया एआई स्टार्टअप फाइनेंसिंग और सुरक्षित एवं विश्वसनीय एआई जैसी महत्वपूर्ण पहल शामिल हैं। भारत एआई मिशन के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप, इन पहलों का उद्देश्य एआई में भारत के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत करना, तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, नैतिक और जिम्मेदार एआई परिनियोजन सुनिश्चित करना और समाज के सभी वर्गों में एआई के लाभों का लोकतंत्रीकरण करना है। भारत नागरिकों के लाभ और अर्थव्यवस्था के विस्तार के लिए एआई की शक्ति का पूरा उपयोग करने जा रहा है। यानि एआई भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए गतिज प्रवर्तक बनने जा रहा है।

# कब तक फलते-फूलते रहेंगे स्वयंभू बाबा


अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

सवाल बहुत सारे हैं, लेकिन जवाब किसी के पास नहीं। सवाल करने वाले बुद्धिजीवियों के पास इतनी सामर्थ्य कहां है कि वह इस तरह की घटनाओं को रोक सकें या इस तरह के बाबाओं का विरोध कर सकें, क्योंकि इनके संपर्क काफी दूर तक होते हैं।

आधुनिकता के इस दौर में स्वयंभू धार्मिक नेताओं की बाढ़ सी आ गई है और जनता भी इन्हें सिर माथे पर बैठा रही है। बीते मंगलवार को हाथरस भगदड़ मामले में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से भी मृतकों के परिजनों और घायलों को धनराशि देने की बात कही है, लेकिन सवाल फिर यही कि क्या किसी आदमी की जान रुपयों में तोली जा सकती है? इस तरह के घटनाओं की पुनरावृत्ति साल दर साल क्यों होती रहती है? किसी एक दुर्घटना से हम सबक क्यों नहीं लेते?

सवाल बहुत सारे हैं, लेकिन जवाब किसी के पास नहीं। सवाल करने वाले बुद्धिजीवियों के पास इतनी सामर्थ्य कहां है कि वह इस तरह की घटनाओं को रोक सकें या इस तरह के बाबाओं का विरोध कर सकें, क्योंकि इनके संपर्क काफी दूर तक होते हैं। कहने को तो देश आर्थिक और तकनीकी मामलों में आगे बढ़ रहा है, लेकिन धर्मांधता भी बढ़ती जा रही है। इस हादसे पर अफसोस होने के साथ-साथ देश की मूढ़मति जनता की समझ पर तरस भी आता है। आस्था के सिंहासन पर बैठकर यह लोग महिलाओं की अस्मिता से तो खेलते ही हैं, साथ ही लोगों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं। बताया जाता है कि नारायण साकार विश्व हरि भोले बाबा का प्रवचन सुनने के लिए पंडाल पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

हालांकि इस आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति ली गई थी, मगर 80 हजार लोगों की व्यवस्था जहां पर की गई थी, वहां इससे कहीं ज्यादा अधिक लोग प्रवचन सुनने के लिए एकत्र हो गए थे। आयोजक और शासन-प्रशासन के द्वारा लोगों की संख्या पर ध्यान नहीं दिया गया। प्रवचन की समाप्ति पर बाबा के निकट से दर्शन और उसकी चरण रज पाने के लिए लालायित हुए लोगों की भीड़ जब बेकाबू हो गई तब यह हादसा हुआ। लोगों का विश्वास था कि बाबा की चरण रज लेकर माथे पर लगाने उनके सारे दुख दूर हो जाएंगे। एनसीआरबी यानी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 से लेकर 2013 तक भगदड़ में लगभग दो हजार लोग मारे गए। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन यानी आईजेडीआरआर की 2023 में प्रकाशित एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में 79 फीसदी भगदड़ धार्मिक सभाओं और तीर्थ यात्राओं के कारण होती है। भारत और विकासशील देशों में भीड़भाड़ से जुड़ी अधिकांश दुर्घटनाएं धार्मिक स्थलों पर होती है। इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हमने देखे हैं।



यूपी के हाथरस में हुई यह घटना बहुत ही दर्दनाक है। कोरोना के समय भी यह बाबा भी विवादों में आया था। देश में पढ़े-लिखे लोगों का भी अंधविश्वासों में इतना भरोसा है कि वह आंख बंदकर इन बाबाओं पर यकीन करते हैं और इनका सहयोग करते हैं। बगैर राजनीतिक संरक्षण के और आर्थिक संरक्षण के इनका इस तरह पनपना और आर्थिक समृद्धि को प्राप्त कर लेना आसान नहीं है। इस तरह के आयोजन में हुई मानवीय भूलों का आंकलन करने की आवश्यकता है और भविष्य के लिए सबक लेने की भी।

भोली-भाली जनता को तरह-तरह के प्रलोभन देकर और चमत्कार दिखाकर बेवकूफ बनाने की परंपरा बहुत पुरानी रही है। हमारे देश की जनता भी उस्ताद है। कब किस इंसान को फर्श पर से अर्श पर पहुंचकर देवता बनाकर पूजने लगे, पता नहीं चलता। यह एक दुखद पहलू और इतना कटु सत्य है कि कई बार मन की आस्था डगमगाने लगती है। धर्म के मर्म को समझना अलग बात है और इस तरह के बाबाओं के कुचक्र में फंसना अलग चीज है। धर्म का मूल भाव सत्य, अहिंसा, परोपकार, दया भाव और ईमानदारी है, जबकि प्रवचन देने वाले इन बाबाओं की हिस्ट्री अजब-गजब और संदिग्ध है। अनैतिक कार्यों में इनके भागीदारी की खबरें आती रहती हैं। फिर भी देश की जनता इन पर इतना यकीन करती है कि अपना भगवान मान बैठती है। अपने अनैतिक कार्यों और कुकर्मों की वजह से कई बाबा जेल की सलाखों के पीछे गए हैं। परंतु महिलाओं की इन पर आस्था आश्चर्यजनक और चिंतनीय है।

यह देश का दुर्भाग्य ही है कि हम आज भी इस तरह के चमत्कारों में विश्वास रखते हैं। ये बाबा बीमारियों के इलाज के अलावा, संतान प्राप्ति, प्रेमी-प्रेमिका से मिलन जैसे कई चमत्कार करने का दावा करते हैं। अंधविश्वास में जकड़ी जनसंख्या इनके छलावे में आ जाती है। यह सुनकर आश्चर्य हुआ कि प्रवचन सुनने में युवा वर्ग की बालिकाएं भी अपने माता-पिता के साथ गई थीं। भारत में बच्चे और महिलाएं इस तरह के ढोंगी बाबाओं के सॉफ्ट टारगेट आसानी से बन जाते हैं। इसीलिए किसी भी तरह के हादसे में पीड़ित भी वही होते हैं। ये नहीं जानते कि जिन्हें ये लोग आध्यात्मिक गुरु मानते हैं दरअसल वे धर्म के व्यापारी होते हैं, जिनका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ अपने साम्राज्य का विस्तार करना होता है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में यह खुली छूट है।

यूपी के हाथरस में हुई यह घटना बहुत ही दर्दनाक है। कोरोना के समय भी यह बाबा भी विवादों में आया था। देश में पढ़े-लिखे लोगों का भी अंधविश्वासों में इतना भरोसा है कि वह आंख बंदकर इन बाबाओं पर यकीन करते हैं और इनका सहयोग करते हैं। बगैर राजनीतिक संरक्षण के और आर्थिक संरक्षण के इनका इस तरह पनपना और आर्थिक समृद्धि को प्राप्त कर लेना आसान नहीं है। इस तरह के आयोजन में हुई मानवीय भूलों का आंकलन करने की आवश्यकता है और भविष्य के लिए सबक लेने की भी। एक गहन जांच और उसके आधार पर की गई कार्रवाई बहुत आवश्यक है ताकि भविष्य में अवतरित होने वाले नए बाबा थोड़ा सचेत रहें। कोई भी दुर्घटना घटने के बाद एक्शन लिया जाना अलग बात है, लेकिन सोचने वाली बात तो यह है कि इस तरह की घटनाएं बार-बार क्यों होती हैं? इस तरह के बाबाओं का भंडाफोड़ करने की सख्त जरूरत है। साथ ही जनता को भी अपनी आंखें खोलने की जरूरत है। एक स्वघोषित बाबा जो जनता को कष्ट में डालकर खुद नौ दो ग्यारह हो जाता है, जनता को क्यों उस पर यकीन करना चाहिए? हमें गंभीरता के साथ सोचना है कि देश को इस तरह के प्रवचन या सत्संग की जरूरत है या लोगों में साक्षरता बढ़ाने की ताकि वह अपना भला बुरा सोच सकें और अपने समय को कुछ सार्थक कामों में लगा सकें। इस तरह धर्मान्धता की चादर ओढ़कर हम विकास नहीं कर सकते।

## प्रसंगवश

# एक थे ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ (संप्रति मऊ) जनपद के बीबीपुर में जन्मे ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान भारतीय सैन्य अधिकारियों के उस शुरुआती बैच में शामिल थे, जिनका प्रशिक्षण ब्रिटेन में हुआ था।

1947 में भारत-पाक युद्ध के वक्त वे उस पैरा ब्रिगेड के कमांडर थे, जिसने नौशेरा में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। उन्हें 'नौशेरा का शेर' कहा जाता है। उनकी बहादुरी और कुशल रणनीति के चर्चे इतने थे कि देश के बंटवारे के बाद उन्हें मोहम्मद अली जिन्ना और लियाकत अली खान ने चीफ बनाने का प्रलोभन देकर उन्हें पाक सेना में शामिल होने का निमंत्रण दिया था, लेकिन उस्मान ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया।


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

बंटवारे के बाद उनका बलूच रेजीमेंट पाकिस्तानी सेना के हिस्से में चला गया और वे स्वयं डोगरा रेजीमेंट में आ गए। पैराशूट ब्रिगेड की कमान संभाल रहे उस्मान सामरिक महत्व के क्षेत्र झनगड़ में तैनात हुए जिसे 25 दिसंबर, 1947 को पाकिस्तानी सेना ने कब्जे में ले लिया था। मार्च, 1948 में ब्रिगेडियर उस्मान के नेतृत्व कौशल से झनगड़ भारत के कब्जे में आ गया। झनगड़ के इस अभियान में पाक की सेना के हजार जवान मरे थे और लगभग इतने ही घायल हुए थे। झनगड़ के छिन जाने और बड़ी संख्या में अपने सैनिकों के हताहत होने से परेशान पाकिस्तानी सेना ने उस्मान का सिर कलम कर लाने वाले को 50 हजार रुपये का इनाम देने का ऐलान किया था।

3 जुलाई, 1948 की शाम उस्मान अपने टेंट से बाहर निकले ही थे कि पाक सेना ने उन पर 25 पाउंड का एक गोला दाग दिया, जिससे उनकी शहादत हो गई। मरने के पहले उनके अंतिम शब्द थे-"हम तो जा रहे हैं, पर जमीन के एक भी टुकड़े पर दुश्मन का कब्जा न हो पाए।" शहादत के बाद राजकीय सम्मान के साथ ब्रिगेडियर उस्मान को जामिया मिलिया इस्लामिया कब्रगाह, दिल्ली में दफनाया गया। यह सम्मान उनके बाद किसी फौजी को नहीं मिला। मरणोपरांत उन्हें 'महावीर चक्र' से सम्मानित किया गया। दुर्भाग्य है कि उनकी कुर्बानियों को देश अब विस्मृत कर चुका है।

# श्रद्धा का यह कैसा उन्माद


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

तुलसी बाबा ने भले ही कहा हो कि "सबसे भले वे मूढ़ जिन्हें न व्यापहि जगत गति' किंतु इन हादसों में जान भी तो यही देते हैं। मूढ़ता को भी क्या दोष देना?

हाथरस के सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दिवंगत होने और घायल होने की खबर विचलित करने वाली है। भारत में ही नहीं धर्म के नाम पर धंधा करने वाले ऐसे आयोजनों में आज भी विश्व के कई देशों में लोग अपनी जान गंवाते हैं। तमाम अधर्माचारी अपने 'कल्ट' का ऐसा व्यामोह उत्पन्न करते हैं कि उनके आह्वान पर सामूहिक विषपान कर लोग प्राण गंवा बैठे हैं। धर्म के नाम पर ये पाखंड, ढोंग, जादू-टोना, सब एक ही श्रेणी में आते हैं।

आश्चर्य है कि आज जब मनुष्य ब्रह्मांड के रहस्यों के अनावरण में जुटा है, नित नए वैज्ञानिक तथ्य उद्घाटित हो रहे हैं, एक विशाल संख्या में लोग कूप मंडूक बने हुए हैं, जिनका शोषण इन पाखंडी बाबाओं द्वारा किया जाता है। इन घटनाओं में हमेशा एक सरीखा पैटर्न होता है। एक महाढोंगी द्वारा आहूत भारी भीड़, भगदड़, मौतें और फिर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला और फिर अगली ही ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति तक सब कुछ शांत। न तो मूढ़ जनता और न ही प्रशासन इनसे कोई सबक लेता है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राजनेता तो इन बाबाओं के अनुयायियों को अपना एक विशाल वोट बैंक मानकर चुप्पी साधे रहते हैं। बाबाओं पर कठोर कार्रवाई नहीं करते।

अदालतें जरूर विवेक दिखलाती हैं। वहां जो मामले पहुंचते हैं, वे आशाराम और राम रहीम में तब्दील हो जाते हैं। बशर्ते सरकारें वहां तक तत्परता के साथ मामलों को ले जाएं न कि कुछ बाबाओं के लिए एक साभिप्रायपूर्ण चुप्पी साधे रहें। ताजे मामले में ये कोई साकार हरि ऊर्फ भोलेबाबा या खुद का रखा गया पूरा नाम नारायण सरकार विश्व हरि भोलेबाबा, सरकारी सेवा का भगोड़ा है, जो अपनी जुगाड़ और साठगांठ से धर्म प्रचारक बन बैठा, क्योंकि यह धंधा चोखा है। कोई खास इंवेस्टमेंट भी नहीं है। सब कुछ भक्तजन कर देते हैं। समझ में नहीं आता कि आखिर इस बाबा कल्चर को पनपने देने के पीछे सबसे बड़ा दोषी कौन है? क्या भक्तगण ही सबसे बड़े दोषी हैं? कैसे कहें, वे तो जन्मजात मूढ़ हैं।

तुलसी बाबा ने भले ही कहा हो कि "सबसे भले वे मूढ़ जिन्हें न व्यापहि जगत गति' किंतु इन हादसों में जान भी तो यही देते हैं। मूढ़ता को भी क्या दोष देना? फिर क्या दोषी वह 'कल्याणकारी राज्य' और शासन है, जहां ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण दुखद घटनाएं घटती हैं और जनहानि होती है? क्यों नहीं सभी राज्य महाराष्ट्र की तरह अंधश्रद्धा निर्मूलन कानून बनाते और उनका कड़ाई से पालन करते हुए पाखंडी बाबाओं की नियमित धर पकड़ करते बिना वोटों की परवाह किए? हालांकि महाराष्ट्र में भी ऐसे ढोंगी बाबाओं का वर्चस्व अभी भी कायम है, क्योंकि वहां की सरकारों ने भी लागू कानून को उपेक्षा की है। आस्था के नाम पर हमें क्या आंखे मूंदे रहना चाहिए? ऐसी घटनाएं आगे न घटे इसलिए भारी भीड़ आमंत्रित करने वाले बाबाओं के ऊपर निरंतर निगहबानी रखनी होगी और हादसों को टालने का तो मूलमंत्र ही यही है कि जहां भीड़ हुई शांति व्यवस्था को खतरा हुआ और धार्मिक उन्मादियों की भीड़ तो जान ले भी सकती है और दे भी सकती है। हिंदू धर्म की चिर सहिष्णुता को भी कोसने का मन कहता है कि उसके नाम पर आज से नहीं सदियों से कैसे-कैसे पापाचार होते आए हैं।

किसको दोष दिया जाए और किसे बख्शा जाए? जो धर्म खुद को भी अनाचार से बचा न सके उसको लेकर बुद्धिजीवियों को ही कम से कम ऐसे मौकों पर मुखर होना चाहिए। हम कब तक 'सनातन' के भुलावे में रहेंगे? मगर क्या कीजिएगा हमारे आज के शंकराचार्य भी निष्प्रभावी हो गए हैं। बहुत कम असली धर्माचार्य हैं, जो धर्म के नाम पर अधर्म फैला रहे लोगों के विरुद्ध मुखर होते हैं। आशा की जानी चाहिए कि शीघ्रातिशीघ्र ढोंगी साकार हरि को सलाखों के पीछे डालकर अभियोजन आरंभ किया जाएगा। जिन लोगों की जान गई है उनकी हत्या का आरोप इसी पर होना चाहिए और सरकार को भीड़ सीमा संबंधी भी कोई प्रतिबंधात्मक आदेश लाना चाहिए या फिर भीड़ प्रबंध की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## सोशल फोरम

# गुरु बनाना एक फैशन

इतिहास में आज तक वही शिष्य सफल हो पाया जिसे गुरु ने स्वयं चुना। चाणक्य ने चंद्रगुप्त को चुना, समर्थ गुरु रामदास ने शिवाजी को चुना, रामानंद ने कबीर को चुना और उन्हें गुना। सदियों बाद भी आज शिष्य की वजह से गुरुओं का स्मरण होता है।

साधारण व्यक्ति में क्या इतना बुद्धि सामर्थ्य है कि वह अपना गुरु चुन सके। अगर इतना बुद्धि बल है उसमें तो इसे गुरु की आवश्यकता ही क्या है? आज साधारण व्यक्ति दूसरों के प्रभाव में आकर गुरु चुनता है और गुरु भी इतना गुरु है कि तुरंत उसे अपना शिष्य बनाकर इसे नाममंत्र दे देता है।

इतिहास में आज तक वही शिष्य सफल हो पाया जिसे गुरु ने स्वयं चुना। चाणक्य ने चंद्रगुप्त को चुना, समर्थ गुरु रामदास ने शिवाजी को चुना, रामानंद ने कबीर को चुना और उन्हें गुना। सदियों बाद भी आज शिष्य की वजह से गुरुओं का स्मरण होता है। आज गुरु बनाना एक फैशन है अगर आप किसी नामी गुरु के शिष्य नहीं तो आप पूर्ण नहीं और गुरुओं के पास नामी शिष्य नहीं तो वह भी पूर्ण गुरु नहीं।


धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

एक स्वनाम धन्य व्यक्तित्व एक गुरु के हाईप्रोफाइल शिष्य थे। गुरु के सत्संग में उनकी सक्रियता देखते ही बनती थी। एक बार उनसे उनकी सक्रियता के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया वह राजनीतिक व्यक्ति भी हैं और गुरु जी के चेले उनके चुनाव क्षेत्र में प्रभावी है इसलिए सत्संग में क्षेत्र के लोगों को दिखाने के लिए आना पड़ता है और आज भी वह कई बार के सांसद है। आम जनता गुरुओं के ग्लैमर में भक्त बन जाती है। गुरुओं के पास कोई न कोई विद्या तो है, जिससे लाखों लोग उनके मुरीद हो जाते हैं। एक बात और जिस गुरु ने भगवान बनने की कोशिश की वह कहीं का नहीं रहता।

ऐसे बहुत से लोग जेल की अंधेरी कोठरियों में अपना सत्संग कर रहे हैं और यह गुरुगिरी हर धर्म में चल रही है। कई पीर हैं कई प्रीस्ट हैं, जो धर्म की आड़ में अपनी दुकानें चला रहे हैं। मैं तो अभी उस समय का इंतजार कर रहा हूं, कोई योग्य गुरु मुझे शिष्य के रूप में स्वीकार करे और मेरा उद्धार करे।

-फेसबुक वॉल से

# आपातकाल और निरंकुश प्रशासन


डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक, उप्र

बात आपातकाल की है। मैं जनपद बरेली में डीएसपी सिटी के पद पर नियुक्त था। आपातकाल घोषित होते ही प्रशासन सहसा पूर्ण निरंकुश हो उठा। इस निरंकुशता में मेरी भी भागीदारी थी। आपातकाल के दूसरे दिन वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की बैठक मे येन केन प्रकारेण विरोधी दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा प्रशासन विरोधी पत्रकारों को जेल भेजने का निर्णय लिया गया।

अब पुलिसिया यातना का वह चक्र चल पड़ा, जिसकी आंच ने मेरे भविष्य को घातक आघात दिया। इस बैठक ने पुलिस वालों को तो मानो किसी को भी आंतरिक सुरक्षा के नाम पर बंदी बनाने का पूर्णाधिकार दे दिया। जेल विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया गया कि पुलिस द्वारा बंदी बनाए गए किसी भी व्यक्ति रात या दिन किसी भी समय जेल के सींखचों के भीतर ले कागजी खानापूर्ति की कार्यवाही बाद में सुनिश्चित की जाए। रुहेलखंड के गांधी के नाम से सुख्यात कभी देश के स्वतंत्राता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले वयोवृद्ध नेता की गिरफ्तारी का दायित्व मुझको सौंपा गया। थाना प्रभारियों में मानो इस बात की होड़ सी लग गई थी कि कौन कितनी गिरफ्तारियां करता है। इंदिरा गांधी का संभावित विरोध, राष्ट्र विरोध में परिवर्तित हो चुका था। धड़ाधड़ गिरफ्तारियों का निर्बाध दौर शुरू हो चुका था। विरोधी नेता, कार्यकर्ता, प्रशासन/पुलिस विरोधी पत्रकार, छात्र नेता आदि गिरफ्तारी से बचने के लिए भूमिगत होने लगे, जो पकड़े गए, जेल गए। अपने उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में बिना किसी पूर्व सूचना के सीधे श्री आजाद के ड्राइंगरूम जा पहुंचा। खादी की मिर्जई एवं अंडर वियर पहने चश्मा लगाए आजाद जी के हाथ में कोई किताब थी। हंसते हुए उन्होंने मेरा स्वागत किया "आइए-आइए डॉक्टर साहब! मैं आपका ही इंतजार कर रहा था और सोच रहा था कि अभी तक मेरा नंबर क्यों नहीं आया?" उनकी विनम्रता के समक्ष शर्म से मेरा सिर झुक गया। साथ आए सब इंस्पेक्टर को बाहर भेज मैं वहीं खड़ा रह गया। अपनी जीप में लाकर आजाद जी को थाना कोतवाली के अपने कार्यालय के कमरे में बैठाया, थाना प्रभारी हाकिम राय को निर्देश दिया कि आजाद जी को तुरंत जेल पहुंचाकर लौटकर लिखा-पढ़ी करते रहें।

घटना दोपहर के लगभग दो बजे की है। इसके बाद फोन पर मैंने जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को श्री आजाद की निर्विघ्न गिरफ्तारी की सूचना दी, उनकी मौखिक बधाई को प्राप्त किया। बाद में मुझे यह जानकर कष्ट हुआ कि हाकिम राय ने आजाद एवं एक अन्य नेता पर दूसरों को नगर की दूरसंचार तथा बिजली आपूर्ति बाधित करने के उकसाने का आरोप लगा घटना का समय भी रात का दिखाया गया, जबकि मैंने लगभग दो बजे दिन ही में श्री आजाद को हाकिम राय के सुपूर्द कर दिया था। यहीं पर यह उल्लेख कर देना प्रासंगिक है कि हाकिम राय तत्कालीन बरेली रेंज के डीआईजी केडी शर्मा (कृष्णदत शर्मा) का चहेते थे और उनकी कृपा या आदेश से उपनिरीक्षक रहते हुए भी उनको बरेली नगर के सबसे महत्वपूर्ण थाना कोतवाली का प्रभारी बनाया गया था। श्री आजाद की गिरफ्तारी के कुछ ही अंतराल के बाद वीरेन्द्र अटल और रमेश आनंद नामक, आरएसएस तथा विद्यार्थी परिषद के दो सक्रिय कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी रात में ही कोतवाली पुलिस द्वारा हुई। प्रातः काल नौ बजे हाकिम राय ने दोनों को मेरे कमरे में मेरे समक्ष पेश किया। मैंने उन दोनों की लिखा-पढ़ी के बाद यथाशीघ्र कारागार भेजवाने का आदेश दिया। दिनभर नगर में हुई घटनाओं की जानकारी पत्रकारों को दे ही रहा था कि जिलाधिकारी माता प्रसाद ने मेरे कमरे में प्रवेश किया और नगर में सफल शांति व्यवस्था के लिए मुझे बधाई दी। पत्रकारों से बाहर जाने का अनुरोध करते हुए मैंने जिलाधिकारी महोदय का स्वागत किया। मुझको बड़ा आश्चर्य हुआ कि वीरेन्द्र अटल और रमेश आनंद की गिरफ्तारी पर मुझको बधाई देते हुए दोनों को अपने सामने लाने का आदेश दिया। मैंने उनको बताया कि "सर! वे दोनों तो जेल जा चुके हैं।" मैं यह सूचना दे ही रहा धा कि सहसा उपस्थित हाकिम राय बोल पड़ा, "सर! आपने आने को कहा था, इसीलिए उनको रोक रखा गया है।" उसके इतना कहने साथ दोनों अभियुक्तों को डीएम के सामने लाकर खड़ाकर दिया गया।

"क्यों डॉक्टर साहब! ये दोनों तो एक दम ठीक-ठाक हैं? साफ है थाने में इनका एक दम स्वागत नहीं हुआ।" "सर! इनसे कोई बरामदगी तो करनी नहीं थी और न ही कोई महत्वपूर्ण जानकारी ही मिलनी थी।" मेरे मुख से इतना निकला ही था कि हाकिम राय बोल उठा, "सर! मैं अभी दोनों का ठीक से स्वागत करता हूं।" मैनें शांत स्वर में कहा, " किन्तु क्या अब तक 'जीडी' में उनकी आमद नहीं हुई है? अगर आमद हुई है तो क्या इनके शरीर पर आए चोटों का तस्करा जीडी में हुआ है?" मेरी बात पूरी हुई भी नहीं थी कि हाकिम राय बोल उठा था, "सर! इसका भी उपाय मेरे पास है।" यह कहते हुए वह कमरे से निकल गया। थोड़ी देर बाद वापसी में उसके हाथ में "पिलास पेचकस" था। मेरी समझ में कुछ नहीं आया। आश्चर्य चकित मैं उसकी ओर देख ही रहा था कि मेरे जीवन की एक अत्यंत दारुण तथा मेरे लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना का अवतरण हुआ। हाकिम राय के हाथ में पेचकस देख मैं आश्चर्यचकित था। कुछ समझ पाता कि जिलाधिकारी माता प्रसाद के उकसावे पर हाकिम राय ने पेचकस से बारी-बारी दोनों युवकों के हाथों के अंगुलियों के नाखूनों को दबाना शुरू कर दिया। लगभग एक घंटे की यातना के सूत्रधार डीएम कोतवाली से बाहर जा चुके थे। दूसरे दिन समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुईं। उत्पीड़नकर्ता हाकिम राय को इस बात की प्रसन्नता थी कि उनको जिलाधिकारी का परम विश्वस्त होने का तथाकथित अयाचित सौभाग्य मिल चुका था। घटना की सूचना मैंने अपने एसएसपी श्री माथुर को दी। उनकी तात्कालिक प्रतिक्रिया थी, " देखो अजित! जब किसी को उसकी औकात से बाहर की चीज मिल जाती है तब उसका घमंड अनियंत्रित हो जाता है। डीआइजी के कहने पर इसको कमिश्नरी के कोतवाली की इंचार्जी क्या मिल गई, अपनी औकात भूल गया हैं।" जेल पहुंचे दोनों युवक अपने हाथ से खाने को कौन कहे, हाथ से गिलास उठा पानी पीने में भी असमर्थ थे। उसी जेल में अन्य महत्वपूर्ण राजनीतिक कैदियों के साथ-साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास भी बंदी थे। उन लोगों के हस्तक्षेप पर दोनों का विधिवत उपचार हुआ, किंतु उनके नाखूनों के बचाया नहीं जा सका। स्मृति चिन्ह के रूप में दोनों ने अपने-अपने नाखूनों को सुरक्षित रख लिया।

# हादसे का जिम्मेदार कौन

हाथरस हादसे में हुई 100 से अधिक लोगों की असामयिक मृत्यु की हृदय विदारक घटना से हर कोई शोक में शामिल है। धार्मिक समागम में हुई बड़ी संख्या में हुई महिलाओं और बच्चों की दुखद मौत से हाथरस की प्रशासन पर सवाल उठना लाजमी है, प्राप्त जानकारी के अनुसार इस समागम में दो लाख से अधिक लोग पहुंचे हुए थे और पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं की गई थी। हालांकि रिटायर्ड जज की निगरानी में एसआईटी गठित की जा चुकी है, परंतु अभी हादसे के लिए जिम्मेदार किसी भी प्रशासनिक अधिकारी पर कोई कर्रवाई न होना आश्चर्यजनक है। समागम में कितने लोगों की अनुमति दी गई कितने लोग पहुंच गए, जिससे यह हादसा हुआ, जांच का विषय है, लेकिन उचित व्यवस्थाओं का न होना सर्व जाहिर है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हुक्मरानों को आयोजकों और अधिकारियों को सजा मिलेगी भी या नहीं यह तो पता नहीं, लेकिन किसी सामाजिक और यूनियन के आयोजन में अनुमति लेना कितना मुश्किल और कठिन होता है, यह मैं अच्छी तरह जानता हूं। हाथरस मामले में धार्मिक समागम में बड़ी संख्या में जुटे लोगों के आने से हुए हादसे के लिए आखिर कौन जिम्मेदार माना जाएगा, यह यक्ष प्रश्न है।

# बाढ़ राहत शिविरों के लिए स्थान देखा

संवाददाता माधौगढ़ जालौन


स्थलीय निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आने वाले दिनों में संभावित बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन ने तैयारी करते हुए बचाव और राहत शिविरों के सुरक्षित स्थानों का चयन कर स्थलीय निरीक्षण किया। माधौगढ़ तहसील क्षेत्र में रामपुरा थानान्तर्गत पांच नदियों के संगम पंचनद क्षेत्र में प्रतिवर्ष बाढ़ के कारण अनेक गांव पानी से घिर कर संकटग्रस्त हो जाते हैं एवं एक दर्जन से अधिक गांव पानी से लबालब हो जाते हैं। रामपुरा क्षेत्र के नदिया पार में सिद्धपुरा, नरौल, निनावली जागीर, कदमपुरा, कूसेपुरा, हनुमंतपुरा, लक्ष्मनपुरा, बड़ी बेड़, छोटी बेड, भैलावली, विलौड, हुकुमपुरा, सुल्तानपुरा, जखेता सहित जायघा, भिटौरा, कंजौसा, हिम्मतपुर, मढेपुरा, गुढ़ा, बेरा, महटौली, पुरा, पुरवा आदि लगभग 30 गांव बाढ़ के पानी से घिर जाते हैं। इन गांवों के लिए जाने वाला सड़क मार्ग डूब जाने के कारण इन गांव का संपर्क मुख्य मार्गों व आसपास के बड़े गांव रामपुरा, माधौगढ़, जगम्मनपुर आदि से समाप्त हो जाता है। बाढ़ के दौरान स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि प्रशासन के हाथ पांव फूल जाते हैं एवं बचाव व राहत कार्य में लगी एनडीआरएफ टीम भी अपने को असहाय महसूस करती हैं।

- पांच नदियों के संगम क्षेत्र पंचनद के दर्जनों गांव प्रतिवर्ष बाढ़ से होते हैं प्रभावित

इस वर्ष जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने बाढ़ आने से पूर्व संभावनाओं के आधार पर बाढ़ आपदा से निपटने के लिए बचाव एवं राहत के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए क्षेत्रीय अधिकारियों को राहत शिविर के लिए सुरक्षित स्थान का चयन करने एवं उनका स्थलीय निरीक्षण करने को कहा गया है।

### यहां बनेंगे राहत शिविर

उप जिलाधिकारी माधौगढ़ सुरेश कुमार पाल एवं क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेई, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामपुरा सत्यपाल सिंह ने अपने अधीनस्थों के साथ जगमनपुर किला में संचालित श्री राजमाता इंटर कॉलेज सहित ग्राम मई, भीमनगर, सिद्धपुरा, निनावली जागीर, आईटीआई रामपुरा का स्थलीय निरीक्षण कर संभावित बाढ़ आपदा पीड़ितों के लिए शिविर बनाने के लिए उचित प्रबंध करने की तैयारी हेतु खाखा तैयार कर लिया है। निर्धारित बचाव एवं राहत शिविरों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी माधौगढ़ सुरेश कुमार पाल ने बताया कि इस संभावित बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए प्रशासन ने पूरी कमर कस ली है संभावित आपदा से बचाव हेतु किए गए उपायों की तैयारी की जानकारी शासन को भेजी जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिकारियों से की गई चर्चा

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं अन्य न्यायालयों में होगा आयोजन

**अमृत विचार।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 जुलाई 2024 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में विकास विभाग, श्रम रोजगार, डूडा, नेडा एवं आजीविका मिशन आदि विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में सचिव/अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों से कहाकि 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं वाह्य स्थित न्यायालयों में किया जाना है। इसमें विभिन्न प्रकृति के अधिकाधिक मुकदमों/मामलों को नियत किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए सभी विभागों एवं पीएलवी का सहयोग भी लिया जायेगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रतिदिन जन-जन तक प्रचार-प्रसार हेतु ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में गठित स्वयं सहायता समूहों एवं फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा पोस्टर, पैम्पलेट्स जनसामान्य में वितरित करवाएं। बैठक में श्रम रोजगार विभाग से एपीओ मनीष कस्तवार, डीसी एनआरएलएम धर्मेन्द्र जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप


हिन्दू जागरण मंच की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

### प्रशांत को बनाया हिन्दू जागरण मंच का जिला संयोजक

**जालौन।** जनपद जालौन की हिंदू जागरण मंच की जिला योजना बैठक सिटी सेंटर उरई में संपन्न हुई। जालौन प्रवास में प्रांत संयोजक नीरज गुप्ता के साथ उपस्थित रहे। बैठक में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रंजना सिंह चौहान एवं प्रांत आयाम टोली सदस्य नीलाभ शुक्ला उपस्थित रहे। बैठक में प्रशांत तिवारी को जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। साथ में जिला सहसंयोजक अभिषेक गांगुली, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत शुक्ला, जिला कार्यकारिणी सदस्य सैनी को बनाया गया। संगठन के पांचों कार्य, सभी आयाम, संगठन के कार्यक्रमों की सभी कार्यकर्ता को जानकारी दी गई।


एसपी को शिकायती पत्र देने जाते जिला पंचायत सदस्य व अन्य।

### जान से मारने की मिली धमकी, एसपी से शिकायत

**उरई (जालौन)।** कुठौंद विकास खंड क्षेत्र में पड़ने वाली जिला पंचायत सीट बाबली से रेखा प्रजापति जिला पंचायत सदस्य के पति विकल कुमार को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्राम जमालपुर जुन्नार थाना कुठौंद निवासी विकल कुमार, बसपा जिला पंचायत सदस्यों अनिल सिंह सेंगर, मनोज याज्ञिक जिला पंचायत सदस्य गढर, अतरसिंह पाल जिला पंचायत सदस्य अकबरपुर इटौरा, दिनेश यादव जैसारी, आनंद पटेल दिरावटी, कैलाश राजपूत जिला पंचायत सदस्य ऐर, देव गौतम मई, सुदामा चौहान महेवा, पवन रजक खकसीस जिला पंचायत सदस्य आदि ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही दबंगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है।

### किसानों को अनुदान में मिलेगा बीज

**उरई (जालौन)।** जनपद के किसानों को खरीफ 2024 में समस्त फसलों के गुणवत्ता युक्त बीज अनुदान में मिलेंगे। जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर अनुदान पर सामान्य बीज वितरण के लिए धान, उर्द, मूंग, सोयाबीन एवं संकर बाजरा आदि तथा निशुल्क बीज मिनीकिट वितरण के लिए उर्द, मूंग, तिल एवं सांबा के उपलब्ध कराये जा चुके हैं। किसानों को सम्बन्धित विकासखण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डारों से अनुदान पर बीज प्राप्त करने के लिए पंजीकरण एवं आधार कार्ड लेकर जाना होगा। समस्त बीजों का वितरण पीओएस के माध्यम से किया जा रहा है कृषकों को बीज क्रय करने पर अनुदान प्राप्त होगा।

### हाथरस की घटना पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर शहर कांग्रेस कमेटी उरई एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों द्वारा गत दिवस हाथरस में हुई घटना पर शोक जताया गया। मृतकों की आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। यहां गांधी प्रतिमा के नीचे कोतवाली के सामने शोक सभा हुई। जिसमें सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने एवं पदाधिकारियों ने घायल अवस्था में अस्पताल में भारती लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की। इस अवसर पर डॉक्टर रेहान सिद्दीकी, अनुज मिश्रा, प्रेम नारायण पाल, संतराम, नीलांचल प्रदेश सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी चौधरी श्याम सुंदर, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक द्विवेदी, पूर्व ब्लाक प्रमुख सिद्धार्थ दीवोलिया, संतोष ठाकुर, राजकुमार वर्मा, नफीस पठान, गुलाब खान, राजीव नारायण मिश्रा, राजेश बुधौलिया, संजू तिवारी, सीटू, गुड्डू, रिजवी, प्रमोद कुमार सिंह राजपूत, एडवोकेट मोहम्मद शब्बीर अंसारी, आसाराम बापू, हीराचंद, देशराज वर्मा, चंद्रभान वर्मा, हरि सिंह, सुरेश दीक्षित, पंकज दीक्षित, बृजेश पांडे आदि मौजूद रहे।

### हत्या कर कुए में फेंका गया था शव

**माधौगढ़, जालौन।** रामपुरा थाना अंतर्गत ऊमरी में पेट्रोल पंप के पास कुएं में मिले शव के मामले में नया खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार युवक की हत्या कर शव कुएं में फेंके जाने की बात सामने आई है। गत 29 जून को रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊमरी नगर के समीप एक पेट्रोल पंप के पास कुएं में सोनू पुत्र छोटेलाल कुशवाहा, निवासी गिधौसा का शव मिला था। बताया जाता है कि मृतक सोनू पुत्र छोटेलाल अपने छोटे भाई रणजीत के साथ आंध्र प्रदेश में रहकर पानीपूड़ी का धंधा करता था। कभी-कभार अपने गांव गिधौसा आता रहता था। वह 28 जून को 2:30 बजे दिन में घर से निकला लेकिन 29 जून को उसका शव रामपुरा थानान्तर्गत ऊमरी रामपुरा रोड पर पेट्रोल पंप के पास कुएं में पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ की सोनू की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया था।

## एक नजर

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**उरई (जालौन)।** शादी में कम दहेज मिलने की बात कहकर ससुराल के लोगों ने विवाहिता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी पड़ैया निवासी गीता देवी ने पति मनीष कुमार, सास ममता देवी व देवर धर्मेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया

**उरई।** नदीगांव पुलिस ने हस्ट्रीशीटर को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। उस पर अपराधिक 22 मामले दर्ज हैं। थाना पुलिस ने हाकिम सिंह उर्फ कल्लू पुत्र दंगल सिंह, निवासी मोहल्ला परिहार टोला कस्बा एवं थाना नदीगांव जनपद जालौन को एक देशी तमंचा 315 बोर व 4 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। पुलिस काफी दिनों से हस्ट्रीशीटर हाकिम सिंह की तलाश में थी। हाकिम सिंह पर पांच बार गुंडा एक्ट लगाया जा चुका है और लूट, घर में घुसकर मारपीट, बलवा, एससीएसटी समेत 22 मामले थाना नादीगांव में दर्ज हैं।

# बिजली विभाग ने चलाया वसूली का 'डंडा', उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा

## 5 हजार रुपये से ज्यादा के बकायेदारों के काटे कनेक्शन, वसूली भी की

संवाददाता कालपी (जालौन)


अभियान के दौरान बिजली कनेक्शन काटते कर्मचारी। अमृत विचार

- अब रोजाना साढ़े 3 घंटे होगी बिजली कटौती, शेड्यूल हुआ जारी

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग वसूली को लेकर सख्त हो गया है। बुधवार को विभाग ने अलग-अलग टीमों का गठन कर कमर्शियल कनेक्शन धारियों से वसूली की। जिन उपभोक्ताओं का बकाया 5 हजार रुपये से ज्यादा है उनके कनेक्शन काटे गए। बिजली विभाग की टीमों को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। एसडीओ आदर्श राज, अवर अभियंता जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारियों की टीम के द्वारा रावगंज, मनीगंज, दमदमा, मिर्जा मंडी आदि मुहल्लों में जाकर बिजली चेकिंग की गई। इस दौरान 5 हजार रुपये से अधिक बकायदारों के कनेक्शन काट दिए गए। एसडीओ ने बताया कि विद्युत देय राशि की वसूली करने के लिए विभाग गंभीर है। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन के निर्देश पर 5 हजार से ज्यादा के बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमों ने चिह्नित बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने विद्युत बिलों की धनराशि को समय से जमा करके अनावश्यक परेशानी से बचें। टीजटू अभिषेक कुमार, रिंकू पोरवाल, दिलीप, सीताराम कुमार, फहमीद खान, अजय कुमार निगम, सतीश कुमार आदि लाइन मैन तथा कर्मचारी अभियान में जुटे रहे।

### सुबह 2 और शाम को डेढ़ घंटे गुल रहेगी बिजली

**कालपी (जालौन)।** विद्युत सब स्टेशन कालपी के अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि कालपी क्षेत्र में बिजली की सप्लाई का नया शेड्यूल लागू हो गया है। उन्होंने बताया कि नए रोस्टर के मुताबिक सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े नौ बजे तक बिजली की कटौती रहेगी। जबकि शाम को पौने तीन बजे से सवा चार बजे तक बिजली कटौती रहेगी। इस दृष्टिकोण से सुबह दो घंटे तथा शाम को डेढ़ घंटे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विभागीय सूत्रों के अनुसार रोस्टर के मुताबिक निरन्तर विद्युत आपूर्ति दी जाएगी।

### संभागीय परिवहन अधिकारी का बांदा हुआ तबादला

**उरई, जालौन।** संभागीय परिवहन अधिकारी सौरभ कुमार का बांदा जिले में तबादला हो गाय। अग्रिम आदेश तक सुरेश वर्मा यहां उनका पद संभालेंगे।

प्रदेश में इस समय अधिकारी कर्मचारियों के स्थानांतरण का दौर जारी है। इसी क्रम में जनपद जालौन के उपसंभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सौरभ कुमार को अब बांदा जिले के संभागीय परिवहन अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है। सौरभ कुमार बैच 2004 के अधिकारी हैं और हाल ही में पदोन्नत हो कर उपसंभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) से संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) के पद पर तैनात हुए थे। फिलहाल अग्रिम आदेश तक उपसम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सुरेश कुमार वर्मा कार्यभार संभालेंगे।

# सर्वर की समस्या से जूझ रहे राशन विक्रेता, ज्ञापन देकर बताई पीड़ा

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने जाते राशन विक्रेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उचितदर विक्रेता संघ अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भेंट कर समस्याओं को हल करने की मांग उठाई है।

उचितदर विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष जयदेव सिंह यादव ने ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि संगठन जालौन में उचितदर विक्रेताओं के हितार्थ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उचितदर के दुकानों के संचालन में विक्रेताओं को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद जालौन में 765 उचितदर विक्रेता कार्यरत हैं जो प्रति माह ईपीओएस मशीन के माध्यम से वितरण कर रहे हैं। लेकिन सर्वर की समस्या पूरे माह बनी रहती है। जिससे खाद्यान्न वितरण प्रभावित हो रहा है। माह के अंत तक कुछ कार्ड धारक वंचित रह जाते हैं ऐसी स्थिति में ईपीओएस मशीन की सर्वर की समस्या जल्द दूर करवाई जाए।

# वार्डों में मिली गंदगी सफाई कर्मियों को फटकारा

**जालौन।** वार्डों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त न मिलने पर पालिकाध्यक्षा प्रतिनिधि विजय चौधरी ने सफाई कर्मियों को फटकार लगाई। नगर पालिका परिषद उरई अध्यक्ष गिरजा चौधरी के प्रतिनिधि विजय चौधरी ने शहर की सफाई का जायजा लिया। इस पर विजय चौधरी ने शहर के वार्ड नंबर 7 और नंबर 2 का औचक निरीक्षण करते हुए पाया कि दूसरी पाली में वार्डों में तैनात कुछ सफाई कर्मचारी गैर हाजिर थे। जिनके खिलाफ सफाई निरीक्षक तथा कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करवाने की बात कहते हुए फटकार लगाई।

# चोरों के हौसले बुलंद, एसपी कार्यालय के पास हुई चोरी

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- दुकान से 50 हजार का सामान व 8 हजार रुपये नकद ले गए चोर

**अमृत विचार।** चोरों ने एसपी कार्यालय के पास ही चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। जिला मुख्यालय उरई स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय को जाने वाली सड़क और पुलिस अधीक्षक कार्यालय से महज पचास मीटर की दूरी पर स्थित मिठाई की दुकान को निशाना बनाया है।

चोरों ने यहां पाल स्वीट हाउस की दुकान के शटर का ताला तोड़कर करीब 50 हजार कीमत का सामान और गुल्लक में रखे 8 हजार रुपये नकद ले गए। मिष्ठान भंडार के सामने चूर्खी रोड चौराहा हैं, जहां आधा दर्जन यातायात पुलिस और सिविल पुलिस के जवानों का 24 घंटे ठहराव रहता है। पाल स्वीट हाउस के मालिक ने बताया कि बीती रात 10 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था और सभी कर्मचारी भी चले गए थे, सुबह 7 बजे जब वह दुकान पर पहुंचा, तब दुकान के शटर के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो सामान और रुपये गायब थे। दुकानदार ने बताया कि कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी।

**जन-जागरण** जिलाधिकारी ने हरीझंडी दिखाकर रवाना की जागरूकता रैली, लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने का आह्वान

# पौधों की 'बारात' ने पौधरोपण के लिए लोगों को किया प्रेरित

संवाददाता उरई (जालौन)


रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय।


सिमरा शेखपुर में वन महोत्सव के दौरान पौधरोपण करते अतिथि।

**अमृत विचार।** जिले में बुधवार को पौधों की बारात जन जागरूकता रैली निकालकर लोगों को पौध रोपण के लिए प्रेरित किया गया। रैली को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

1 जुलाई से 7 जुलाई के तक जालौन में वन प्रभाग द्वारा "एक पेड़ मां के नाम" की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जनपद के टाउन हॉल से पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ के नारे के साथ पौधों की बारात, जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसका उददेश्य जनपद के लोगों को अधिकाधिक पौधरोपण कर, उनकी सुरक्षा व संवर्धन करने हेतु प्रेरित करना है। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों को इस वृक्षारोपण महाभियान 2024 में बढ़-चढ़ कर भाग लेने व घर-घर में पेड़ लगाने का आह्वान किया। जनपद में भी एक पेड़ मां के नाम लगाने व धरती मां का पौधरोपण कर श्रृंगार करने का कार्य बृहद स्तर पर चलाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम हमारी धरती मां और जिसने मुझे जन्म दिया उस मां के नाम पेड़ लगाना पर्यावरण संरक्षण एवं जल प्रबंधन हेतु अति आवश्यक है। पेड़ है, तो सब का अस्तित्व है। प्रत्येक व्यक्ति, नागरिक को वृक्षारोपण के माध्यम से धरती मां का श्रृंगार कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने का सुनहरा अवसर है। वनाधिकारी प्रदीप कुमार द्वारा स्कूल के बच्चों, एनसीसी कैडेट्स के साथ उपस्थित लोगों को वृक्षारोपण की महत्ता बताकर, फलदार पौध लगाने, उनको सींच कर देख-रेख करने की अपील की गयी। रैली में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी आदि मौजूद रहे। रैली का समापन वन विभाग परिसर में पारिजात के पौधों का रोपण किया गया।

### 6 जुलाई को होगा वन महोत्सव का आयोजन

**कालपी (जालौन)।** आगामी 6 जुलाई को वन विभाग के तत्वाधान में आयोजित होने वाले वन महोत्सव कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। महोत्सव में विधायक विनोद चतुर्वेदी, उपवन संरक्षक प्रदीप कुमार सहित जन प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे तथा पौधारोपण अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि ठक्कर बापा इंटर कॉलेज कालपी में आयोजित होने वाले वन महोत्सव में परिसर में वृहद पौधरोपण किया जाएगा। इस सीजन में 13 लाख से अधिक शोभाकार, छायादार तथा फलदार पौधे रोपित किये जाने का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि जिन ग्रामों में पौधारोपण किया जाएगा उनमें जोल्हूपुर में 55 हेक्टेयर भूमि में, छौंक गांव में 40 हेक्टेयर, हरकूपुर में 20 हेक्टेयर, शाहजहांपुर 15 हेक्टेयर, उकासा में 20 हेक्टेयर, जयरामपुर में 15 हेक्टेयर, आलमपुर में 75 हेक्टेयर, इमिलिया में 90 हेक्टेयर, काशीरामपुर में 20 हेक्टेयर, सुल्तानपुर में 40 हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण किया जाएगा। वन क्षेत्राधिकारी के अनुसार झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे 17 हेक्टेयर भूमि में अभियान के तहत छायादार तथा फलदार पौधे लगाए जाएंगे।

### स्कूल में लगाए पौधे

**जालौन।** महेवा ब्लॉक् के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिमरा शेखपुर में एक पेड़ मां के नाम से प्रचार प्रसार कर लोगों को पौधरोपण के लिए जागरूक किया जा रहा है। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य मतावती ने की। इसमें विद्यालय के बच्चों के साथ स्टाफ व वन स्टाफ ने मिलकर रैली निकाली और एक पेड़ मां के नाम अभियान का प्रचार-प्रसार कर पौधरोपण के लिए जन-जन को प्रेरित किया। कार्यक्रम में हेडमास्टर रामौतार राठौर, रेंजर जीतेन्द्र कुमार, वन दरोगा काशीप्रसाद, पुनीत सिंह लिपिक, माता प्रसाद प्रधान, गजराज जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुदामा सिंह आदि मौजूद थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **सुधा सागर शर्मा पत्नी रामसीता शर्मा, निवासी- मु0 राम चबूतरा, करबा व तहसील कालपी, जि0 -जालौन,** मेरा अभिकर्ता अधिकार पत्र संख्या 166 वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **वसीउल्ला अंसारी पुत्र दयामुउल्ला, निवासी- 6/303 ई0एब्लू0एस कालोनी सेक्टर-6 गोमती नगर विस्तार लखनऊ** मेरा एलाटमेंन्ट लेटर जिसका नं0-2952/01 दिनांक 16/09/2009 वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अखिलेश शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा, निवासी- ईडब्लूएस -563/697, रतनपुर कालोनी, पनकी, कानपुर,** मेरा हाईस्कूल एवं आईटीआई का मूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 35033314231998 वर्ष 2015 वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम SHAHNAZ BANO URF CHANDA था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHAHNAZ BANO रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: MOHAMMAD JAMEEL, R/O, 462/118, RAMGANJ HUSAINABAD CHOWK LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मो0 रफीक पुत्र स्व0 हजारा, निवासी-174/65, पीर जलील घोसियाना, उत्तरी, जिला लखनऊ, उ0प्र0** मेरा पुत्र साजिद अली व उनकी पत्नी शैबुन पत्नी साजिद अली मुझे व मेरे परिवार से आये दिन मारपीट, लड़ाई झगड़ा करती हैं और दहेज प्रथा में बन्द करवाने की धमकी दे रही है, मेरा व मेरे परिवार का जीना मुश्किल कर दिया है, इसलिए मैंने अपने पुत्र साजिद अली व उनकी पत्नी शैबुन को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके किसी भी कार्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अय्यूब पुत्र गुलाम व जुबेदा खातून पत्नी अय्यूब, निवासीगण- ग्राम बसारा परगना व तहसील फतेहपुर जनपद बाराबंकी** मैने अपने दूसरे नम्बर के पुत्र तौकीर पुत्र अय्यूब के गलत चाल-चलन के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा कोई कृत्य, वाद-विवाद, लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना-देना नही है।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1511315 और इंटरमीडिएट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1058344 का अंक सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका कुछ पता नहीं चल सका है। **शिवेंद्र सिंह पुत्र राकेश कुमार सिंह निवासी ग्राम चकगौर, पोस्ट छिवलहा, थाना सरेनी, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र आनंद मोहन के गलत चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वंय जिम्मेदार होगा। **रविन्द्र सिंह पुत्र जसवंत सिंह- निवासी- कटैया - थाना- ऐरवाकटरा जनपद -औरैया।**

# 150 करोड़ की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

## राजेश मौर्य नाम बदलकर इंदौर में राज सिंह के नाम से रह रहा था

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


ठगी का आरोपी राजेश मौर्या।

- पैसे दोगुना करने का झांसा देकर ठगे करोड़ों
- स्थानीय पुलिस के साथ एसटीएफ ने दबोचा

**अमृत विचार।** ठगी कर वर्षो से फरार चल रहे आरोपी को स्थानीय पुलिस व एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए ठग पर करीब 150 करोड़ रुपये ठगने का आरोप है।

मामला सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव का है। सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस और प्रयागराज एसटीएफ की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की। करीब 150 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले पर 25,000 का इनाम भी घोषित था। इनामी ठग राजेश मौर्या को गिरफ्तार कर कर पुलिस व एसटीएफ उससे पूछताछ कर रही है। राजेश मौर्या को कर्मेपुर मोड़, सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव के रहने वाले राजेश मौर्य ने लोगों को पैसा दोगुना करने का लालच देकर करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों से इकट्ठा किया और रफूचक्कर हो गया। एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि राजेश मौर्य मध्य प्रदेश के इंदौर महानगर के नेहरू नगर में राजा सिंह के नाम से रहता था। उसने अपना हुलिया बदल कर रह रहा था।

वह सरदार के भेष में रहा करता था। ताकि लोग उसकी पहचान न कर पाए। राजेश मौर्या ने साल 2007 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मार्केटिंग का काम किया और बाद में एनजीओ के नाम पर लोगों को धोखाधड़ी के जरिए फंसाया। उसने आरकेएम शिक्षण संस्थान नामक एनजीओ रजिस्टर करवा कर लोगों को दो-गुना लाभ दिलाने का लालच देकर करोड़ों रुपये इकट्ठा किए। उसने प्रदेश के अलावा कई राज्यों में धोखाधड़ी का अपराध किया। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि राजेश मौर्या ने फर्जी दस्तावेजों और रसीदों के माध्यम से लोगों को गुमराह किया और उनसे पैसा हड़प लिया। उसके खिलाफ कई धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं और वह लगातार भेष बदलकर अपने ठिकाने बदलता रहता था। इसलिए उसे पकड़ने में पुलिस को जाल बिछाना पड़ा। तब कहीं जाकर वह हत्थे लगा। अब उससे पूछताछ कर पुलिस धोखाधड़ी के मामले उगलवा रही है।

# खरीफ की फसल बोने की तैयारी में जुटे किसान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सोमवार को लगातार कई घंटे तक हुई थी बारिश
- धान रोपाई के लिए किसान हो रहे तैयार

**अमृत विचार।** बीते सप्ताह हुई कई घंटे तक झमाझम बारिश थमने के बाद किसान खरीफ बुआई की तैयारी में जुट गए हैं। जिन किसानों की धान की नर्सरी तैयार हो चुकी है, वह अपने खेतों की जुताई कर धान रोपाई के लिए तैयार कर रहे हैं। वहीं अधिकांश क्षेत्रों में इस बार जून माह में अधिक तापमान होने के कारण धान की नर्सरी झुलस गई थी, जिससे किसानों को दोबारा नर्सरी बोनी पड़ी। किसानों का कहना है कि अच्छी बारिश हो जाए तो धान की रोपाई शुरू हो जाए।

बीते दिनों हुई झमाझम बारिश कई घंटे तक लगातार हुई। जिससे खेतों में पानी भर गया। खेतों में पानी भरने के बाद किसानों ने धान की नर्सरी लगाने की शुरुआत कर दी। वहीं खरीफ फसलों की बुआई के लिए भी तैयारियां शुरू हो गई है। बारिश के बाद भी कई स्थानो में अब भी जलभराव की स्थिति है। गांवों में सफाई के अभाव में गलियां कीचड़ से पटी पडी है। गांवों में सफाई के नाम पर महज औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। नालियों की कभी भी सफाई नहीं हो रही है। बारिश से उमसभरी गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है। बुधवार को पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे। लेकिन बारिश नहीं हो सकी। किसान अब अच्छी बारिश के इंतजार में हैं। जिससे उनकी धान रोपाई अच्छे से हो सके। कुछ किसान अपने निजी नलकूप के भरोसे खेत में पानी भर कर धान रोपाई कर रहे हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो में अब भी बिजली की समस्या से निदान नहीं मिल पा रही है। जिससे किसान परेशान हो रहे हैं।

### ट्रैक्टरों से हो रही खेतों की जुताई

अब बारिश होने से तापमान में भी गिरावट आई है। जिससे किसान खेतों में ट्रैक्टर जुताई करते हुए नजर आने लगे है। किसानों का कहना है कि नर्सरी तैयार होने में करीब तीन सप्ताह से अधिक का समय लग जाएगा। इसके बाद रोपाई शुरु होगी।

# बदली व धूप से बढ़ी उमस, लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बीते सप्ताह अच्छी बारिश के बाद भी उमस भरी गर्मी से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। बदली और धूप के जुगलबंदी से उमस ने डेरा जमा लिया है, जिससे लोग पसीना-पसीना होने को मजबूर हैं। बुधवार को भी पारा सामान्य से साढे तीन डिग्री नीचे रहने के बाद भी उमस भरी गर्मी लोगों को बेहाल किए रही। जबकि गर्मी में आफत ढा रही बिजली की कटौती ने लोगों को बेचैन रखा है।

तीखी गर्मी के बाद मौसम में आए बदलाव के बाद भी उमसभरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। जबकि पारे में भी उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। पिछले दो दिन से आसमान में छाने वाली बदली लोंगों को मुंह चिढ़ा रही है।

गर्मी से बेहाल लोगों के साथ ही किसानों को भी अब झमाझम बारिश का इंतजार है। मंगलवार रात में पारा सामान्य से दो डिग्री नीचे गिरने के बाद भी उमस भरी गर्मी बरकरार रही। वहीं बिजली कटौती व ट्रिपिंग से पंखे कूलर नहीं चल पाने के कारण लोग गर्मी से बहाल रहे।

**7 जुलाई तक बारिश के असार:** मौसम वैज्ञानिक वसीम अहमद ने बताया कि बुधवार को अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री रहा। उन्होंने बताया कि अभी मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। आसमान में बदली रहने के साथ ही तेज हवाएं चलने तथा 7 जुलाई तक गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

## बारिश के बाद सजा तिरपाल का बाजार

- 25 से 60 रुपये मीटर तक की पन्नी कई रंग में उपलब्ध
- सबसे ज्यादा पीली और काली पन्नी को खरीद रहे लोग

**फतेहपुर।** बारिश की दस्तक के साथ ही शहर में तिरपाल का बाजार गर्मा गया है। बाजारों में जगह-जगह दुकानें सज गई हैं। हर किसी ने दुकानों के बाहर तख्त डालकर लाल, पीला, नीली, काली, सफेद से लेकर कई प्रकार की पन्नी बिछा रखी हैं। विक्रेताओं ने बताया कि तिरपाल का व्यापार सिर्फ एक माह का होता है। व्यापार का पूरा दरोमदार अच्छी बारिश पर आधारित होता है। वैसे इस बार 25 से 30 लाख रुपये के व्यापार होने की उम्मीद है।

एक समय था, लोग कच्चे घरों को बारिश से बचाने के लिए खपरैल आदि की व्यवस्था किया करते थे। कई दिन पहले से घर के बडे-बुजुर्ग बच्चों और महिलाओं के साथ उसकी तैयारी में जुट जाया करते थे। अब आधुनिकता के युग में लोगों ने तिरपाल को सहारा बना लिया है। मानसून की दस्तक के साथ जिले में बारिश का क्रम भी शुरू हो गया है।

पिछले तीन, चार दिन पहले रोजाना रुक रुक कर बारिश हुई। लोग बारिश से घर, मकानों को बचाने के लिए तिरपाल की खरीदारी कर रहे हैं। विक्रेताओं ने बताया कि 25 से 60 रुपये मीटर तक की पन्नी दुकानों पर उपलब्ध है। इसमें काली और पीला पन्नी सबसे ज्यादा खरीदी जा रही है। दरअसल उसकी क्वालिटी के साथ मजबूती भी है।

इस बार तिरपालनुमा पन्नी खासी महंगी हुई है। दुकानदारों की मानें तो पिछले साल की तुलना में 15 से 20 फीसदी धंधे में बढ़ोत्तरी हुई है। जो पन्नी पहले दस रुपये कम में मिल जाती है, वह आज 15 रुपये बढ़कर मिल रही है। इससे खरीदार परेशान है।

## एक नजर

### मोटरसाइकिल सवार ने राहगीर को मारी टक्कर

**धाता।** बीती रात लगभग 8 बजे धाता खागा रोड पर नगरुआ पेट्रोलपम्प के सामने रोड पार कर रहे राहगीर को मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल सवार सहित राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीएचसी धाता भिजवाया गया है। थाना अध्यक्ष आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि परिवारीजन को सूचना दी गई है। मौके पर अस्पताल भी पहुंच गए हैं। मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई जिसे पेट्रोल टंकी पर हीं खड़ी करवाया गया है।

### ट्रेन पर चढ़ते समय गिरा यात्री, घायल

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी जय मंगल का 40 वर्षीय पुत्र अजय कुमार खागा रेलवे स्टेशन पर जयपुर जाने के लिए ट्रेन में चढ़ रहा था। तभी धक्का लगने से वह गिरकर घायल हो गया। उसको इलाज के लिए हरदो सीएचसी पहुंचाया गया।

# मरीजों को लूट रहे झोलाछाप

संवाददाता, फतेहपुर

- गांव-गांव मरीजों की जान के साथ खिलवाड़

**अमृत विचार।** ग्रामीणांचलों में स्थित सीएचसी-पीएचसी में समुचित इलाज न मिलना मरीजों को भारी पड़ रहा है। मरीजों को झोलाछाप लूट रहे हैं और गम्भीर अवस्था होने पर अपने सेटिंग वाले निजी अस्पतालों में भेज रहे हैं। जहां अक्सर डाक्टर बने लोगों की लापरवाही से मरीजों की मौत होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डाक्टरों की भरमार हैं और आए दिन वहां हंगामा होता रहता है। नाम न छापने की शर्त पर एक मरीज के तीमारदार ने बताया कि गाजीपुर क्षेत्र में झोलाछाप के इलाज से एक मरीज की हालत बिगड़ गई। उससे 25 हजार रुपए भी इलाज के नाम पर ऐंठ लिए। दरअसल चिकित्सकों की कमी का फायदा उठाकर झोलाछाप मरीजों की जान से खेल रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में माकूल इलाज नहीं मिल रहा है। डायरिया और बुखार के मरीज भी भर्ती नहीं हो रहे। उन्हें दवा देकर टाला जा रहा है। ऐसे में फायदा नहीं होता देख मरीज झोलाछापों के चंगुल में फंस रहे हैं।

झोलाछाप मरीजों को झांसे में लेकर इन्ही नर्सिंग होम तक भेज रहे हैं। निजी अस्पतालों के एम्बुलेंस भी इसमें लगे हुए हैं। सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि ओपीडी और भर्ती होने वाले मरीजों में 70 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों के होते हैं जो अति गम्भीर हो रहे हैं। उनमें अधिकतर झोलाछापों के इलाज से गम्भीर होकर आते हैं। सीएमओ का कहना है कि सीएचसी अधीक्षकों को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# कुकर्म कर मौलवियों ने की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- नौ साल के बच्चे की हत्या का पर्दाफाश हुआ
- कुएं से बरामद किया गया था बच्चे का शव

**अमृत विचार।** एसओजी और मलवां थाने की पुलिस ने संयुक्त टीम ने 9 वर्षीय बच्चे की हत्या के मामले का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पता चला कि नौ साल के बच्चे के साथ कुकर्म करने के बाद दोनों मौलवियों ने उसकी हत्या राज खुल जाने के डर से की थी।

बता दें कि मलवां थाना क्षेत्र में 30 जून को दोपहर 2:23 बजे मृतक की मां ने डायल 112 पर सूचना दी थी कि उनका 9 वर्षीय बच्चा, जो 29 जून से लापता था। बच्चे का चप्पल गांव सौरा के तालाब के किनारे मिला है, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तालाब और बगल के कुएं की तलाशी ली, जहां बच्चे का शव बोरी में पाया गया।

इस घटना के संबंध में थाना मलवां में मामला दर्ज किया गया था। बुधवार को पुलिस ने मदरसे के दो मौलवियों रकीमुद्दीन और दिलनवाज नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, सेलो टेप और रस्सी का टुकड़ा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी दिल नवाज पॉर्न मूवी देखने का आदी था। बच्चे को अकेला पाकर उसके साथ घिनौनी वारदात को अंजाम दिया और राज खुल न जाए, इस डर से उसे मौत के घाट उतार दिया। दोनों आरोपी गांव सौरा में एक मदरसे का संचालन करते हैं।

नौ साल का बच्चा भी इसी मदरसे में पढ़ता था। आरोपी दिलनवाज पोर्न वीडियो देखने का आदी था और उसने बच्चे के साथ गलत काम करने का प्रयास किया था, जब बच्चा रोने लगा, तो दिलनवाज ने उसका मुंह दबाकर उसे बेहोश कर दिया और बाद में उसके हाथ-पैर बांध दिए। जिससे उसकी दम घुटने से मौत हो गई। वहीं पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# बिजली विभाग के संविदा कर्मी की करंट से मौत

संवाददाता, धाता फतेहपुर

- नलकूप का फेस बदलने के दौरान करंट की चपेट में आया


अमित सिंह।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव निवासी अमित सिंह पुत्र जगदीश सिंह की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक बिजली विभाग में संविदा कर्मी के रूप में काम करता था। वह नलकूप के कनेकशन में फेस बदल रहा था तभी करंट की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई।

जगदीश सिंह के दो पुत्र हैं। बड़े पुत्र विनीत सिंह एक वर्ष पूर्व छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था और आज भी वह बिस्तर में पड़ा रहता है। वह भी बिजली विभाग में लाइनमैन के पद में संविदा कर्मी था। जगजीत सिंह के छोटे लड़के 38 वर्षीय अमित सिंह धाता पावर हाउस में ऑपरेटर के पद पर संविदा कर्मी था। रोजाना की तरह अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद घर आया। वह खेत में पानी लगाने के लिए गया तो उस समय आपूर्ति चालू नहीं थी। लगभग 8 बजे जैसे ही वह फेस बदलने लगा कि बिजली आ गई। वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही अचेत होकर गिर गया। आनन फानन में परिजन डॉक्टर को दिखाया तो चिकित्सक ने अमित को मृत घोषित कर दिया।

अमित सिंह का विवाह लगभग 7 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के जाम गांव निवासी लालता प्रसाद सिंह की पुत्री सुचित्रा देवी के साथ हुई थी दंपति के दो पुत्र हैं। जिसमें हार्दिक और सार्थक क्रमशः 6 वर्ष और 4 वर्ष है युवक की मौत पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रैली निकाल प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया

संवाददाता, धाता

- नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ ने दी नसीहत

**अमृत विचार।** नगर पंचायत में अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार बागी एवं नगर अध्यक्ष रेखा सरोज के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया। जिसमें लोगों को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज ने कहा कि सभी लोग प्लास्टिक बैग का उपयोग न करें। यह प्रकृति के लिए अत्यंत हानिकारक है। प्लास्टिक के उत्पादन से प्रकृति को काफी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने बैठक में उपस्थित लोगों से प्लास्टिक के बैग की जगह कपडेल का थैला उपयोग करने की अपील की। बैठक के बाद अधिशाषी अधिकारी के नेतृत्व में बाजार में एक जन जागरूकता रैली निकाली गई।

लोगों को कपड़े के थैले भी वितरित किए गए। इस दौरान डॉक्टर बाबू लाल, राजू सरोज सरोज, मोहम्मद कलीम, दीपू त्रिपाठी, प्रेम सिंह, लवलेश सोनकर, ननका केसरवानी, गब्बर केसरवानी, शिवम, मनीष आदि रहे।

# टमाटर हुआ 'लाल', सौ रुपये प्रतिकिलो कीमत

कार्यालय, संवाददाता, फतेहपुर

- थाली से गायब होने लगी मौसमी सब्जियां
- गर्मी से फसलों के आच्छादन में आई गिरावट


चौराहे में सजी सब्जी की दुकाने। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इस बार भीषण गर्मी के चलते जिले में प्रभावित हुई सब्जी की खेती के चलते मौसमी सब्जियों के दामों में भी भारी उछाल आ गया है। प्याज व टमाटर के दामों में काफी तेजी आ गई है। सब्जी विक्रेताओं की माने तो गर्मी बढ़ने से बाहर से सब्जियों की कम आवक हो रही है। हरी सब्जियों की कीमतों में 10 से 40 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी हुई है।

भीषण गर्मी के चलते सब्जियों के दामों में दोगुनी तक की बढ़ोतरी हो गई है। बीते 15 दिनों में हरी सब्जी के बढ़ते दामों के चलते लोगों की थाली से हरी सब्जियां गायब हो गई हैं क्योंकि सब्जियों के दाम दोगुने से ज्यादा तक बढ़ गए हैं। दुकानदारों का कहना है की भीषण गर्मी के चलते सब्जियों के पौधे झुलस गए हैं, जिससे फसलों को उगाने में दोगुनी कीमत व मेहनत लगानी पड़ती है। आसमान छूते सब्जी की कीमतों के चलते लोगों को सब्जी खरीदने में पसीने छूट रहे हैं। लौकी, प्याज, तुरई, खीरा, कद्दू, करेला आदि सब्जियों के भाव दोगुनी से भी ज्यादा बढ़ गए हैं।

एक सप्ताह पूर्व जहां बाजार में टमाटर का भाव 20 से 25 प्रति किलो था, वहीं इस समय 80 से 100 रुपए किलो है। आलू भी 40 से 45 रुपया किलो, भिंडी 40 से 50 रुपए किलो, तोराई 30 से 40 प्रति किलो लौकी, 40 प्रति किलो, कद्दू 80 रुपए किलो के बीच मार्केट में बिक रहा है। प्याज बाजार में 40 से 50 किलो की दर से बिक रहा है। इसी प्रकार लहसुन की कीमतों में भी काफी बढ़ोतरी हुई है जिसके चलते लहसुन की कीमत भी 250 प्रति किलो हो गई है।

**जिला अस्पताल** दवा के साथ रक्त की जांच की सलाह दे रहे डॉक्टर

# वायरल बुखार से बच्चे ज्यादा पीड़ित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


ओपीडी में लगी मरीजों की भीड। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में वायरल बुखार का हमला तेज हो गया है। सबसे अधिक बच्चे इसकी चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में इन दिनों बुखार पीड़ित लोगों की भीड़ उमड़ रही है। डाक्टर इन्हें दवा के साथ खून की जांच कराने का परामर्श दे रहे हैं।

पिछले दिनों हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत तो दिला दी है। इसके बाद भी अस्पताल में मरीजों की भीड़ तेजी से उमड़ रही है। बुधवार को जिला अस्पताल में 845 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें अधिकांश जुकाम बुखार से पीड़ित शामिल रहे। डॉ. रघुनाथ सिंह ने बताया कि इस मौसम में अधिकांश लोग जुकाम, बुखार जैसे वायरल इंफेक्शन से पीड़ित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में वायरल का प्रकोप तेजी से फैलता है। हर उम्र के लोग इसकी चपेट में आते हैं। हालांकि बच्चों के जल्दी बीमार होने का खतरा अधिक होता है। इसका मुख्य कारण बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी है। इससे वह जल्दी संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं। वायरल संक्रमण की चपेट में आये बच्चों में तेज बुखार के साथ सिरदर्द, बदन दर्द और उल्टी जैसी शिकायतें हो सकती हैं। परिजनों को बच्चों को वायरल संक्रमण की चपेट में आने से बचाने के लिए साफ सफाई का विशेष ध्यान देना चाहिए।

### इमरजेंसी वार्ड में भर्ती हो रहे मरीज

इन दिनों बीमारों की संख्या में इजाफा होने के कारण इमरजेंसी वार्ड पर भी असर पड़ रहा है। बुधवार को शाम तक करीब 20 मरीजों को डॉक्टरों ने जांच के बाद भर्ती करने की सलाह दी। भर्ती किए गए मरीजों में 12 बुखार, पांच डायरिया और आठ पेट दर्द जैसी बीमारियों के मरीज शामिल रहे।

# परंपरागत तरीके से मनाएं मुहर्रम

**किशनपुर-फतेहपुर।** थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें तजियादारों को निर्देशित किया गया। परंपरागत तरीके से मुहर्रम का त्योहार मनाने के निर्देश दिए गए।

बुधवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक मे 15 ताजिया दारों से बारी बारी से साफ सफाई विद्युत पथ मार्ग ताजिया भ्रमण के रास्तों पर विस्तृत चर्चा की गई। पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता खागा एसडीएम अजय पांडेय ने की। बैठक में सभी ताजियादारों से पुरानी परंपराओं के अनुसार शांतिपूर्ण तरीके से ताजिया निकालने पर चर्चा हुई। इस वर्ष किसी भी नई परंपरा को न मनाने के निर्देश दिए गए। साथ में जूलूस के दौरान आने वाली समस्याओं को सुन मौके पर तत्काल निदान किया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार शशांक राय, विद्युत जेई अमित कुमार ,एडीओ पंचायत मो हारून, थानाध्यक्ष हेमंत मिश्रा व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ला, नगर पंचायत से चमन कुमार आदि मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालयों में नहीं बढ़ रही छात्रों की उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** ग्रीष्मावकाश के बाद जिले भर में शिक्षण कार्य के लिए परिषदीय विद्यालय खुल गए हैं। करीब चार दिन बीतने के बाद भी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम दिख रही है।

परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति नहीं बढ़ रही है। पहले दिन से ही विद्यालयों में 30 से 35 फीसदी उपस्थिति चल रही है। चौथे दिन भी यही हाल रहा। बुधवार को शहर के स्कूलों का हाल जाना गया तो हकीकत सामने दिखी। उच्च प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन, प्राथमिक विद्यालय मुराइनटोला, प्राथमिक विद्यालय पीरनपुर आदि विद्यालयों में बहुत कम बच्चे उपस्थित मिले। विद्यालय के शिक्षकों की माने तो इनका कहना रहा कि भले ही गर्मी की छुटटी समाप्त हो गई हो लेकिन अभी भी कोई अपने ननिहाल में है तो कोई बच्चा मौसी के यहां होना बताया जा रहा है।

### अधिकारियों ने ले रखा कई विद्यालयों को गोद

स्कूलों की दशा सुधारने के लिए शासन की ओर से अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों को स्कूल गोद लेने के लिए प्रेरित किया गया है। जिलाधिकारी सहित जिले के विभिन्न अधिकारियों ने एक सैकड़ा से विद्यालय गोद लिए हैं। कुछ अधिकारी तो विद्यालयों में देख-रेख करने जाते हैं। जबकि कई ऐसे अधिकारी हैं। जिन्हें अपने गोद लिए विद्यालय से ज्यादा मतलब नहीं है। यह अधिकारी गोद लिए स्कूलों को सालों-साल देखने भी नहीं जाते हैं।

### समय से हुआ है किताबों का वितरण

डीसी अखिलेश सिंह ने बताया कि जिले के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले शिक्षार्थियों के लिए सत्र 2024-25 के लिए करीब 14 लाख पुस्तकों की आवश्यकता है। जिसमें से करीब 11 लाख पुस्तकें जिले में वितरण हो चुका है। बताया कि कक्षा 1 व 2 में एनसीईआरटी की तर्ज पर पैटर्न चेंज हुआ है। शिक्षा सत्र शुरू होने से पूर्व पाठय पुस्तकों की खेप आ चुकी थी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# बारिश में भी नहीं रुके मुख्यमंत्री योगी के कदम

## सुरक्षाकर्मी छाता लेकर बारिश से करते रहे बचाव, मौके का निरीक्षण करने में जुटे रहे मुख्यमंत्री

संवाददाता, हाथरस

**अमृत विचारः** लगातार हो रही बारिश के बीच मुख्यमंत्री सिकंदराराऊ घटनास्थल के निरीक्षण से लेकर मृतकों और घायलों के परिजनों से जानकारी लेने तक पैदल ही दौड़ते रहे और उन्हें बारिश से बचने के लिए सुरक्षाकर्मी छाता लेकर लगे रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथरस की घटना के बाद बुधवार को सिकंदराराऊ पहुंचे। यहां उन्होंने पहले पुलिस लाइन पहुंचकर अधिकारियों से बात की। डीएम, एसपी से घटना की जानकारी ली। मृतकों का विवरण और घायलों की स्थिति जानी। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। फिर वे घटनास्थल पर पहुंचे। इस बीच बारिश होने लगी। कुछ देर के लिए लगा कि मुख्यमंत्री योगी बारिश रुकने का इंतजार करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह बारिश में सीधे घटनास्थल की ओर बढ़े तो सुरक्षाकर्मी उन्हें बारिश से बचाव के लिए छाता लेकर सुरक्षा में जुट गए। मुख्यमंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। हालांकि, छाते से बारिश से तो बचाव हो रहा था, लेकिन फिसलन भूमि पर मुख्यमंत्री संभल-संभल कर कदम रखने की कोशिश कर रहे थे। फिसलन कारण ही यहां मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ था।


हाथरस में मंगलवार को हुई भगदड़ स्थल का निरीक्षण करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

# सिकंदराराऊ में रेलवे ने किए व्यापक इंतजाम, ट्रेनों का होगा विशेष ठहराव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र में सत्संग के बाद हुए हादसे के बाद रेलवे ने भी अलर्ट जारी किया है। कासगंज से चिकित्सकों का दल निगरानी में लगा है। कासगंज रेलवे जंक्शन पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। सिकंदराराऊ स्टेशन पर सुपरफास्ट, एक्सप्रेस ट्रेनों का विशेष ठहराव सुनिश्चित किया है। भीड़ के मद्देनजर पूर्वोत्तर रेलवे ने ये निर्णय लिया है।

कासगंज-मथुरा रेल खंड पर सिकंदराराऊ स्टेशन पर भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। इस खंड पर विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। नियमित के साथ ही विशेष ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव भी हो रहा है। यहां पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने के साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती हुई है। यात्रियों की सुविधा पानी तथा खान-पान की व्यवस्था की गई है।

### इस तरह ट्रेनों का होगा ठहराव

- 05414 आगरा फोर्ट–कासगंज सवारी गाड़ी सिकंदराराऊ स्टेशन पर शाम 06 .56 बजे पहुंचकर 06 .04 बजे प्रस्थान करेगी।
- 22922 गोरखपुर–बांद्रा टर्मिनस अन्त्योदय एक्सप्रेस का विशेष ठहराव सिकंदराराऊ स्टेशन पर प्रदान किया गया। यह गाड़ी सिकंदराराऊ स्टेशन पर शाम 08 .33
- बजे पहुंचकर 08 .37 बजे प्रस्थान करेगी।
- 04816 मऊ–जोधपुर विशेष गाड़ी का विशेष ठहराव सिकंदराराव स्टेशन पर। यह गाड़ी सिकंदराराव स्टेशन पर 09 .06 बजे पहुंचकर 09 .10 बजे प्रस्थान करेगी।
- 05387 कासगंज–मथुरा अनारक्षित गाड़ी कासगंज से शाम 09 .25 बजे चलाई गई है।
- 05346 मथुरा–कासगंज अनारक्षित विशेष गाड़ी मथुरा से रात 09 .00 बजे चलाई गई है।
- 15055 आगरा फोर्ट–रामनगर एक्सप्रेस मथुरा जं. से रात 11 .00 बजे चलेगी ।
- 05046 राजकोट–लालकुआं विशेष गाड़ी मथुरा जं. से चलाई जाएगी।
- कासगंज से मथुरा के लिए शाम 08 .43 बजे एक विशेष रेक चलाई गई है।
- कासगंज से मथुरा तथा वापस कासगंज के लिए एक विशेष रेक चलाई गई है।
- मथुरा से बरेली की तरफ एक मेमू ट्रेन चलाई गई है।

“ सिकंदराराऊ में हुए हादसे के बाद अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेन चलाने एवं विशेष ट्रेनों का ठहराव करने का निर्णय लिया है। उसके तहत समय सारणी जारी कर दी गई है। **–पंकज कुमार सिंह**, जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर


घटना स्थल पर बिखरा पड़ा लोगों का सामान। ● एजेंसी

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा, दम घुटने से मौत

## चिकित्सक बोले- अधिकांश शव की शिनाख्त होने के बाद ले गए परिजन, मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं शामिल

संवाददाता, एटा /हाथरस

**अमृत विचारः** हाथरस में आयोजित भोले बाबा के सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में हुई मौतों का कारण स्पष्ट हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश लोगों की मौत दम घुटने से हुई हैं।

एटा के जिला अस्पताल में भगदड़ में मारे गए लोगों के शवों को लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद वरिष्ठ डॉक्टर ने कहा कि लोगों की मौत का प्रमुख कारण दबाव से दम घुटना था। अस्पताल ने एक दिन में सामान्य संख्या से चार गुना अधिक पोस्टमार्टम किए। मंगलवार को भगदड़ के बाद जिला अस्पताल में 27 शव लाए गए। कुल मृतकों की संख्या 121 बताई जा रही है। शवों को एटा और अलीगढ़ सहित आसपास के इलाकों के अस्पतालों में ले जाया गया।एटा के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम मोहन तिवारी ने बताया कि यहां लाए गए शवों का पोस्टमार्टम हुआ। कुछ शवों की पहचान हो गई, जबकि कुछ की बाकी है। लगभग सभी की मौत का कारण दबाव से दम घुटना पाया गया है।

उन्होंने कहा कि मरने वालों में अधिकतर 40 से 50 आयु वर्ग की महिलाएं थीं। अस्पताल की स्थिति पर वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि वह जिले में औसतन प्रतिदिन चार से पांच पोस्टमार्टम देखते हैं। मंगलवार को शवों की संख्या औसत से काफी अधिक थी, जिससे अस्पताल कर्मचारियों और अधिकारियों को नियमित समय से अधिक काम करना पड़ा। उपचाराधीन पीड़ितों के बारे में उन्होंने कहा कि यहां चार मरीज लाए गए थे, जिनमें से एक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दो अन्य खतरे से बाहर हैं और एक गर्भवती महिला का उपचार चल रहा है, लेकिन उसकी हालत स्थिर है। पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि एटा सरकारी अस्पताल में लाए गए 27 शवों में से 21 की आधी रात तक पहचान हो गई थी। मरने वालों में ज़्यादातर महिलाएं थीं। शव एक-दूसरे के ऊपर रखे गए।


अपने स्वजनों की मौत पर विलाप करतीं महिलाएं। ● एजेंसी


अपने स्वजनों की मौत पर विलाप करता व्यक्ति। ● एजेंसी

### सैंडल उठाने के चक्कर में मौत के आगोश में समा गई प्रियंका

**गंजडुंडवारा।** मंगलवार को गांव बहोट की प्रियंका अपने माता पिता के साथ पहली बार सत्संग जाने को निकली थी, लेकिन उसे क्या पता था की पहली बार का सत्संग ही उसके लिए काल का कारण बन जाएगा। वह भीड़ के पैरों तले दबी रही। रोती, चीखती, चिल्लाती रही, लेकिन किसी ने भी उसकी चीख नहीं सुनी। प्रियंका के पिता रामसेवक ने बताया कि सत्संग में पुरुष और महिलाओं के अलग अलग बैठने की व्यवस्था के कारण परिजनों के अलग थे। सत्संग समापन पर रेलवे स्टेशन पर आकर परिजन प्रियंका का इंतजार कर रहे थे कि अचानक सत्संग में भगदड़ की सूचना मिली। सत्संग स्थल पर पहुंचे पर पता चला बेटी प्रियंका हादसे का शिकार हो गई और उसको एटा चिकित्सालय भेज दिया है। वहां पहुंचने पर पता चला की बेटी काल के गाल में समा गई। प्रियंका के साथ गई गांव की बबिता ने बताया कि एक बार प्रियंका गिर गई तो लोगों ने बचा लिया, हम लोग आगे बढ़ रहे थे कि अचानक से उसकी पैर का सैंडल गीली मिट्टी में फंस गया। उसे उठाने के लिए जैसे ही झुकी कि पीछे से आ रही भीड़ उपर से निकल गई। हम लोग भी बिछड़ गए। थोड़ी देर बाद जानकारी हुई कि प्रियंका भी हादसे का शिकार हो गई। शाम को गांव में शव पहुंचा था। एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह और सीओ वीके राना पहुंच गए। उन्होंने हर संभव भरोसा दिलाया।

### हाईकोर्ट में याचिका दायर, सीबीआई जांच की मांग

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक पत्र के जरिए जनहित याचिका बुधवार को दायर कर हाथरस में भगदड़ की घटना की सीबीआई से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता गौरव द्विवेदी ने मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों को संबोधित अपनी याचिका में लिखा है कि समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ में सौ से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है और अनेक लोग घायल हुए हैं। इसके लिए जिले के अधिकारी पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका, विशेषज्ञ समिति करे जांच

नई दिल्ली। हाथरस में मची भगदड़ की घटना की जांच के लिए शीर्ष अदालत के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर की गई। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में इस घटना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और लापरवाही बरतने के लिए अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में सभी राज्य सरकारों को भी यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए प्रखंड/तहसील से लेकर जिला स्तर तक राज्य में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति की जानकारी दें। साथ ही धार्मिक या ऐसे अन्य आयोजन के दौरान भगदड़ या अन्य घटनाओं को रोकने को दिशानिर्देश जारी करें, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र होते हैं।

### हादसे रोकने की योजना बनाएं : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाथरस में भगदड़ की घटना में लोगों के मारे जाने पर बुधवार को दुख जताया और सवाल किया कि इस दुखद घटना का जिम्मेदार कौन है? उन्होंने यह भी कहा कि लीपापोती करने की बजाय सरकार का दायित्व होता है कि कार्रवाई करे और ऐसे हादसों को रोकने की योजना तैयार करे, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग कार्यक्रम के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि अनुमति से तीन गुना ज्यादा भीड़, मौके पर प्रशासन नहीं, भीड़ मैनेजमेंट का इंतजाम नहीं, भीषण गर्मी से बचने का कोई उपाय नहीं, कोई मेडिकल टीम नहीं, घटना के बाद एंबुलेंस नहीं, मदद के लिए फोर्स नहीं, अस्पताल में डॉक्टर और सुविधाएं नहीं... लापरवाहियों की इतनी लंबी लिस्ट लेकिन किसी की कोई जवाबदेही नहीं।

# सत्संग में कासगंज से गए सैकड़ों लोग, 9 की मौत


घटनास्थल पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- गांव में शव पहुंचते ही मृतको के परिवार में मचा कोहराम
- गांव में पसरा सन्नाटा, परिवार में मचा चीत्कार

**अमृत विचार :** सूट-बूट वाले बाबा साकार विश्व हरि के सत्संग में जिले से सैकड़ों लोग गए थे, जिनमें से मरने वालों की संख्या नौ हो गई है। आज बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव पैतृक गांव पहुंचे।

हाथरस जिले के तहसील सिकंदराऊ क्षेत्र के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में भोले बाबा का मंगलवार को सत्संग था, जिसमें ढाई लाख लोग शामिल हुए थे। सत्संग सुनने के लिए जिले से सात सैकड़ा से अधिक महिला पुरुष पहुंचे थे। जिनमें से जिले के एक मासूम सहित नौ लोगों की कुचले जाने से मौत हो गई, 10 लोग घायल हो गए। दो लोगों को कासगंज जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

तीन का इलाज एटा में चल रहा है, जबकि पांच अलीगढ़ में भर्ती है। मौत की खबर कासगंज में आते ही परिजन अपनो की तलाश में संपर्क करने लगे। वह शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम गृह पहुंच गए और शवों में अपनों की तलाश की। इनके शव बुधवार सुबह गांव पहुंचे।

### ये हैं जिले के मृतक

- मीरा देवी (58) पत्नी प्रेम शंकर निवासी गोरहा
- सीमा (38) पत्नी सोनपाल निवासी नगला खजी थाना सोरों
- सोमवती (60) पत्नी सत्य प्रकाश ग्राम प्यारमपुर थाना पटियाली
- रेवती देवी (64) पत्नी छोटेलाल ग्राम प्यारमपुर थाना पटियाली
- प्रियंका (20) पुत्री रामसेवक जाति जाटव निवासी बहोटा
- युवंश (5) पुत्र प्रेम सिंह निवासी नोरथा थाना कोतवाली कासगंज
- मीनू देवी (45) पत्नी मदनपाल सिंह निवासी सलेमपुर पीरौंदा
- मुन्नी देवी (52) पत्नी तोताराम निवासी बलराम थाना ढोलना
- सुदामा (65) पत्नी महावीर सिंह जाति जाटव निवासी सादिकपुर

# बाबा करता है दूध से स्नान, अनुयायियों में बांटता है दूध

संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** भोले बाबा को उसके अनुयायी भगवान विष्णु का अवतार मानते हैं। अगर सेवादारों की मानें तो भोले बाबा दूध से स्नान करता है। स्नान के बाद वह दूध प्रसाद के रूप में अनुयायियों के बीच बांट दिया जाता है। उनके साथ रहने वाली महिला सेवादार उसके चमत्कार का प्रसार कर लोगों को उसका अनुयायी बनने के लिए प्रेरित करती है।

भोले बाबा के नाम से विख्यात सूरजपाल जिले की तहसील पटियाली के गांव बहादुरनगर का निवासी है। बाब बनने के बाद वह अपने अनुयायियों के बीच अध्यात्मक गुरु ही नहीं बल्कि विष्णु के अवतार के रूप में पूजा जाने लगा है। शहर में उसका कई बार समागम हुआ। सत्संग के दौरान एक बार हुए साक्षात्कार के लिए उसके अनुयायियों ने एकांत में मुलाकात कराई। मुलाकात के दौरान महिला सेवादार ने बाबा के महिमा का गुणगान किया। उसने बताया कि बाबा दूध से स्नान करता है और प्रसाद के रूप में यह दूध अनुयायियों के बीच बांट दिया जाता है। महिला सेवादार ने बाबा की अंगुली की ओर देखने को कहा। आंखें बंद कर एक साथ खोलने की बात कही, लेकिन अंगुली पर कोई चमत्कार दिखाई नहीं दिया। इसी तरह महिला सेवादार ने बाबा के माथ्ये पर मध्य में निहारने को कहा। बाबा के माथे पर मणि जैसी चमक दिखाई देगी, लेकिन ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। जब सेवादार के दावे का प्रतिरोध किया तो वह चली गई। बाबा ने संदेश दिया कि मानव धर्म सत्य था, सत्य है और सत्य रहेगा। इसके बाद बाबा भी कक्ष से उठकर चला गया।



- महिला सेवादार करती हैं बाबा के चमत्कार का प्रसार
- हाथों में चक्र तो कभी माथे पर दिखाई देती है मणि सी चमक

### नौकरी के दौरान दीवारों पर सिर पटकने लगा था सूरजपालः सोनकली

**कासगंजअ।** सूरजपाल सिंह उर्फ भोले की बहन सोनकली के अनुसार उनका भाई पुलिस में नौकरी करता था, लेकिन नौकरी के दौरान ही वह पागलों जैसी हरकत करने लगा। उस पर कोई ऊपरी शक्ति दिखाने लगी और वह दीवारों पर सिर पटकने लगा था। गांव में जब अमृत विचार की टीम पहुंची तो सोनकली घर पर थीं। उन्होंने पूरा वाक्या सुनाया। कहा कि सूरजपाल उनसे छोटा है, लेकिन उन्हें न अपनी उम्र के बारे में पता है और न ही यह पता है कि सूरजपाल कितनी उम्र का है। बहन ने कहा कि वह नौकरी के दौरान पागलों जैसी हरकत करने लगा। उसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी और दैवीय शक्ति पाने में जुट गया। धीमे–धीमे वह ईश्वर की आराधना करने लगा और भोले बाबा बनने का लक्ष्य तय किया। वह पढ़ी लिखी तो नहीं हैं, लेकिन इतना पता है कि उन्होंने अपनी आंखों से अपने भाई के चमत्कार देखे हैं। उनकी उंगली पर चक्र घूमता देखा है। ऐसा अपनी आंखों से देखकर अचंभित रह गईं। जब उनके पास कोई न कोई शक्ति है तभी तो लोग उनकी पूजा करते हैं और मन्नत मांगते हैं। यदि कोई शक्ति नहीं होती तो लोग क्यों पूजते। हाथरस वाली घटना को लेकर बहन ने कहा कि उन्हें कुछ पता नहीं यह सब कैसे हुआ है। उनका भाई काफी समय से गांव बहादुर नगर नहीं आया है।



- पागलों की तरह करता था हरकत, बाद में आ गई थी शक्ति
- भोले बाबा के नाम से देश भर में बनाई पहचान

### 1997 में यौन शोषण में जेल गया था बाबा

बाबा साकार विश्व हरि का जन्म कासगंज के बहादुर नगर में हुआ। वह पुलिस में भर्ती हुआ। बाबा ने इंटेलीजेंट टीम में सेवाएं दी। बाबा के खिलाफ 1997 में यौन शोषण का मुकदमा दर्ज हुआ है। वह जेल भी गया था। बाद में वह साकार विश्व हरि बाबा बनकर सत्संग करने लगा।

### 23 मई 2023 से नहीं आए हैं पैतृक गांव बाबा

गांव में बाबा का नाम सूरजपाल है। उनकी पत्नी का नाम कटोरी देवी है। सूरजपाल तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। इनसे छोटे भाई रामप्रसाद की मृत्यु हो चुकी है। तीसरे नंबर के भाई का नाम राकेश है। ये गांव में खेती करते हैं। सूरजपाल से बने साकार विश्व हरि बाबा अपने पैतृक गांव में बने आश्रम पर आखिरी बार 23 मई 2023 को आए थे हालांकि उनके आश्रम पर हर मंगलवार को लोगों की भीड़ लगती है।

### बाबा की गैर हाजिरी में भी लगती थी भीड़, वहां सन्नाटा

भोले बाबा का मुख्य आश्रम उनके पैतृक गांव पटियाली के गांव बहादुर नगर में है। वहां हमेशा भीड़ रहती है। बाबा आश्रम पर हों तब भीड़ ज्यादा होती है। भोले बाबा की बहन का कहना है कि प्रतिदिन लोग यहां से धूल और पानी ले जाते हैं, जिससे उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, आश्रम में सदैव रौनक रहती थी। हाथरस की घटना के बाद अब वहां सन्नाटा है।


आश्रम के बाहर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

### इटावा में दर्ज यौन शोषण का मामला

भोले बाबा उर्फ सूरज पाल जिन दिनों एलआईयू में इटावा में तैनात था। उस दौरान उसके ऊपर यौन शौषण की एफआईआर दर्ज हुई थी। ये बात करीब 1997 के आस पास की है। जब यौन शोषण के इल्जाम की वजह से सूरज पाल उर्फ एसपी सिंह को जेल तक जाना पड़ा था। सिर्फ इतना ही नहीं, बाबा भोले के खिलाफ अब तक पांच मुकदमें दर्ज हो चुके हैं जिनमें से एक –एक केस आगरा, इटावा, कासगंज, फर्रूखाबाद और राजस्थान के दौसा में दर्ज हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि पुलिस में होने के बावजूद जेल जाने के बाद ही एसपी सिंह उर्फ सूरज पाल सिंह जाटव का पुलिस महकमें की नौकरी से मोह भंग हो गया था और उसके बाद वीआरएस ले ली थी। अचानक 1998 में स्वैच्छिक सेवानिवृति यानी वीआरएस लेने के बाद एक रोज बाबा ने ऐलान कर दिया कि परमात्मा के साथ उनका साक्षात्कार हो गया और देखते ही देखते वो बाबा बन गए।

### बेटी का शव जिंदा करने का रचा था नाटक

आगरा के जिस मकान की चौखट पर लोग मत्था टेकना अपना सौभाग्य समझ रहे हैं उसी मकान में सूरज पाल सिंह ने बहुत पहले कानून को ठेंगा दिखाने की जुर्रत की थी। 29 साल पहले सूरज पाल सिंह को पुलिस ने इसलिए गिरफ्तार किया था गोद ली हुई बेटी के शव को दो दिन तक रखे रहे थे। जिंदा करने के जतन करने की अफवाह पर पहुंची पुलिस से बाबा ने कहा था कि ये मैं नहीं, मेरे अनुयायी कह रहे हैं। हालांकि, बेटी जिंदा नहीं हुई थी। दो दिन तक शव को घर में यह कहते हुए रखा रहा कि उसे जिंदा किया जा रहा है। इस पर उत्सुकतावश भीड़ जमा हो गई। पुलिस से भोले बाबा ने कहा था कि बेटी को जिंदा कर दूंगा, मेरा ऐसा कहना नहीं है, ये तो लोग मान रहे हैं। यहीं से भोले बाबा चर्चा में आ गए थे। हालांकि, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मल्ल का चबूतरा श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार करा दिया था।

## एक नजर

### राजकीय मेडिकल कॉलेजों में भेजे गए आठ शिक्षक

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय मेडिकल कॉलेजों के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत चयनित आठ शिक्षकों को कॉलेज ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक( डीजीएमई) किंजल सिंह ने बुधवार को चयनित शिक्षकों को संबन्धित कॉलेज में ज्वाइन करने के निर्देश जारी किए हैं।इन शिक्षकों में आब्स एंड गायनी विभाग में स्टेटिस्टिक एंड डेमोग्राफी विशेषज्ञ तीन शिक्षक हैं, इसके अलावा एनाटॉमी विभाग में दो, बायोकैमेस्ट्री विभाग में केमिस्ट( फार्माकोलॉजी) में एक, कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के दो शिक्षक बतौर एसिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर ज्वाइन करेंगे।नवचयनित शिक्षकों को प्राइवेट प्रैक्टिस प्रतिबन्धित होने के साथ ही अन्य निर्देश की जानकारी दी गई है।मालूम हो कि मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की भर्ती के लिए गत वर्ष अगस्त में लोकसेवा अयोग द्वारा सीधी भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी।

# प्रदूषित शहरों में क्रेडिट कार्ड के बराबर रक्त में घुला माइक्रोप्लास्टिक

जीशान कदीर, लखनऊ


प्रो. नवीन अरोड़ा


डॉ. अंजू वार्ष्णेय


डॉ. वेंकटेश दत्ता

**अमृत विचार :** देश के प्रदूषित शहरों में जीवों के रक्त में माइक्रोप्लास्टिक क्रेडिट कार्ड के वजन के बराबर पहुंच चुकी है। हालात ऐसे ही रहे, तो दो से ढाई दशक बाद लोगों को साफ पानी और सांस लेने के लिए लंबा संघर्ष तय करना पड़ सकता है। यह जानकारी बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विशेषज्ञ प्रोफेसर नवीन अरोड़ा ने दी है।

पर्यावरण संतुलन को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंबे समय से शोध कर रहे प्रोफेसर नवीन अरोड़ा ने बताया कि कि अंतरराष्ट्रीय डाटा के अनुसार, देश में केवल 23 फीसद ही प्लास्टिक रीसाइक्लिंग हो पा रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण क्षमता की विफलता को दर्शा रहा है। ऐसे में शेष प्लास्टिक के सूक्ष्म कण के रूप में तेजी से हवा और पानी के सहारे शरीर में प्रवेश कर रक्त में घुल रहे हैं। ये उन स्थानों पर अधिक है, जहां वायु और जल में प्रदूषण अधिक है। यहां जीवों के शरीर में रक्त के भीतर इनका वजन क्रेडिट कार्ड के बराबर हो चुका है। हालात ऐसे ही रहे, तो 20-25 साल बाद नई पीढ़ियों को जन्म लेते ही कैंसर, लीवर, त्वचा रोग और श्वास संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है।

### प्रदेश में कचरा प्रबंधन की स्थिति

पेयजल और स्वच्छता विभाग के जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश के 97,640 गांव में 8.83 प्रतिशत ही प्लास्टिक कचरा प्रबंधित किया जा सका है। अन्य गांव की नालियों और कूड़े के ढेरों में अपनी जगह बना चुका है। देश में प्लास्टिक कचरा उत्सर्जन में प्रदेश महज पांच प्रतिशत है।

### उत्पादन में लगे रोक आमजन आगे आएं

एक पहल मुस्कुराहट की संस्थापक डॉ. अंजू वार्ष्णेय का कहना है कि प्लास्टिक पर रोक लगानी है तो उत्पादन कर रही कंपनियों पर प्रतिबंध लगाना होगा। प्लास्टिक के नुकसान से बचने के लिए आमजन को आगे आना होगा। इसके लिए प्लास्टिक की जगह कपड़े और कागज के थैलों का उपयोग कारगर है।

### शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) की स्थिति

| जनपद का नाम | स्थिति | एक्यूआई | पीएम 2.5 |
|---|---|---|---|
| आगरा | खराब | 116 | 76 |
| बहराइच | बेहतर नहीं | 72 | 22 |
| इटावा | खराब | 134 | 49 |
| फैजाबाद | बेहतर नहीं | 93 | 38 |
| गाजियाबाद | बेहतर नहीं | 98 | 34 |
| गोरखपुर | बेहतर नहीं | 77 | 24 |
| कानपुर | बेहतर नहीं | 71 | 22 |
| लखनऊ | खराब | 108 | 41 |
| मुरादाबाद | बेहतर नहीं | 86 | 30 |
| पीलीभीत | बेहतर नहीं | 57 | 15 |
| रामपुर | बेहतर नहीं | 66 | 19 |
| शाहजहांपुर | बेहतर नहीं | 57 | 15 |
| सीतापुर | बेहतर नहीं | 89 | 30 |

### नदियों को दूषित कर रहे अपशिष्ट

शासन द्वारा बनी गंगा समिति के सदस्य और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वेंकटेश दत्ता ने बताया है कि आवास और शहरी मामले की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में रोजाना 26 हजार टन से अधिक प्लास्टिक युक्त कचरे का उत्पन्न हो रहा है। जिसमें से 9400 टीडीपी अग्रसारित होकर जल धाराओं और भूजल संसाधनों को प्रदूषित कर रहा है। इसका सीधा असर जलीय जंतु और पौधों पर पड़ने लगा है।

# आलू का बाजार भाव स्थिर रहे जमाखोरों पर कार्रवाई होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▶▶ उद्यान मंत्री ने फतेहपुर, रायबरेली और कौशाम्बी में निजी शीतगृहों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार:** उद्यान राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने सभी उद्यान अधिकारियों एवं उद्यान उप निदेशकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में संचालित निजी शीतगृहों का नियमित निरीक्षण कर बिचौलियों द्वारा आलू की जमाखोरी (डम्पिंग) को नियंत्रित करें।

साथ ही शीतगृहों से आलू की पर्याप्त निकासी और मण्डियों में इसकी सतत आवक सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए जाये, जिससे प्रदेश के बाहर अन्य प्रदेशों में आलू की आपूर्ति के नाम पर खरीद फरोक्त पर अंकुश लगाया जा सके। जमा खोरी करने वाले व्यक्ति के साथ-साथ संबंधित शीतगृह स्वामी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

उद्यान मंत्री ने बुधवार को फतेहपुर, रायबरेली और कौशाम्बी में संचालित निजी शीतगृहों का स्थलीय औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शीतगृह स्वामी एवं प्रबन्धकों से कहा कि मण्डियों में आलू की आवक और इसके बाजार भाव पर नियमित नियंत्रण आवश्यक है। इसके लिए शीतगृहों से आलू की निकासी को सुनिश्चित करना और मण्डियों में इसकी सतत आपूर्ति बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि आलू का बाजार भाव स्थिर रहे, इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी। किसी भी हाल में किसानों एवं उपभोक्ताओं का अहित नहीं होने दिया जायेगा।

# अभिभावक गंवाने वाले बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा लेगी सरकार

## घायलों का हाल जानने और घटना को समझने हाथरस पहुंचे मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ जहां पढ़ रहे हैं वहीं व्यवस्था करेगी सरकार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हाथरस की भगदड़ में जो निर्दोष लोग शिकार हुए हैं उनके बच्चों को हम लोग उप्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पढ़ाई की व्यवस्था कराएंगे। वो जिन भी स्कूलों या संस्था में पढ़ रहे होंगे, व्यवस्था राज्य सरकार करेगी।

बुधवार को घायलों का हाल जानने और घटना को समझने हाथरस पहुंचे मुख्यमंत्री ने स्थानीय मीडिया से बात की। उन्होंने जानकारी दी कि, मैंने आज हाथरस में और सिकंदराराऊ के घटनास्थल का भी दौरा किया। हालांकि, काफी बारिश थी, लेकिन इसके बावजूद वहां जाकर के हादसे के कारणों की प्रारंभिक व्यवस्था को देखने का प्रयास किया। हमारे तीन मंत्री और मुख्य सचिव व डीजीपी यहां हादसे के बाद से ही कैंप कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण भी यहां पर कैंप करते हुए इस घटना के लिए जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने की दिशा में काम कर रहे हैं।


मीडियाकर्मियों से बात करते मुख्यमंत्री योगी साथ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

### घटना को लेकर की समीक्षा बैठक

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस पुलिस मुख्यालय में पूरे घटनाक्रम को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें घटना से जुड़ी एक-एक महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्हें पूरे क्षेत्र के विषय में विस्तार से बताया गया। उन्होंने पूरी घटना को लेकर पुलिस की ओर से प्रस्तुतिकरण को भी देखा और उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान योगी के साथ मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, असीम अरुण, संदीप सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार समेत अन्य अधिकारीगण और स्थानीय विधायक शामिल रहे।

### राजनीति करना विपक्ष की प्रवृत्ति

लखनऊ। विपक्षी नेताओं द्वारा हादसे पर आ रही सरकार विरोधी प्रतिक्रियाओं को लेकर योगी ने कहा कि कुछ लोगों की यह प्रवृत्ति होती है कि इस प्रकार की दुखद और दर्दनाक घटनाओं में भी वो राजनीति ढूढ़ते हैं। ऐसे लोगों की फितरत है चोरी भी और सीनाजोरी भी। यह हर व्यक्ति जानता है कि कथावाचक सज्जन के फोटो किसके साथ हैं। उनके राजनीतिक संबंध किसके साथ जुड़े हुए हैं। आपने देखा होगा कि पिछले दिनों रैलियों के दौरान इस तरह की भगदड़ कहां मचती थी और कौन उसके पीछे थे। मुझे लगता है कि इन सबकी तह में जाना आवश्यक है।

# तय परीक्षा शुल्क से अधिक नहीं ले सकते स्कूल

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार :** निजी विद्यालय बोर्ड की ओर से निर्धारित से अधिक परीक्षा शुल्क से नहीं ले सकते। ऐसा करने पर उस विद्यालय प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूल की मान्यता भी निरस्त की जा सकती है। यह बात माध्यमिक शिक्षा परिषद में सचिव का पदभार ग्रहण करने के बाद भगवती सिंह ने अमृत विचार से खास बातचीत में कही।

उन्होंने कहा अभिभावकों से यदि ज्यादा शुल्क की मांग होती है तो वह सीधे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बोर्ड की ओर से निर्धारित परीक्षा शुल्क का पूरा विवरण बोर्ड की वेबसाइट www.upmsp.edu.inपर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षकों को भी ध्यान रखना होगा कि निजी स्कूल मनमानी न कर सकें।


पदभार ग्रहण करने के दौरान पूर्व सचिव के साथ नवनियुक्त सचिव भगवती सिंह।

**अमृत विचार खास बातचीत**

▶▶ प्रबंधक पर होगी कार्रवाई, स्कूल की मान्यता भी हो सकती है निरस्त : भगवती सिंह

### 1500 रुपये तक वसूला जाता है टीसी शुल्क

निजी विद्यालय टीसी का शुल्क भी 1000 से 1500 रुपये तक वसूल रहे हैं। जबकि बोर्ड में टीसी का शुल्क 100 रुपये ही निर्धारित है। टीसी पर काउंटर हस्ताक्षर के नाम पर ये शुल्क वसूला जाता है। जिसकी कई बार शिकायत भी हो चुकी है।

### 500 का 5 हजार रुपये वसूलते हैं निजी स्कूल

निजी विद्यालय बोर्ड की ओर से निर्धारित शुल्क से 10 गुना अधिक परीक्षा शुल्क वसूलते हैं। सत्र 2024-25 में परीक्षा शुल्क हाईस्कूल के लिए 500 से 700 रुपये और इंटरमीडिएट के लिए 600 से 800 रुपये है।

### 10वीं का परीक्षा शुल्क

संस्थागत 500.75 रुपये
क्रेडिट सिस्टम 200.70 रुपये
व्यक्तिगत 706 रुपये
क्रेडिट सिस्टम 306 रुपये
अतिरिक्त विषय 206 रुपये

### 12वीं का परीक्षा शुल्क

संस्थागत 600.75 रुपये
व्यावसायिक 600.75 रुपये
व्यावसायिक अनुत्तीर्ण 806 रुपये
अतिरिक्त विषय 206 रुपये

## 200 बसों के चार्जिंग प्वाइंट और पार्किंग के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रयागराज महाकुंभ-2025 में 3.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के रोडवेज बसों से पहुंचने का अनुमान है। इन श्रद्धालुओं को कुंभ नगरी तक लाने और वापस घर पहुंचाने के लिए उप्र. रोडवेज 7550 बसों का संचालन करेगा। राज्य के 19 रोडवेज परिक्षेत्र के 112 डिपो के 75 जिला मुख्यालयों से ये बसें चलाई जाएंगी। इनके लिए 9 अस्थाई बस स्टेशन का निर्माण शहर में किया जा रहा है ताकि शहर के अंदर जाम की स्थिति न बने और भीड़ की वजह से बसों का संचालन भी प्रभावित न हो।

इनके निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अस्थाई बस स्टेशन के अलावा नगरीय परिवहन सेवा की 200 इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग पॉइंट बनाने के लिए तीन स्थानों पर भूमि का अधिगृहण किया जा रहा है। जिन तीन स्थानों को इसके लिए चुना गया है उसमें फाफामऊ, त्रिवेणीपुरम गेट और नेहरू पार्क शामिल हैं।

उप्र. रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक एम के त्रिवेदी बताते हैं कि महाकुंभ में कुंभ मेला क्षेत्र में 550 शटल बसों का भी संचालन होगा जो शहर और मेला क्षेत्र में संचालित होंगी।

## स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को निःशुल्क यात्रा करायेगा परिवहन निगम

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से संचालित बसों में लोकतंत्र सेनानियों के पात्र आश्रितों के लिए निःशुल्क यात्रा अनुमन्य कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान अधिनियम 2016 के तहत यह व्यवस्था थी कि लोकतंत्र सेनानियों की मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारियों को परिवहन निगम की ओर से निःशुल्क यात्रा करायेगी। इस संबंध में अलग से किसी शासनादेश किये जाने का औचित्य नहीं है। आगे परिवहन मंत्री ने बताया कि लोकतंत्र सेनानियों की मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारियों को जिलाधिकारी की ओर से जारी परिचय पत्र के आधार पर पात्र आश्रित को निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था रहेगी।

# सहारा इंडिया ग्रुप के छह ठिकानों पर छापे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को सहारा इंडिया समूह के लखनऊ और कोलकाता स्थित छह ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई समूह की कोलकाता स्थित चिटफंड सोसायटी हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी में वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में की गई। कार्रवाई में ईडी के 80 अधिकारी और कार्मिक शामिल रहे। इस दौरान भवन में मौजूद समस्त सहारा कर्मियों के फोन भी जमा करा लिए गए।

ईडी के अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई ईडी की कोलकाता इकाई ने लखनऊ इकाई के अधिकारियों की सहायता से की। बताते चलें कि पिछले कई वर्षों के दौरान सोसायटी द्वारा भोले-भाले निवेशकों से कथित तौर पर 25,000 करोड़ रुपये एकत्र किए गए और कथित तौर पर इस पैसे को डायवर्ट किया गया। निवेशकों का पैसा वापस न करने की कई शिकायतों के बाद ईडी ने मामले की जांच शुरू की है। सहारा समूह के निवेशकों का पैसा वापस करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पहल में हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के साथ-साथ लखनऊ स्थित सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी और भोपाल स्थित सहारायन यूनिवर्सल मल्टी-पर्पज सोसाइटी लिमिटेड भी शामिल हैं। विस्तृत जानकारी देते हुए




▶▶ प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने की कार्रवाई

▶▶ कार्रवाई के दौरान सहारा कर्मियों के फोन किए जब्त

### टीम में शामिल थे 80 सदस्य

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों समेत 80 से अधिक लोगों वाली ईडी टीम ने सुबह आठ बजे से लखनऊ के कपूरथला चौराहे पर सहारा के कॉरपोरेट कार्यालय में तलाशी की कार्यवाही शुरू की। उन्होंने बताया कि कार्यालय में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है और कार्यालय में मौजूद कुछ कर्मचारियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं, क्योंकि वे कार्यालय में तलाशी की सूचना मिलने के बाद अपने वरिष्ठ अधिकारियों को फोन करने लगे थे। उन्होंने बताया कि ईडी टीम ने इन सोसायटियों से जुड़े कई दस्तावेजों को स्कैन किया और आगे की जांच के लिए कुछ दस्तावेजों को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि लखनऊ और कोलकाता के पांच अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि इस सोसायटी में 15 विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निवेशक हैं और देश भर में इसके करीब 3500 केंद्र और 75 प्रशासनिक कार्यालय हैं।

## वर्ग पहेली-120

**बाएं से दाएं**

3. 1. नज़रबंद होने की स्थिति 2. इंद्रजाल
5. 1. पीला रंग 2. वृक्ष की छाल 3. चंपक 4. कनेर 5. केसर 6. पुष्पराज 7. इंद्र 8. गरुड़ 9. मिश्रित या उपधातु जिससे घंटे बनाए जाते हैं 10. दीप 11. मेंढक 12. चकवा, चक्रवाक पक्षी 13. हरताल 14. कुसुम 15. पीला मूंगा 16. पीला खस।
6. 1. किसी घटना या बात की दबी हुई चर्चा, अस्पष्ट चर्चा, कानाफूसी 2. उड़ती हुई ख़बर 3. टोह।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. षड्यंत्र, छल 2. किसी को संकट में डालने के लिए बनाई जाने वाली योजना 3. किसी को हानि पहुंचाने के लिए होने वाली गुप्त कार्यवाही, (प्लॉट)।
2. 1. वक्ता, बोलने वाला 2. मुकदमा दायर करने वाला 3. फ़रियादी 4. किसी वाद से संबंध रखने वाला।
3. 1. उमदा या नफ़ीस होने की अवस्था या भाव 2. मृदुलता, कोमलता 3. सुंदरता, अच्छाई 4. स्वच्छता, सफ़ाई 5. निर्मलता।
4. 1. काला सेमल 2. सफ़ेद सहिजन 3. करंज का वृक्ष 4. गोरोचन।
5. स्त्रियों के लिए उनके माता-पिता के घर के सदस्य, मायके के लोग।
6. जिसे सुख मिल रहा हो, सुखयुक्त, सुखपूर्ण, प्रसन्न, ख़ुशहाल।




### वर्ग पहेली-119 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | नो | नि | यो | ग | |
| न | | | | | 2 सौं |
| शा | | 3 तुं | | | फी |
| | 4 रं | ग | रे | ज़ी | |
| 5 प | | ता | | | 6 क |
| र | | | | | त |
| जा | | 7 खैं | गा | ल | ना |

## सुडोकू-33

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | 4 | | 8 | | |
| 2 | | | | 1 | | | 7 | |
| 5 | | 8 | 2 | | | 1 | | |
| 9 | | | 5 | | | 7 | | 8 |
| | 1 | | 9 | | 4 | | 6 | |
| 4 | | 2 | | | 6 | | | 3 |
| | | 6 | | | 3 | 2 | | 7 |
| | 9 | | | 7 | | | | 1 |
| | | 5 | | 6 | | | | 4 |

### सुडोकू-32 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 1 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 5 | 6 | 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 |
| 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 |
| 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 | 2 | 4 |
| 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 8 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 05.54 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 5 जुलाई 04.57 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 05 जुलाई 03.54 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज बिजनेस में आपको अपनी योजनाओं के समय रहते सुध-बुध लेनी होगी, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। आप अपने भविष्य को लेकर कुछ निवेश कर सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए अच्छा लाभ लेकर आएगा।

**वृष** — आज आप किसी बात को लेकर तनाव रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। मन में उलझन रहने के कारण कुछ विचलित रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोग कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचें, नहीं तो समस्या हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन** — आज आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम के होने के योग बनते दिख रहे हैं। यदि आप किसी से कोई वादा करें, तो आप उसे समय रहते पूरा करें।

**कर्क** — आज आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं और आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। किसी काम में मन मुताबिक लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**सिंह** — आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए यदि सोच विचार कर रहे थे तो उसमें विघ्न आ सकता है। आपको परिवार के सदस्यों को किसी पिकनिक आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आपके खर्च बढ़ने से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — आज आपको अपनों के साथ तालमेल बनाए रखना होगा। पार्टनरशिप में कोई काम करने से आपको पार्टनर पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी, नहीं तो वह आपके साथ कोई धोखा कर सकता है। अपने सहयोगियों से मन की बात को कहने का मौका मिलेगा।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपका मन प्रसन्नता रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

**वृश्चिक** — आज परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने के कारण आपको मेहनत अधिक करनी होगी। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को साथी की बातों को सुनकर उन पर ध्यान देना होगा।

**धनु** — आज वाहनों का प्रयोग बहुत ही सावधान रहकर करना चाहिए। आपका कोई कानूनी विवाद आपको परेशान करेगा, जिसमें आपको धन खर्च अधिक करना पड़ेगा। बिजनेस में भी आपको नुकसान होने के योग बनते दिख रहे हैं, इसलिए आप बहुत ही सोच विचार कर कदम बढ़ाएं।

**मकर** — आज का दिन व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपके लिए गए निर्णय बेहतर साबित होंगे। आप संतान के करियर को लेकर चिंतित रहेगे और आपकी वह चिंता भी दूर होगी। अपनी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**कुंभ** — आज आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। किसी पुराने वाद विवाद से छुटकारा मिलेगा। आपकी संतान को शारीरिक कष्ट होने के कारण आप परेशान रहेंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोग कोई बड़ा निवेश कर सकते हैं।

**मीन** — आज आपको किसी विशेष व्यक्ति के मिलने से अच्छा लाभ मिलने की शुरुआत संभावना है। बिजनेस में आप किसी नई योजना की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोग किसी पार्ट टाइम कार्य को करने की योजना बनाएंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
प्लेटफॉर्म — सुबह : 09.00
बादशाह — रात : 09.00

&pictures
केदारनाथ — सुबह : 10.44
तनु वेड्स मनु रिटर्न्स — रात : 08.00

Sony Pix
द डार्क नाईट राइसेस — सुबह : 09.02
क्लैश ऑफ द टाइटंस — रात : 07.10

Zee Cinema
हम आपके हैं कौन — दोपहर : 12.44
पाथु थाला — रात : 08.00

Colors Cineplex
सनम बेवफा — सुबह : 08.29
जुग जुग जियो — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.44 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़के की बाइक से स्कूटी वाली लड़की की टक्कर हो गई।
भीड़ ने लड़के को खूब मारा और बुरी तरह पीटा, फिर लड़की और उसकी स्कूटी को उठाया।
एक आदमी लड़की से- आपको लगी तो नहीं?
लड़की - नहीं, ये तो मेरा रोज का काम है, स्कूटी सीख रही हूं ना।

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अर्रेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी- जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 925 फ्लैग 1035 डीएमओ 825 बोल्ड 1100, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 920 फ्लैग 1070 बोल्ड 1120 डीएमओ 840।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2410 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 11000-11500 |
| उड़दकाला | 8000-9000 |
| मूंग | 7800-8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16300-16400 |
| अरहरस्पेशल1 | 14100-14200 |
| चनादाल | 7750-7900 |
| मटरदाल | 4550-4650 |
| मसूरमलका | 7200-7250 |
| मसूरदाल | 7400-7450 |
| उड़ददाल | 9000- 13300 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 8100-9700 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1460 |
| मैदा | 1380-1460 |
| सूजी | 1440-1460 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1380-1450 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# भारत में गरीबी घटकर 8.5 प्रतिशत पर आई

## आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर की ओर जारी शोधपत्र में कही गई बात

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर के एक शोधपत्र में कहा गया है कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में गरीबी वित्त वर्ष 2011-12 के 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई।

नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड एकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के एक शोधपत्र में भारत मानव विकास सर्वेक्षण (आईएचडीएस) की हाल ही में पूरी हुई तीसरी श्रृंखला के आंकड़ों के साथ पहली और दूसरी श्रृंखला के आंकड़ों का भी इस्तेमाल किया गया है। यह शोधपत्र बदलते समाज में सामाजिक सुरक्षा दायरा पर पुनर्विचार पर केंद्रित है। शोधपत्र कहता है कि 2004-2005 और 2011-12 के बीच गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई और यह 38.6 प्रतिशत से घटकर 21.2 प्रतिशत रह गई। महामारी से पैदा हुई चुनौतियों के बावजूद इसमें गिरावट का सिलसिला जारी रहा और यह 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई। शोधपत्र के मुताबिक, आर्थिक वृद्धि और गरीबी की स्थिति में कमी से एक गतिशील परिवेश पैदा होता है जिसके लिए कारगर सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की जरूरत होती है। सामाजिक बदलाव की रफ्तार के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को बनाए रखना भारत के लिए एक प्रमुख चुनौती होगी। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने कुछ महीने पहले कहा था कि नवीनतम उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि देश में गरीबी घटकर पांच प्रतिशत रह गई है और ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों के पास पैसे आ रहे हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने फरवरी में वर्ष 2022-23 के लिए घरेलू उपभोग व्यय के आंकड़े जारी करते हुए कहा था कि 2011-12 की तुलना में 2022-23 में प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू व्यय दोगुने से भी अधिक हो गया है।

### भारत पर फिलहाल स्थिरता की समस्या नहीं: पूनम



एनसीएईआर की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि भारत का सार्वजनिक ऋण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 82 प्रतिशत के बराबर है, लेकिन उच्च वृद्धि दर तथा भारतीय मुद्रा में ऋण अधिक होने से देश को ऋण स्थिरता की समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। एनसीएईआर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि भारत का उच्च ऋण स्तर फिलहाल सतत है, क्योंकि वास्तविक या नाममात्र जीडीपी अधिक है और अधिकतर कर्ज रुपये में है। गुप्ता ने कहा कि कुल ऋण में से एक तिहाई राज्यों के पास है। सामान्य स्थिति में, अगले पांच वर्षों में उनके ऋण स्तर में और वृद्धि ही होगी। उन्होंने कहा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में ऋण-जीडीपी अनुपात 50 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

## सोशल मीडिया मंच 'कू' होगा बंद, संस्थापकों ने अलविदा कहा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'ट्विटर' (अब एक्स) को एक समय टक्कर देने वाला घरेलू सोशल मीडिया मंच 'कू' अब बंद होने जा रहा है। इसके सह-संस्थापकों ने 'कड़े फैसलों' के बारे में जानकारी देते हुए एक भावुक 'नोट' लिखा और इसे अलविदा कहा। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में मंच के सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिदावतका ने घोषणा की कि मंच जनता के लिए अपनी सेवाएं बंद कर देगा। कई बड़ी इंटरनेट कंपनियों, समूहों और मीडिया घरानों के साथ साझेदारी के लिए बातचीत से वांछित परिणाम नहीं निकले। उन्होंने लिखा है, हमने कई बड़ी इंटरनेट कंपनियों, समूहों तथा मीडिया घरानों के साथ साझेदारी की संभावना तलाशी, लेकिन इन वार्ताओं से वह परिणाम नहीं निकला जो हम चाहते थे।

# अभी दशहरी आम के निर्यात की शुरुआत है, आगे और संभावना




मलिहाबाद में इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट प्रोडेक्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **जर्मन राजदूत ने यूरोपीय देशों में लागत कम करने के लिए जलमार्ग से निर्यात का दिया सुझाव**
- **सचिव कृषि और किसान कल्याण विभाग के साथ मलिहाबाद में बागवानों को किया प्रोत्साहित**

**अमृत विचार:** जर्मनी से मलिहाबादी दशहरी आम के निर्यात की शुरुआत हुई है आगे और यूरोपीय देशों में संभावना है। लेकिन, वायुमार्ग का खर्च अधिक है, जो कम करने के लिए आम जलमार्ग से प्रोटोकाल के तहत भेजा जाए तो सस्ता पड़ेगा। यह बातें जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन ने बुधवार को मलिहाबाद के आम के बागों का निरीक्षण करते हुए कही।

इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट (एएमडी) प्रोडेक्ट की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन, अतिरिक्त सचिव, कृषि और किसान कल्याण विभाग फैज अहमद किदवई के साथ शामिल हुए। उन्होंने सबसे पहले एएमडी के डिप्टी टीम लीडर प्रत्यूष रंजन, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय के उपनिदेशक डॉ. सुग्रीव शुक्ला व सहायक निदेशक संजय कुमार के साथ बागों का निरीक्षण किया। एक बाग में मैंगो हारवेस्टर से आम तोड़ा और बागवानों से पैदावार के तरीके, गुणवत्ता, लागत, बिक्री आदि तरीके पूछे। इसके बाद कार्यक्रम में इरादा फार्मर्स प्रड्यूसर कंपनी (एफपीओ) के 10 बागवान और समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया। जिन्होंने पहली बार 14 जून को जर्मनी आम का विश्वस्तरीय ग्लोब गैप सर्टिफिकेट लेकर निर्यात किया था।

इसके बाद डॉ. फिलिप एकरमैन ने अधिकारियों के साथ निर्यात पर चर्चा की। कहा जर्मनी से निर्यात की शुरुआत हुई है। यूरोपीय देशों में आगे और संभावना है। लेकिन, वायुमार्ग से जो आम गया वह 600 रुपये किलो पड़ा। वायुमार्ग में खर्च अधिक है इसे कम करने के लिए जलमार्ग से प्रोटोकॉल का पालन करते हुए भेजा जाए तो दाम कम होंगे। अधिकारियों ने इस सुझाव पर सहमति जताई। इस दौरान खाद्य और कृषि विभाग की प्रमुख काउंसलर इंगेबोर्ग बेयर और जर्मन दूतावास नई दिल्ली के प्रवक्ता कैस्पर मेयर भी रहे।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000-55,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,400 |
| चांदी पक्की | 885 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,600 |
| चांदी आभूषण | 89,400। |

## जीएसटी परिषद के संशोधनों को वित्त विधेयक में शामिल किया जाएगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि पिछले महीने जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों को इस महीने के अंत में बजट के साथ संसद में पेश किए जाने वाले वित्त विधेयक में जगह दी जाएगी। अग्रवाल ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पर एनएसीआईएन-भोपाल के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में कुछ वस्तुओं और सेवाओं पर दर को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव रखा गया था।

# एआई को लेकर शीघ्र शुरू होगा मिशन : वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी



सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के हाल के चुनाव में हुए दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए आज कहा कि शीघ्र ही एआई को लेकर मिशन शुरू किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बुधवार को यहां ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में कहा-हाल के आम चुनावों में, हमने देखा है कि गलत सूचना, भ्रामक जानकारी और फर्जी खबरें कितना बड़ा खतरा हो सकती हैं। एआई की शक्ति से यह खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यह ऐसा कुछ नहीं है जो केवल हम अनुभव कर रहे हैं, पूरी दुनिया ने इसका अनुभव किया है। हर समाज और सरकार एआई पर आधारित नए जोखिमों के उभरने से एक ही खतरा महसूस कर रही है। सोसायटी बहुत ही व्यवस्थित और सोच-समझकर जवाब दे रहा है।

उन्होंने कहा-जैसा कि हम एआई की क्षमता को देखते हैं, हमें सामूहिक रूप से एक रास्ता निकालने की भी जरूरत है, और हमें प्रौद्योगिकी पर क्या सीमाएं लगाने की जरूरत है, इसे हमारे सामाजिक और लोकतांत्रिक संस्थानों के साथ कैसे ठीक से एकीकृत किया जा सकता है, इस पर विचार करने की आवश्यकता है। वैष्णव ने इसके बाद आने पर कहा-भारत एआई के लिए वैश्विक भागीदारी की अध्यक्षता कर रहा है। इस पूरे वर्ष में, बहुत सारे कार्यक्रम हुए हैं, जहां एआई की क्षमता और जोखिमों को कम करने के लिए सोसायटी द्वारा उठाए जाने वाले संबंधित तकनीकी-कानूनी कदमों पर विचार-विमर्श किया गया है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### धनशोधन मामले में दो आरोपियों को नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक धनशोधन मामले में गिरफ्तार दो व्यक्तियों को जमानत देने से इनकार कर दिया है। इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमनातुल्ला खान भी कथित रूप से शामिल हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने आरोपियों जीशान हैदर और दाऊद नासिर की जमानत की अर्जियां यह कहते हुए खारिज कर दीं कि धनशोधन के तहत जमानत देने पर रोक लगाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवंबर, 2023 में इन दोनों ही आरोपियों को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति शर्मा ने एक जुलाई को जारी अपने आदेश में कहा कि जैसा कि आरोप है, अमानतुल्ला खान ने बेनामीदारों हैदर और नासिर के नाम पर अचल संपत्तियां उनके असली दाम को छिपाकर खरीदीं तथा उन्होंने क्रयमूल्य की राशि को भी छिपा लिया जो विक्रेता को नकद में भुगतान की गई।

### लद्दाख में 4.4 तीव्रता का आया भूकंप

**लेह/जम्मू।** लद्दाख में बुधवार को 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण जान-माल का नुकसान होने की फिलहाल कोई खबर नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप सुबह आठ बजकर 12 बजे मिनट पर आया था।

# आरोपी का त्वरित सुनवाई का अधिकार मौलिक है

## सुप्रीम कोर्ट ने जमानत अवधि कम करने के उड़ीसा हाईकोर्ट के आदेश की आलोचना की

नई दिल्ली,एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के उस आदेश को त्रुटिपूर्ण करार दिया है जिसमें स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को दी गई जमानत की अवधि दो महीने के लिए सीमित कर दी गई थी। फैसला सुनाते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आरोपी का त्वरित सुनवाई का अधिकार संविधान के अनुसार उसका मौलिक अधिकार है।

पीठ ने शीर्ष अदालत द्वारा पूर्व में पारित एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि यह अब पूरी तरह से स्थापित हो चुका है कि त्वरित सुनवाई के अधिकार को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है तथा यह जीवन और



व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से निकटता से जुड़ा हुआ है। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और उज्ज्वल भुइयां की अवकाशकालीन पीठ ने उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय में एक जमानत अर्जी दायर की थी तथा अदालत ने इस तथ्य पर गौर किया कि याचिकाकर्ता 11 मई 2022 से हिरासत में है और अब तक केवल एक गवाह से जिरह हुई है। पीठ ने कहा-इन परिस्थितियों में, उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने का आदेश देना उचित समझा, लेकिन केवल दो महीने की अवधि के लिए।'' शीर्ष अदालत ने एक जुलाई के आदेश में कहा-हमारे विचार से, यह एक त्रुटिपूर्ण आदेश है। यदि उच्च न्यायालय का मानना था कि याचिकाकर्ता के त्वरित सुनवाई के अधिकार का हनन हुआ होगा, तो उच्च न्यायालय को याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने का आदेश देना चाहिए था।

### कुकी समुदाय के एक व्यक्ति को अस्पताल नहीं ले जाने पर उच्चतम न्यायालय ने जताई नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर की एक जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी को महज अल्पसंख्यक 'कुकी' समुदाय से संबंधित होने के चलते इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले जाने के मामले का बुधवार को कड़ा संज्ञान लिया और नाराजगी जताते हुए कहा कि उसे राज्य (सरकार) पर भरोसा नहीं है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने लुनखोंगाम हाओकिप की याचिका पर सुनवाई करते हुए मणिपुर सरकार के खिलाफ सख्त टिप्पणियां कीं। याचिकाकर्ता का कहना है कि उसे बवासीर और तपेदिक है एवं उसकी पीठ में भयंकर दर्द है, इसके बाद भी जेल अधिकारी उसे अस्पताल नहीं ले गये। पीठ ने कहा-हमें राज्य पर भरोसा नहीं है।... आरोपी को बस इसलिए अस्पताल नहीं ले जाया गया क्योंकि वह कुकी समुदाय से है। बहुत दुखद। हम निर्देश देते हैं कि उसका अभी मेडिकल परीक्षण कराया जाए।

## ड्रेस कोड लागू करने के लिए मुंबई के कॉलेज के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**मुंबई।** शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक ने छात्रों को जींस और टी-शर्ट पहनने से रोकने के लिए मुंबई के एक कॉलेज के खिलाफ कार्रवाई करने की बुधवार को मांग की। चेम्बूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी के एन. जी. आचार्य एंड डी के मराठे कॉलेज ने 27 जून को एक नोटिस जारी कर छात्रों के फटी हुई जींस, टी-शर्ट, गरिमाहीन कपड़े तथा जर्सी या कोई ऐसी पोशाक पहनने पर रोक लगा दी, जो ''धर्म को प्रकट करती हो या सांस्कृतिक असमानता दर्शाती हो। इसमें कहा गया है कि छात्रों को कॉलेज परिसर में शालीन कपड़े पहनने चाहिए। सरनाईक ने विधानसभा में कहा कि कॉलेज द्वारा जारी नोटिस एक तालिबानी फतवा है। उन्होंने कहा कि 70-80 फीसदी से अधिक छात्र जींस और जैकेट पहनते हैं।

# केंद्रीय कैबिनेट की समितियों के सदस्यों के नाम का एलान

नई दिल्ली, एजेंसी

- **राजग के सहयोगी दलों के मंत्रियों को भी तरजीह**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बुधवार को विभिन्न मंत्रिमंडलीय समितियों का गठन किया, जिनमें सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक मामलों से संबंधित देश की सर्वोच्च निर्णायक समितियां शामिल हैं। समितियों में राजग के सहयोगी दलों के मंत्रियों को भी तरजीह दी गई है।

अधिसूचना के अनुसार, सुरक्षा मामलों से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस. जयशंकर शामिल हैं। आर्थिक मामला संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, वित्त मंत्री, विदेश मंत्री, सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी शामिल हैं। इस समिति में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पंचायती राज एवं मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी शामिल हैं।

मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, वित्त मंत्री, पंचायती राज मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार, नागर विमानन मंत्री किंजारापू राममोहन नायडू, आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओरांव, संसदीय मामलों के मंत्री किरण रीजीजू और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हैं।

## गैंगस्टर अबू सलेम ने जेल स्थानांतरण को उच्च न्यायालय में दी चुनौती

**मुंबई।** गैंगस्टर अबू सलेम ने बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर एक विशेष अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें नवी मुंबई की तलोजा जेल से नासिक केंद्रीय कारागार स्थानांतरित करने की योजना के खिलाफ उसकी अर्जी पिछले महीने खारिज कर दी गई थी। सलेम ने अपनी जान को खतरा होने का दावा करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। उसने दावा किया कि तलोजा जेल से दूसरी जेल में भेजने का फैसला उसे जान से मारने की ''साजिश'' है, क्योंकि उसे कुछ महीनों में रिहा किये जाने की संभावना है। सलेम की याचिका बुधवार को न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आने पर, पीठ ने कोई कारण बताये बिना इसकी सुनवाई से खुद को अलग कर लिया।

# संसद को बाधित करने की इजाजत नहीं दी जाएगी : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने बुधवार को दो टूक शब्दों में कहा कि विपक्ष को विधिसम्मत ढंग से हर मुद्दे पर चर्चा करने का पूरा पूरा मौका दिया जाएगा लेकिन उसे किसी भी बहाने से संसद को ठप करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं एल. मुरुगन के साथ यहां संसद भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र में सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच टकराव के बारे में एक सवाल के जवाब में रिजिजू ने कहा कि हमने पहले भी कहा है कि हम संविधान, नियमों एवं परंपराओं से बंधे हैं और इन्हीं के आधार पर संसद के दोनों सदन और देश चलाएंगे। उन्होंने कहा, "विपक्ष अगर सकारात्मक भूमिका निभाता है, तो अच्छी बात है। एक दूसरे की बात की आलोचना होती है, तो अच्छी बात है। पर सदन नहीं चलने देंगे, यह नहीं हो सकता। क्योंकि देश की सेवा करनी है, तो संसद को बंद नहीं कर सकते हैं। जबरदस्ती रोकने की कोशिश हो नहीं सकती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा-आपको विपक्ष में हमने नहीं, देश की जनता ने बिठाया है।

## तीन नए आपराधिक कानूनों के हिंदी और संस्कृत के शीर्षकों के खिलाफ कोर्ट में याचिका

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार को उस याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें एक जुलाई से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों के लिए केंद्र द्वारा हिंदी और संस्कृत भाषा में नामकरण को संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध घोषित करने का अनुरोध किया गया है। ये तीन अधिनियम हैं-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता। मुख्य न्यायाधीश आर. महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की खंडपीठ ने अधिवक्ता बी. रामकुमार आदित्यन द्वारा दायर जनहित याचिका पर आगे की सुनवाई 23 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। याचिका में केंद्र सरकार को तीन नए आपराधिक कानूनों के लिए अंग्रेजी में नामकरण करने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है।



गुरुग्राम में बुधवार को भारी बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे की जलभराव वाली सर्विस रोड से गुजरते वाहन। ● एजेंसी

## जालंधर में कांग्रेस, भाजपा के कई नेता आप में शामिल

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर पश्चिम विधानसभा उपचुनाव से पहले बुधवार को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी में शामिल हो गये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि विधान सभा क्षेत्र पश्चिमी जालंधर की जनता आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव नहीं होना चाहिये था, लेकिन पिछले विधायक लालची निकले और लोगों को धोखा दिया। आप में शामिल होने वालों में कांग्रेस नेता तरसेम लखोत्रा, अनमोल ग्रोवर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल लोश, भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेश मिंटू शामिल हैं।

# युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सिर मुंडवाए

नई दिल्ली, एजेंसी

### नीट यूजी विवाद

- **जंतर-मंतर पर जताया विरोध, नए कानूनों के तहत मामला दर्ज**

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के घटक दलों के छात्र सगठनों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी तथा कुछ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ बुधवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। उधर, कांग्रेस की युवा इकाई भारतीय युवा कांग्रेस ने भी इसी मुद्दे को लेकर अलग से विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने मोदी विरोधी नारे लगाए और विरोध स्वरूप अपने सिर मुंडवाए।

पिछले सप्ताह एनटीए कार्यालय में घुसने और उसके प्रवेश द्वार पर ताला और चेन लगाने के आरोप में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। बीते एक जुलाई को तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हुए। वाम समर्थित ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) सहित समाजवादी छात्र सभा और कांग्रेस की छात्र शाखा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के सदस्यों ने मार्च निकाला। छात्र समूहों के मार्च का उद्देश्य राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को खत्म करने, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और प्रवेश परीक्षाओं के विकेन्द्रीकरण की अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाना था।

### इंडिया यूथ फ्रंट 8 को करेगा विरोध प्रदर्शन

विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों की युवा शाखाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख छात्र समूह इंडिया यूथ फ्रंट ने बुधवार को कहा कि वह राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक की कथित घटनाओं के खिलाफ 8 जुलाई को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेगा। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि भारतीय युवा मोर्चा मेडिकल प्रवेश परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक की कथित घटनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगा और आगे की रणनीति 8 जुलाई को तय की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे।

